ఆంధ్రా బ్యాంక్
आन्ध्रा बैंक
Andhra Bank
భారతీయుల బ్యాంక్ देशवासियों का बैंक Where India Banks

हमारी विकास यात्रा का अनुपम मोड़
Our growth story takes a new turn



वार्षिक रिपोर्ट | Annual Report 2019-20

निदेशक मंडल BOARD OF DIRECTORS

जे पक्किरिसामी
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
J Packirisamy
Managing Director & Chief Executive Officer

कुल भूषण जैन
कार्यपालक निदेशक
Kul Bhushan Jain
Executive Director

अंजना दूबे
भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक
Anjana Dube
Govt. of India
Nominee Director

पी जे थामस
भा रि बैं द्वारा नामित निदेशक
PJ Thomas
RBI Nominee Director

बालगोपाल महापात्र
निदेशक
Balgopal Mahapatra
Director

ए कृष्ण कुमार
निदेशक
A Krishna Kumar
Director

जी शिव कुमार
निदेशक
G Siva Kumar
Director

ఆంధ్రా బ్యాంక్
आन्ध्रा बैंक
Andhra Bank
భారతీయుల బ్యాంక్ देशवासियों का बैंक Where India Banks

विषय सूची

हमारी प्रगति - एक नजर में	2
प्रमुख कार्य-निष्पादन अनुपात	4
शाखाओं का वर्गीकरण - जनसंख्या समूह वार	6
निदेशकों की रिपोर्ट	8
साचिविक लेखा परीक्षा रिपोर्ट	23
कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट	26
तुलन पत्र	56
लाभ व हानि खाता	57
तुलन पत्र के अंतर्गत अनुसूचियां	58
महत्व पूर्ण लेखा नीतियाँ	65
लेखों पर टिप्पणियां	72
नकदी प्रवाह विवरणी	102
स्वतन्त्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	104
समेकित तुलन पत्र	112
समेकित लाभ व हानि खाता	113
समेकित तुलन-पत्र के अन्तर्गत अनुसूचियां	114
समेकित वित्तीय विवरणों के लिए महत्वपूर्ण लेखा नीतियाँ	120
समेकित वित्तीय विवरणियों के लेखों पर टिप्पणियां	128
समेकित नकदी प्रवाह विवरणी	139
समेकित वित्तीय विवरणों पर स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	141
जोखिम प्रबंधन	149
व्यवसाय उत्तरदायित्व रिपोर्ट 2019-20	150

CONTENTS

Our Progress at a Glance	3
Key Performance Ratios	5
Classification of Branches - Population Group Wise	7
Directors' Report	161
Secretarial Audit Report	176
Corporate Governance Report	179
Balance Sheet	210
Profit and Loss Account	211
Schedules Forming Part of Balance Sheet	212
Significant Accounting Policies	220
Notes on Accounts	227
Cash Flow Statement	257
Independent Auditor's Report	259
Consolidated Balance Sheet	266
Consolidated Profit and Loss Account	267
Schedules Forming Part of Consolidated Balance Sheet	268
Significant Accounting Policies of Consolidated	274
Notes on Accounts to Consolidated Financial Statements	282
Consolidated Cash Flow Statement	293
Independent Auditor's Report on Consolidated Financial Statements	295
Risk Management	304
Business Responsibility Report 2019-20	305

लेखा परीक्षक / AUDITORS

अगरवाल एण्ड सक्सेना / AGARWAL & SAXENA

राय एण्ड कंपनी / RAY & CO.

संतोष गुप्ता व कंपनी / SANTOSH GUPTA & CO.

जी.एस. माधव राव व कंपनी / G.S. MADHAVA RAO & CO.

साचिविक / SECRETARIAL AUDITORS

डी. हनुमंत राजु एंड कंपनी / D. HANUMANTA RAJU & CO.

रजिस्ट्रार व शेयर अंतरण एजेंट

REGISTAR & SHARE TRANSFER AGENTS

मेसर्स एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लि.

मैसर्ज एमसीएस शेयर अंतरण एजेंट लिमिटेड (ईकाई: आन्ध्रा बैंक)

सी विंग, 209-ए, 2रा तल, गोकुल औद्योगिक इस्टेट
सगबौग, मरोल सहकारी औद्योगिक क्षेत्र बी/एच टाइमस स्केवयर
अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400 059

M/s. MCS share Transfer Agent Limited

Unit: Andhra Bank A-209, 'C' Wing, 2nd Floor, Gokul Industrial Estate,
Sagbaug, Marol Co-Op. Industrial Area, B/H Times Square,
Andheri (E), Mumbai - 400 059
Ph. No.: 022-28516020/23, Fax No.: 022-4020 6021

हमारी प्रगति - एक नजर में

(₹ करोड़ में)

वर्ष / मापदंड	1969 *	1980 **	मार्च -15	मार्च -16	मार्च -17	मार्च -18	मार्च -19	मार्च -20
शाखाओं की संख्या	155	627	2507	2803	2908	2911	2885	2874
कारोबार सुपुर्दगी चैनलों की संख्या	155	754	4782	6477	6875	6958	6687	6671
कर्मचारी संख्या	2163	7585	18525	18656	19383	19921	20346	20364
निवल लाभ	0.06	1	638	540	174	-3412	-2786	-1324
कुल जमा	52	666	155012	174302	195441	208070	219821	212609
निवल अग्रिम #	35	356	125955	130788	136846	164534	158823	157742
निवेश $	16	170	46719	54152	60130	66162	62953	63096
पूंजी	0.5	1	603	681	681	1199	2884	3096
रिजर्व एवं अधिशेष	0.4	4.9	9461	10313	10686	9619	10281	9132
कार्यकारी निधियां	58	708	185170	199962	222126	242171	249311	243871
प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम	-	128	45508	54545	61690	70121	78318	76441

प्रावधानों का निवल

$ मूल्यह्रास - पूर्व

* बैंकों के राष्ट्रीयकरण का वर्ष

** आन्ध्रा बैंक के राष्ट्रीयकरण का वर्ष

Our Progress at a Glance

(₹ Crore)

Year / Parameters	1969 *	1980 **	Mar-15	Mar-16	Mar-17	Mar-18	Mar-19	Mar-20
No of Branches	155	627	2507	2803	2908	2911	2885	2874
No of Business Delivery Channels	155	754	4782	6477	6875	6958	6687	6671
Staff Strength	2163	7585	18525	18656	19383	19921	20346	20364
Net Profit	0.06	1	638	540	174	-3412	-2786	-1324
Total Deposits	52	666	155012	174302	195441	208070	219821	212609
Net Advances #	35	356	125955	130788	136846	164534	158823	157742
Investments $	16	170	46719	54152	60130	66162	62953	63096
Capital	0.5	1	603	681	681	1199	2884	3096
Reserves & Surplus	0.4	4.9	9461	10313	10686	9619	10281	9132
Working Funds	58	708	185170	199962	222126	242171	249311	243871
Priority Sector Advances	-	128	45508	54545	61690	70121	78318	76441

Net of Provisions
$ Pre – Depreciation
* Year of Nationalisation of Banks
** Year of Nationalisation of Andhra Bank

प्रमुख कार्य-निष्पादन अनुपात

	मार्च 2020 (%)	मार्च 2019 (%)	मार्च 2018 (%)
पूंजी पर्याप्तता			
1. (सीआरएआर) - बासेल III	11.12	13.68	11
2. व्याप्ति अनुपात	1.88	0.33	-2.35
3. कुल निवल मालियत का निवल एनपीए	104.89	91.93	174.95
आस्ति गुणवत्ता			
1. कुल निवेश के लिए सरकारी प्रतिभूति	11.12	13.68	11
2. निवल अग्रिम से निवल एनपीए	1.88	0.33	-2.35
3. कुल परिसंपत्तियों से तुलनपत्रेतर मद	104.89	91.93	174.95
4. कुल अग्रिम से मानक अग्रिम	11.12	13.68	11
5. कुल परिसंपत्तियों से निवल एनपीए	1.88	0.33	-2.35
प्रबंधन गुणवत्ता			
1. समग्र जमाराशियों से सकल बैंक ऋण	84.03	81.29	79.1
2. कुल परिसंपत्ति में वृद्धि	-2.18	2.95	9.02
3. औसत उत्पादकता (₹ लाख)	1921	1893	1739.7
4. प्रति कर्मचारी लाभ (₹ लाख)	-7.9	-13.24	-17.13
उपार्जन			
1. कुल आय से ब्याजेतर आय	12.18	9.75	11.66
2. परिसंपत्ति पर प्रतिलाभ	-0.5	-1.09	-1.46
3. निवल ब्याज मार्जिन	3.32	3.31	3.33
4. आय के लिये लागत का अनुपात	47.67	42.61	38.43
5. कर्मचारी लागत / (निवल ब्याज आय + अन्य आय)	31.99	25.61	21.33
6. अग्रिम पर औसत प्रतिफल	8.55	8.54	8.84
7. कूपन आधारित निवेश पर औसत प्रतिफल	7.51	7.47	7.5
8. औसत कार्यशील निधि से परिचालनगत लाभ	1.91	1.97	2.3
चलनिधि			
1. कुल परिसंपत्ति से सरकारी प्रतिभूति	23.63	23.06	24.39
2. कुल परिसंपत्ति से नकदी	0.50	0.39	0.47
3. कुल परिसंपत्ति से कुल निवेश	25.87	25.25	26.74

Key Performance Ratios

	March 2020 (%)	March 2019 (%)	March 2018 (%)
Capital Adequacy			
1. (CRAR) – Basel III	11.12	13.68	11
2. Coverage Ratio	1.88	0.33	-2.35
3. Net NPAs to Net Worth	104.89	91.93	174.95
Asset Quality			
1. Govt. Securities to Total Investments	11.12	13.68	11
2. Net NPAs to Net Advances	1.88	0.33	-2.35
3. Off Balance Sheet Items to Total Assets	104.89	91.93	174.95
4. Standard Advances to Total Advances	11.12	13.68	11
5. Net NPAs to Total Assets	1.88	0.33	-2.35
Management Quality			
1. Gross Bank Credit to Aggregate Deposit	84.03	81.29	79.1
2. Growth in Total Assets	-2.18	2.95	9.02
3. Average Productivity (Rs Lakhs)	1921	1893	1739.7
4. Profit per Employee (Rs Lakhs)	-7.9	-13.24	-17.13
Earnings			
1. Non Interest Income to Total Income	12.18	9.75	11.66
2. Return on Assets	-0.5	-1.09	-1.46
3. Net Interest Margin	3.32	3.31	3.33
4. Ratio of Cost to Income	47.67	42.61	38.43
5. Staff Cost / (Net Interest Income + Other Income)	31.99	25.61	21.33
6. Average Yield on Advances	8.55	8.54	8.84
7. Average Yield on Coupon Based Investments	7.51	7.47	7.5
8. Operating Profit to Average Working Funds	1.91	1.97	2.3
Liquidity			
1. Govt. Securities to Total Assets	23.63	23.06	24.39
2. Cash to Total Assets	0.50	0.39	0.47
3. Total Investments to Total Assets	25.87	25.25	26.74

शाखाओं का वर्गीकरण - जनसंख्या समूह वार

क्र. सं.	क्षेत्र / राज्य / के.प्र.	मार्च 19 के अंत तक शाखाएं	2019-20 के दौरान खुली शाखाएं	ग्रामीण	अर्ध-शहरी	शहरी	नगरीय	मार्च 20 के अंत में शाखाएं
(क)	**उत्तरी क्षेत्र**	**312**	**0**	**47**	**76**	**96**	**93**	**312**
1	हरियाणा	88	0	13	25	45	5	88
2	हिमाचल प्रदेश	5	0	0	4	1	0	5
3	पंजाब	73	0	20	27	17	9	73
4	राजस्थान	68	0	13	19	23	13	68
5	चंडीगढ़ (केप्र)	9	0	1	0	8	0	9
6	नई दिल्ली	66	0	0	0	0	66	66
7	जम्मू व कश्मीर	3	0	0	1	2	0	3
(ख)	**पूर्वोत्तर क्षेत्र**	**11**	**0**	**1**	**1**	**9**	**0**	**11**
1	असम	9	0	1	1	7	0	9
2	मेघालय	1	0	0	0	1	0	1
3	त्रिपुरा	1	0	0	0	1	0	1
(ग)	**पूर्वी क्षेत्र**	**316**	**0**	**101**	**83**	**93**	**38**	**315**
1	बिहार	47	0	9	6	18	13	46
2	झारखंड	26	0	5	7	8	6	26
3	ओडिशा	181	0	77	62	42	0	181
4	सिक्किम	1	0	0	0	1	0	1
5	पश्चिम बंगाल	61	0	10	8	24	19	61
(घ)	**मध्य क्षेत्र**	**205**	**0**	**20**	**33**	**77**	**75**	**205**
1	छत्तीसगढ़	30	0	2	11	11	6	30
2	मध्य प्रदेश	45	0	2	6	15	22	45
3	उत्तर प्रदेश	115	0	15	12	41	47	115
4	उत्तराखंड	15	0	1	4	10	0	15
(ङ)	**पश्चिमी क्षेत्र**	**199**	**0**	**9**	**32**	**44**	**114**	**199**
1	गोआ	4	0	0	4	0	0	4
2	गुजरात	67	0	5	7	21	34	67
3	महाराष्ट्र	127	0	4	20	23	80	127
4	दादरा नगर	1	0	0	1	0	0	1
5	हवेली(केप्र)	0	0	0	0	0	0	0
(च)	**दक्षिणी क्षेत्र**	**1842**	**0**	**569**	**538**	**333**	**392**	**1832**
1	आन्ध्र प्रदेश	921	0	356	282	191	85	914
2	तेलंगाना	577	0	177	157	59	182	575
3	करनाटक	121	0	12	14	29	65	120
4	केरल	39	0	0	19	20	0	39
5	तमिलनाडु	180	0	24	63	33	60	180
6	पुदुचेरी (केप्र)	4	0	0	3	1	0	4
	कुल	**2885(4)**	**0**	**747**	**763**	**652**	**712**	**2874**

* कोष्ठक में निहित आँकड़ों का तात्पर्य विस्तार काउंटर से है

Classification of Branches - Population Group Wise

Sl No	Region/State/U.T	Brs as at the end on Mar'19	Branches Opened during 2019-20	Rural	Sumi-urban	Urban	Metro	Brs at the end of Mar'20
(A)	**Northern Region**	**312**	**0**	**47**	**76**	**96**	**93**	**312**
1	Haryana	88	0	13	25	45	5	88
2	Himachal Pradesh	5	0	0	4	1	0	5
3	Punjab	73	0	20	27	17	9	73
4	Rajasthan	68	0	13	19	23	13	68
5	Chandigarh(UT)	9	0	1	0	8	0	9
6	New Delhi	66	0	0	0	0	66	66
7	Jammu & Kashmir	3	0	0	1	2	0	3
(B)	**North Eastern Region**	**11**	**0**	**1**	**1**	**9**	**0**	**11**
1	Assam	9	0	1	1	7	0	9
2	Meghalaya	1	0	0	0	1	0	1
3	Tripura	1	0	0	0	1	0	1
(C)	**Eastern Region**	**316**	**0**	**101**	**83**	**93**	**38**	**315**
1	Bihar	47	0	9	6	18	13	46
2	Jharkhand	26	0	5	7	8	6	26
3	Odisha	181	0	77	62	42	0	181
4	Sikkim	1	0	0	0	1	0	1
5	West Bengal	61	0	10	8	24	19	61
(D)	**Central Region**	**205**	**0**	**20**	**33**	**77**	**75**	**205**
1	Chattisgarh	30	0	2	11	11	6	30
2	Madhya Pradesh	45	0	2	6	15	22	45
3	Uttar Pradesh	115	0	15	12	41	47	115
4	uttarkhand	15	0	1	4	10	0	15
(E)	**Western Region**	**199**	**0**	**9**	**32**	**44**	**114**	**199**
1	Goa	4	0	0	4	0	0	4
2	Gujarat	67	0	5	7	21	34	67
3	Maharashtra	127	0	4	20	23	80	127
4	Dadra Nagar	1	0	0	1	0	0	1
5	Haveli(UT)	0	0	0	0	0	0	0
(F)	**Southern Region**	**1842**	**0**	**569**	**538**	**333**	**392**	**1832**
1	Andhra Pradesh	921	0	356	282	191	85	914
2	Telangana	577	0	177	157	59	182	575
3	Karnataka	121	0	12	14	29	65	120
4	Kerala	39	0	0	19	20	0	39
5	Tamilnadu	180	0	24	63	33	60	180
6	Puducherry (UT)	4	0	0	3	1	0	4
	Total	**2885(4)**	**0**	**747**	**763**	**652**	**712**	**2874**

* Figures in Bracket Indicates Extension Counters

निदेशकों की रिपोर्ट :

हम 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु बैंक के निदेशकों की वार्षिक रिपोर्ट आपके समक्ष प्रस्तुत करते हैं ।

प्रबन्धन की चर्चा और विश्लेषण

आर्थिक अवलोकन

वर्ष 2019-20 में, एक दशक पहले वैश्विक वित्तीय संकट के बाद से वैश्विक विकास ने सबसे कमजोर गति दर्ज की, जोकि पिछले वर्ष 3.6% की तुलना में वर्ष 2019 में 2.9% की वृद्धि दर्ज की गई। व्यापार बाधाओं में वृद्धि और संबंधित अनिश्चितता से व्यापार की भावना और विश्व स्तर पर गतिविधि पर भार पड़ा है। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ उभरती और विकासशील बाजार अर्थव्यवस्थाएं, दोनों ही धीमी हो गईं।

वित्तीय वर्ष के अंत में, कोविड -19 के कारण उभरी गहरी निराशा से वैश्विक विकास पर असर पड़ा है। महामारी के कारण लॉकडाउन से देशों में आपूर्ति-पक्ष विघटन में रिकॉर्ड गिरावट के कारण विनिर्माण और सेवाओं के प्रमुख सूचकांक में गिरावट देखे गए। मार्च 2020 में वैश्विक ऊर्जा की कीमतों में गिरावट, वैश्विक वित्तीय बाजारों में अचानक बेची गई इक्विटी और डेब्ट, जो बेंचमार्क इक्विटी सूचकांकों में गिरावट और बांड प्रतिफल में दबाव का कारण बना। सरकारों और केंद्रीय बैंकों ने कोविड -19 के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए अभूतपूर्व राजकोषीय और मौद्रिक नीतिगत उपाय किए हैं। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने 2020 में विकसित देशों की अर्थव्यवस्था उभरते बाजार तथा विकाशसील अर्थव्यवस्था से अधिक सिकुड़ जाने के साथ वैश्विक उत्पादन 3 प्रतिशत तक सीमित हो जाने की संभावना जताई है ।

भारतीय अर्थव्यवस्था की ओर देखें तो कोविड -19 महामारी की शुरुआत से पहले भी, देश को मंदी का सामना करना पड़ रहा था। वित्त वर्ष 2020 में देश के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 4.2% है जोकि वित्त वर्ष 19 की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.1% की तुलना में कम था। कोविड-19 से संबंधित व्यवधानों के कारण वित्तीय प्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए, सरकार और आरबीआई द्वारा क्रमश: कई राजकोषीय और मौद्रिक कार्रवाई की शुरुआत की गई।

नीतिगत मोर्चे पर, इस वर्ष में सरकार और नियामक द्वारा कई उपाय किए गए। सरकार की ओर से, मेगा समामेलन का कार्य किया गया और 10 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को 4 बड़ी संस्थाओं में समामेलित किया गया, और दि. 01.04.2020 से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में आन्ध्रा बैंक और कॉर्पोरेशन बैंक के समामेलन के साथ आपके बैंक का देश के 5 वें सबसे बड़े बैंक के रूप में पदार्पण हुआ । इसी तरह, नियामक मोर्चे पर, सभी खुदरा क्षेत्र में बाह्य बेंचमार्क लिंक्ड दरों (ईबीएलआर) की शुरूआत से मौद्रिक हस्तांतरण में वृहत सुधार हुआ।

समामेलन :

पीएसबी में प्रमुख सुधार की शुरुआत करते हुए, वित्त वर्ष 2020 में मेगा समामेलन किया गया। तदनुसार, 10 पीएसबी को 4 बैंकों में समामेलित किया गया। इस पहल के अंश के रूप में, आन्ध्रा बैंक और कॉर्पोरेशन बैंक को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में समामेलित किया गया तथा दिनांक 01.04.2020 से, समामेलित इकाई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में देश का 5 वाँ सबसे बड़ा बैंक बन गया। समामेलन अभ्यास का उद्देश्य लागत युक्तिकरण और तकनीकी आत्मसात के आधार पर बढ़े हुए शाखा नेटवर्क, ग्राहक आधार और तालमेल से पैमाने और दायरे को अर्थव्यवस्थाओं के साथ फिर से जोड़ना है। समामेलन के बाद, बैंक 9500 से अधिक शाखाओं, 13300 से अधिक एटीएम, 75,000 से अधिक कर्मचारी और 120 मिलियन से अधिक ग्राहक आधार के साथ और अधिक मजबूत हो जाएगा। समामेलन ग्राहक सेवा, उत्पादकता में सुधार के लिए बैंकों के बीच सर्वोत्तम कार्य-प्रणाली को अपनाने के लिए भी प्रेरणा प्रदान करेगा, जिससे उच्च लाभ प्राप्त हो सकेगा ।

बैंक के कार्यनिष्पादन की प्रमुख बातें

व्यापार : 31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बैंक का कुल व्यवसाय ₹ 3,91,264 करोड़ रहा जोकि दि. 31.03.2019 को ₹ 3,98,511 करोड़ था।

जमाराशि : बैंक की कुल जमाराशि दि. 31.03.2020 को ₹ 2,12,609 करोड़ रही, जोकि दि. 31.03.2019 को ₹ 2,19,821 करोड़ थी। कुल जमाराशियों में कासा जमा (चालू और बचत) का अंश 34.55% रहा।

- 10.78% की वृद्धि दर दर्ज करते हुए दि. 31.03.2019 को ₹ 10,230 करोड़ की तुलना में दि. 31.03.2020 को चालू जमा ₹ 11,333 करोड़ रहा ।
- बचत बैंक जमा दि. 31.03.2019 को ₹ 58,768 करोड़ था जो 5.71% की दर से बढ़कर दि. 31.03.2020 को ₹ 62,121 करोड़ रहा ।
- मीयादी जमा दि.31.03.2019 को ₹ 1,50,823 करोड़ की तुलना में दि. 31.03.2020 को ₹ 1,39,155 करोड़ रहा।

अग्रिम : सकल बैंक ऋण दि. 31.03.2019 को रु 1,78,690 करोड़ की तुलना में दि.31.03.2020 को ₹ 1,78,655 करोड़ रहा।

- कृषि क्षेत्र को ऋण (आरआईडीएफ व गैर-प्राथमिकता शामिल) दि. 31.03.2019 को ₹ 36,961 करोड़ की तुलना में दि. 31.03.2020 को ₹ 37,673 करोड़ रहा।
- एमएसएमई पोर्टफोलियो दि. 31.03.2019 को ₹ 32,876 करोड़ की तुलना में दि.31.03.2020 को ₹ 29,834 करोड़ रहा।
- खुदरा ऋण पोर्टफोलियो दि. 31.03.2019 को ₹ 40,985 करोड़ की तुलना में दि. 31.03.2020 को ₹ 43,614 करोड़ रहा।

अग्रिम पोर्टफोलियो वर्गीकरण

(₹ करोड़ों में)

श्रेणी	31.03.19	31.03.20	अंतर
1. खाद्य ऋण	834	1046	25.42%
2. गैर खाद्य ऋण (2.1 से 2.4)	177856	177609	-0.14%
2.1 कृषि अग्रिम	36961	37673	1.93%
2.2 एमएसएमई क्षेत्र को अग्रिम	32876	29834	-9.25%
2.3 खुदरा ऋण (डीएल सहित)	40985	43614	6.41%
2.4 बड़े उद्योग तथा अन्य अग्रिम	67034	67533	0.75%
सकल बैंक जमा (1+2)	**178690**	**178655**	**-0.02%**
इसमें से प्राथमिक क्षेत्र को ऋण	78318	76441	-2.40%

निम्न सारणी में दि. 31.03.2020 को कुल जमाराशि तथा अग्रिमों का क्षेत्र-वार वितरण दर्शाया गया है (रुपए करोड़ों में)

क्र सं	शाखाओं की श्रेणी	जमाराशि 31.03.20	कुल का %	अग्रिम 31.03.20	कुल का %
1	ग्रामीण	16815	7.91%	22540	12.62%
2	अर्ध-शहरी	31133	14.65%	28004	15.68%
3	शहरी	47551	22.37%	29722	16.64%
4	मेट्रो	117045	55.07%	98338	55.06%
5	**कुल (1+2+3+4)**	**212545**	**100.00%**	**178605**	**100.00%**

लाभप्रदता :

वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए बैंक की कुल आय, वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान ₹ 20,977 करोड़ की तुलना में ₹ 22,527 करोड़ रहा। बैंक की गैर-ब्याज आय ₹ 2743 करोड़ रहा । परिचालन लाभ पिछले वर्ष ₹ 5023 करोड़ की तुलना में ₹ 5093 करोड़ रहा। तथापि पुराने हो गए/एनपीए के काल प्रभाव में एनपीए के प्रति उच्चतर प्रावधान के कारण बैंक की वित्त वर्ष 2018-19 के लिए ₹ 2786 करोड़ की निवल हानि की तुलना में वित्त वर्ष 2019-20 हेतु निवल हानि ₹ 1324 करोड़ रही। बैंक की कुल ब्याज आय पिछले वर्ष के दौरान ₹ 18932 करोड़ की तुलना में ₹ 19,784 करोड़ रही। इनमें से अग्रिमों से ब्याज आय वर्ष 2018-19 में ₹ 14,173 करोड़ थी जो 7.43% की दर से बढ़कर वर्ष 2019-20 में ₹ 15,226 करोड़ हो गया। वर्ष 2019-20 में निवेश से ब्याज आय ₹ 4,396 करोड़ रहा।

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान कुल व्यय ₹ 17,435 करोड़ रहा जो पिछले वर्ष ₹ 15,954 करोड़ था। ब्याज व्यय 2018-19 में ₹ 12,224 करोड़ था जो 4.68 % की दर से बढ़कर 2019-20 में ₹ 12,795 करोड़ हुआ। परिचालन व्यय ₹ 4,639 करोड़ रहा जो पिछले वर्ष से 24.37% अधिक दर्ज किया गया ।

राजस्व, व्यय और लाभप्रदता की प्रमुख बातें -

(₹ करोड़ में)

	2018-19	2019-20	समग्र वृद्धि	% वृद्धि
कुल ब्याज आय	18932.22	19784.18	851.96	4.50%
कुल ब्याज व्यय	12223.99	12795.49	571.5	4.68%
निवल ब्याज आय	6708.23	6988.69	280.46	4.18%
अन्य आय	2045.04	2742.94	697.90	34.13%
निवेश की बिक्री पर लाभ	83.72	730.75	647.03	772.85 %
मूल अन्य आय	1961.32	2012.19	50.87	2.59%
परिचालनिक व्यय	3730.15	4639.03	908.88	24.37%
परिचालनिक लाभ	5023.12	5092.60	69.48	1.38%
प्रावधान और आकस्मिकताएं	7809.24	6416.73	-1392.51	-17.83%
निवल लाभ	**-2786.12**	**-1324.13**	**1461.99**	**-52.47%**

विनियोजन : विभिन्न प्रावधान के बाद, वर्ष 2019-20 के लिए निवल हानि का आकलन ₹1,324.13 करोड़ पर किया गया। लाभ हानि खाते में आगे लाया गया शेष ₹-6,253.12 करोड़ है। विनियोजन निम्नानुसार है ।

(₹ करोड़ में)

विनियोजन	2018-19	2019-20
निवल लाभ से विनियोजन	**-2786.12**	**-1324.13**
आगे लाया गया शेष	**-3463.08**	**-6253.12**
सांविधिक आरक्षित निधियों में अंतरण	0.98	96.53
पूंजीगत आरक्षित निधियों में अंतरण	2.94	289.58
राजस्व आरक्षित निधियों में अंतरण	0	0
विशेष आरक्षित निधियों में अंतरण	0	0
प्रस्तावित लाभांश में अंतरण (लाभांश कर सहित)	0	0
तुलन पत्र को आगे ले जाया गया लाभ	-6253.12	-7963.36

प्रमुख वित्तीय अनुपात : निवल ब्याज मार्जिन (एन आई एम) पिछले वर्ष 3.31% की तुलना में 3.32% रहा। आय के प्रति लागत अनुपात पिछले वर्ष 42.61% की तुलना में 47.67% रहा। प्रति शेयर अर्जन (ईपीएस) - ₹ 4.43 और प्रति शेयर बही मूल्य (बीपीएस) ₹ 23.92 रहा। दि. 31.03.2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु सकल अग्रिम के प्रति सकल अनर्जक आस्ति 16.07% रहा और निवल अग्रिम के प्रति निवल अनर्जक आस्ति 4.92% रहा।

प्रमुख वित्तीय अनुपात

मापदंड	31.03.2019	31.03.2020
अग्रिम पर प्रतिफल (%)	8.54%	8.55%
जमा की लागत (%)	5.53%	5.59%
निवल ब्याज मार्जिन (%)	3.31%	3.32%
निधि पर प्रतिफल (%)	7.44%	7.43%
निधियों की लागत (%)	4.80%	4.81%
लागत-से-आय अनुपात (%)	42.61%	47.67%
सीआरएआर - बेसल III (%)	13.68%	11.12%
संपत्ति पर प्रतिलाभ (%)	-1.09%	-0.50%
प्रति शेयर आय (₹)	-19.01	-4.43
प्रति शेयर बही मूल्य (₹)	34.29	23.92
निवल एनपीए (%)	5.73%	4.92%
सकल एनपीए (%)	16.21%	16.07%

पूंजी और निवल मालियत

(करोड़ ₹ में)

मानदंड	31.03.2019	31.03.2020
इक्विटी पूंजी	2884.49	3,095.54
अधिशेष प्रारक्षिती	10280.64	9,132.36
बैंक का निवल मालियत (मूर्त)	9889.48	7403.14

मालियत पर प्रतिलाभ : मालियत पर प्रतिलाभ में दिनांक 31.03.2019 को -0.28 की तुलना में दिनांक 31.03.2020 को -0.18 का सुधार हुआ है। परिवर्तनों के कारण निम्नानुसार हैं:

क.) वर्ष दर वर्ष हानि में वित्त वर्ष 2018-19 में ₹ 2,786.13 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2019-20 में ₹ 1,324.13 करोड़ की गिरावट।

ख) दि. 04.03.2020 को भारत सरकार द्वारा ₹ 200 करोड़ और दि. 24.04.2019 को ईएसपीएस के माध्यम से ₹ 256.80 करोड़ की पूंजी का अंत: प्रवाह ।

ग) दि. 31.03.2020 को समाप्त वर्ष के दौरान अतिरिक्त टियर-I स्थायी बेसल III अनुपालन बॉण्ड के लिए ₹ 70.64 करोड़ ब्याज हेतु सांविधिक आरक्षित से आहरण द्वारा कमी ।

परिचालन लाभ मार्जिन (%) : तत्काल विगत वित्तीय वर्ष की तुलना में परिचालन लाभ मार्जिन (%) में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हैं।

निवल लाभ मार्जिन (%) : निवल लाभ मार्जिन (%) दि. 31.03.2019 को -13.28% की तुलना में सुधार होकर दि. 31.03.2020 को संशोधित होकर -5.88% हो गया। लाभप्रदता में सुधार के कारण इस प्रकार हैं:

1) एनपीए के लिए प्रावधान वित्त वर्ष 2019-20 में ₹1,218 करोड़ की कमी।

2) वित्त वर्ष 2019-20 में निवेश पर मूल्यह्रास में रू.100 करोड़ की कमी आई।

3) वित्त वर्ष 2019-20 में अग्रिमों पर ब्याज में ₹ 1,054 करोड़ की वृद्धि हुई।

पूंजी पर्याप्तता :भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार, भारत में बेसल III दिशानिर्देशों को 1 अप्रैल, 2013 से लागू करना है। तदनुसार, बैंक अपनी पूंजी पर्याप्तता का आकलन बेसल III के विनिर्दिष्टियों के अनुरूप कर रहा है।बैंक की कुल पूंजीगत निधि 31 मार्च, 2020 को ₹14,688.49 करोड़ और पूँजी पर्याप्तता अनुपात 11.12% पर है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्धारित मानदंड 10.875% से अधिक है।

सीआरएआर की स्थिति	31 मार्च 2020 (बेसल III)
सीईटी 1	6.49%
एटी I	1.67%
कुल टियर- I	8.16%
टियर II	2.96%
कुल सीआरएआर	11.12%

प्राथमिकता क्षेत्र उधार: दि.31.03.2020 कोबैंक का प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम ₹ 76441 करोड रहा, 2.40% (वर्षानुवर्ष) नकारात्मक वृद्धि दर दर्ज की।मार्च 2019 में समग्र कमी ₹ 1877 करोड़ रही। पीएसएलसी(प्राथमिक क्षेत्र उधार प्रमाणपत्र) घटाने के बाद प्राथमिक क्षेत्र अग्रिम ₹ 64931 करोड़ रही। बैंक ने वि.वर्ष 2019-20 के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक के ई-कुबेर पोर्टल के माध्यम से पीएसएलसी सामान्य / एसएफ एमएफ का ₹15310 करोड़ निवल बिक्री की है और पीएसएलसी / आईबीपीसी से ₹152.74 करोड़ प्रीमियम / कमीशन अर्जित किया है।

प्राथमिकता क्षेत्र उधार

(करोड़ ₹)

श्रेणी	2019-20
1. प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम (2 से 7)	76441
2. कृषि-प्राथमिकता (2.1 + 2.2)	34925
2.1 कृषि ऋण-प्राथमिकता	34140
2.2 पात्र निवेश (आरआईडीएफ)	785
3. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम	29834
3.1 सिडबी एवं मुद्रा में योग्य निवेश	281
4. शिक्षा ऋण	1576
5. आवास ऋण (एनएचबी में अप्रत्यक्ष वित्त और निवेश शामिल है)	10072
5.1 एनएचबी में पात्र निवेश	148
6. सामाजिक अवसंरचना	8
7. नवीकरणीय ऊर्जा और अन्य	26
8. प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम (पीएसएलसी घटाने के बाद)	64931
8.1 पीएसएलसी बिक्री (सामान्य + एसएफ / एमएफ)	15310
8.2 सूक्ष्म उद्यमों की खरीद	1800
8.3 समान्य खरीद	2000
9. कृषि-प्राथमिकता (पीएसएलसी घटाने के बाद)	28525
9.1 पीएसएलसी बिक्री (एसएफ / एमएफ) / कृषि	6400

सांविधिक प्राथमिकता क्षेत्र के लक्ष्य उप लक्ष्य और उपलब्धियां 2019-20 (वार्षिक- तिमाही औसत आधार पर)	लक्ष्य	उपलब्धियां
I. प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम (एएनबीसी का %)	40.00	40.09%
II. कृषि ऋण (एएनबीसी का %)	18.00	18.19%
III. लघु और सीमांत किसान (एएनबीसी का %)	8.00	11.28%
IV. सूक्ष्म उद्योग (एएनबीसी का %)	7.50	7.51%
V. गैर-कॉरपोरेट किसानों को प्रत्यक्ष उधार (एएनबीसी का %)	12.11	14.25%
VI. कमजोर वर्ग अग्रिम (एएनबीसी का %)	10.00	14.11%

कृषि-प्राथमिकता को ऋण

- मार्च, 2020 के अंत में बैंक का कृषि अग्रिम (कृषि-प्राथमिकता) ₹ 34925 करोड़ रहा और 3.56 % (वर्षानुवर्ष) की वृद्धि दर दर्ज हुई है । मार्च 2019 पर समग्र वृद्धि ₹ 1200 करोड़ रहा। कृषि प्राथमिकता अग्रिम (₹ 6400 करोड़ की पीएसएलसी एसएफ/ एमएफ और पीएसएलसी-कृषि की निवल बिक्री के बाद) ₹ 28525 करोड़ है।
- लघु और सीमांत किसानों को ऋण दि. 31.03.2020 को ₹ 1,8033 करोड़ रहा (पीएसएलसी एसएफ / एमएफ के तहत ₹ 6400 करोड़ की निवल बिक्री के बाद)
- बैंक नेदि. 31.03.2020 को ₹ 8092 करोड़ केकुल एक्सपोजर के साथ256435स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी)को वित्तीय सहायता दी है।
- निवल बैंक क्रेडिट के 5% के मानदंड के प्रति दि. 31.03.2020 को महिला हिताधिकारियों को दिया गया कुल ऋण ₹ 29075 करोड़ है यानी 16.27% ।
- कमजोर वर्गों को अग्रिम (पीएसएलसी एसएफ/एमएफ के तहत ₹ 6400 करोड़ की निवल बिक्री के बाद) ₹ 22722 करोड़ रहा।

➢ दि. 31.03.2020 को, अल्पसंख्यक बहुल जिलों में बैंक की 335 शाखाएँ हैं। देश भर में बैंक के कुल नेटवर्क में से, अल्पसंख्यक बहुल जिलों में शाखाओं का प्रतिशत दि. 31.03.2020 तक 8.33% (यानी 6309 करोड़ रुपये) था।

➢ दि. 31.03.2020 को कुल कृषि अग्रिम ₹ 37673 करोड़ में से कृषि के अंतर्गत एनपीए ₹ 1879 करोड़ है जो समग्र कृषि अग्रिम का 4.99 % है, पिछले वर्ष के दौरान 4.65% था ।

एमएसएमई क्षेत्र को ऋण

मापदंड (करोड़ रुपये में)	31.03.19	31.03.2020	वर्षानुवर्ष वृद्धि %
सूक्ष्म	11958.68	10487.05	- 1471.63
सूक्ष्म और लघु उद्यम	24628.83	22348.14	- 2280.69
कुल एमएसएमई	**32876.40**	**29834.01**	**- 3042.39**

➢ मार्च 2020 समाप्त वर्ष हेतु अति लघु अद्योगों को ऋण बैंक के कुल एएनबीसी में 7.51% (औसत) है जोकि आरबीआई द्वारा निर्धारित 7.50% के सांविधिक उप लक्ष्य से अधिक है।

➢ वर्ष 2019-20 के दौरान,शाखाओं ने 2,76,430 (2,12,054 प्र.मं.ज.ध.यो-ओवरड्राफ्ट सहित) मुद्रा ऋण मंजूर किए है, जिनकी कुल स्वीकृति सीमा 2009.78 ₹ करोड़ है और ₹ 1914.10 राशि के रूप में दि. 31.03.2020 तक संवितरित की गई है।

➢ एमएसएमई को अपने प्राप्य की विलंबित प्राप्ति की समस्या को दूर करने में सक्षम बनाने के लिए टीआरईडीएस के तहत लेन-देन बढ़ाने के उद्देश्य से बैंक ने एमएसएमई प्र.का. विभाग के तहत विशेष टीआरईडीएस सेल की स्थापना की है।

➢ दि. 31.03.2020 तक, बैंक ने टीआरईडीएस सेल प्र.का. के माध्यम से ₹ 5.22 करोड़ की आय के साथ ₹ 259 करोड़ की राशि के 786 बिलों को भुनाया गया ।

खुदरा ऋण:बैंक का खुदरा ऋण पोर्टफोलियो दि. 31.03.2019 को ₹ 40,985 करोड़ की तुलना में ₹2,628 करोड़ की वार्षिक वृद्धि के साथ दि. 31.03.2020 को ₹ 43,614 करोड़ था ।इस खंड ने वर्षानुवर्ष आधार पर 6.41% की वृद्धि दर्ज की है जिसमें जमा ऋण और क्रेडिट कार्ड शामिल हैं।

➢ आवास ऋण पोर्टफोलियो दि. 31.03.2019 को ₹ 20,105 करोड़ से ₹847 करोड़ की समग्र वृद्धि के साथ बढ़कर दि. 31.03.20120 को ₹ 20,951 करोड़ पर पहुंचा और 4.21% की वृद्धि दर दर्ज हुई।

➢ गैर-कृषि स्वर्ण ऋण (एनएजीएल) पोर्टफोलियो दि. 31.03.2019 को ₹ 3,062 करोड़ से बढ़कर दि. 31.03.2020 को ₹ 3,870 करोड़ रहा, ₹ 808 करोड़ की समग्र वृद्धि के साथ वर्षानुवर्ष आधार पर 26.40% वृद्धि दर्ज हुई।

➢ अन्य खुदरा ऋण पोर्टफोलियो दि. 31.03.2019 को ₹ 5,698 करोड़ से बढ़कर दि. 31.03.2020 को ₹ 7,022 करोड़ की रहा, ₹ 1,324 करोड़ की कुल वृद्धि के साथ वर्षानुसार आधार पर 23.23% वृद्धि दर्ज हुई।

अग्रिम : उद्योग वार एक्सपोजर - बैंक के विभिन्न क्षेत्रों जैसे आवास ऋण, एनबीएफसी, ऊर्जा, लौह एवं इस्पात, वस्त्र, आदि में ऋण एक्सपोजर हैं। शीर्ष 10 उद्योगों का एक्सपोजर दि. 31.03.2020 को पिछली तिमाही में निधि आधारित एक्सपोजर का 48.53% है, जो एक विविध ऋण पोर्टफोलियो दर्शाता है।

उद्योग वार एक्सपोजर

(करोड़ ₹ में)

क्र.	उद्योग	पिछली तिमाही के कुल अग्रिम का % के रूप में सीमा	दि. 31.03.2020 को वास्तविक निधि आधारित एक्सपोजर (ऋण + निवेश + डेरिवेटिव)	पिछली तिमाही अर्थात 31.12.2019 के कुल एक्सपोजर (ऋण + निवेश + डेरिवेटिव) का निधि आधारित एक्सपोजर
1	आवास ऋण (प्रत्यक्ष+परोक्ष)	18.00%	27797.26	14.34%
2	एनबीएफसी (एचएफसी सहित)	12.00%	19769.84	10.20%
3	ऊर्जा	12.00%	13949.06	7.20%
4	विनिर्माण और ठेकेदार	5.00%	8278.24	4.27%
5	लौह एवं इस्पात	7.00%	5766.77	2.98%
6	वस्त्र	6.00%	4693.25	2.42%
7	धान मिल	3.00%	4416.09	2.28%
8	पेट्रोलियम उत्पाद	5.00%	4020.67	2.07%
9	वाणिज्यिक स्थावर संपदा	4.00%	2708.79	1.40%
10	इंजीनियरिंग	3.00%	2659.28	1.37%
	कुल		**94059.25**	**48.53%**

निवेश: भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक को एसएलआर प्रतिभूतियों में एनडीटीएल के 18.25% की सीमा तक निवेश करना आवश्यक है। बैंक के निवेश निर्णय जोखिम-प्रतिफल तालमेल पर आधारित होते हैं और बैंक विनियामक तथा आंतरिक दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करता है । आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सी आर आर) और सांविधिक चलनिधि अनुपात (एस एल आर) से संबंधित सांविधिक विनिर्दिष्टियों का अनुपालन और निरंतर आधार पर निगरानी की जा रही है। त्रैमासिक अंतराल पर दबाव परीक्षण और निवेश संवर्ग के प्रतिफल परीक्षण के अलावा राजकोषीय संचालन में जोखिम प्रबंधन को मजबूत किया गया है, इसके अलावा दैनिक अवधि और मूल्य-पर-जोखिम (वीएआर) की दैनिक निगरानी भी की जाती है। बाँड और डिबेंचर संवर्ग के बाहरी रेटिंग परिवर्तन पर भी तिमाही आधार पर नजर रखी जा रही है।

दि. 31.03.2020 को, निवेश (मूल्यह्रास को घटाकर) में 2.58% की कमी आई और दि. 31.03.2019 को ₹ 62853.09 करोड़ से घटकर ₹ 61331.17 करोड़ हुआ। दि. 31.03.2020 को एसएलआर ₹ 44238.66 करोड़ था, जो कि निवल माँग और मीयादी देयताओं (एनडीटीएल) का 19.41% है। निवेश से ब्याज आय 2018-19 में ₹ 4558.053 करोड़ की तुलना में 2019-20 में घटकर ₹ 4358.10 करोड़ रहा। निवेश की बिक्री पर लाभ 2019-20 के दौरान ₹ 730.75 करोड़ रहा जबकि 2018-19 के दौरान यह ₹ 83.72 करोड़ था।

निवेश का वर्गीकरण

(₹ करोड़)

ब्यौरा		वि.व. 2018-19	वि.व. 2019-20	अंतर (%)
1.	सरकारी प्रतिभूति	57479.76	57620.02	0.24
2.	अन्य अनुमोदित प्रतिभूति	0.00	0.00	0.00
3.	शेयर	515.17	346.30	-32.78
4.	डिबेंचर और बॉंड	2512.22	2280.76	-9.21
5.	सहायक तथा/अथवा संयुक्त उद्यम	359.16	360.18	0.28
6.	अन्य (एमएफ़/वीसीएफ़/एसआर)	2086.78	723.91	-65.31
कुल (1 से 6)		62953.09	61331.17	-2.58

कार्यनीतिक निवेश

- **बीमा में संयुक्त उद्यम:** इंडिया फ़र्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को 19.06.2008 बैंक ऑफ बड़ौदा, आन्ध्रा बैंक और यूके के लीगल एंड जनरल इनश्योरेंस द्वारा क्रमशः 44%, 30% तथा 26% की हिस्सेदारी से साथ निगमित किया गया। कार्मल पॉइंट इनवेस्टमेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने यूके के लीगल एंड जनरल इनश्योरेंस ("एल एवं जी'') से 26% हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया। जीवन बीमा उद्यम में हमारा निवेश ₹ 187.50 करोड़ है। संयुक्त उद्यम ने दि. 16.11.2009 को कारोबार प्रारंभ किया ।
- **मलेशिया में बैंकिंग सहायक संस्था :** मैसर्स इंडिया इंटरनेशनल बैंक (मलेशिया) बीएचडी (आईआईबीएमबी) को मलेशिया में दि. 13.08.2010 को बैंक ऑफ बड़ौदा, आन्ध्रा बैंक और इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा क्रमशः 40%, 25% और 35% की हिस्सेदारी के साथ निगमित किया गया। उद्यम में बैंक की हिस्सेदारी 25% है, जो आरएम की कुल अभिदत्त पूंजी 330 मिलियन (दि. 31.03.2020 को लगभग ₹ 578.00 करोड़ @ 1 आरएम = ₹ 17.5150) में आरएम 82.50 मिलियन (बही मूल्य 143.28 करोड़ रुपये) है । संयुक्त उद्यम ने दि. 11.07.2012 को कारोबार शुरू किया।

राजकोष तथा विदेशी मुद्रा व्यवसाय : बैंक एक ञअधिकृत डीलरट है, जो बैंक की 57 नामित ञ्बीट श्रेणी शाखाओं के माध्यम से विदेशी मुद्रा व्यापार करता है। देश जोखिम, विनिमय जोखिम और अन्य विदेशी विनिमय जोखिमों के प्रबंधन के लिए आवश्यवक व्यवस्था की गई है। प्रत्येक जोखिम श्रेणी में एकल देश जोखिम सीमा और देशों के समूह के लिए समग्र जोखिम सीमा तय है और दैनिक आधार पर निगरानी की जा रही है।

- बैंक ने विदेशी मुद्रा मेंवित्त वर्ष 2018-19 के दौरान ₹ 37,733 करोड़ की तुलना मेंवित्त वर्ष 2019-20 के दौरान ₹ 31,982 करोड़ व्यापारी कारोबार दर्ज किया।
- विदेशी मुद्रा लेनदेन पर लाभ वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान ₹ 308.19 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान ₹ 270.97 करोड़ है ।
- बैंक ने वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान ₹ 11,44,818 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान ₹ 10,72,145 करोड़ अंतर-बैंक कारोबार दर्ज किया।
- बैंक का निर्यात वित्त दि. 31.03.2019 को ₹ 3,742 करोड़ रुपये की तुलना में दि. 31.03.2020 को ₹ 3,434 करोड़ रहा।

क्रेडिट कार्ड व्यवसाय: हमारा बैंक सन् 1981 से जारीकर्ता और अधिकरणकर्ता (व्यापारी व्यवसाय) दोनों में क्रेडिट कार्ड व्यवसाय में अग्रणी है। मार्च 2019 को समाप्त वर्ष में हमारा कार्ड 3,01,234 आधार से बढ़कर 3,03,962 कार्ड आधार हो गया है। क्रेडिट कार्ड की कुल देय राशि 31 मार्च 2019 को ₹ 443.64 करोड़ से बढ़ कर मार्च 31.03.2020 को ₹ 462.91 करोड़ हो गयी है। क्रेडिट कार्ड का कारोबार मार्च 2019 को समाप्त वर्ष में ₹ 1,690.34 करोड़ से बढ़कर मार्च 2020 के अंत में ₹ 1,774.75 रहा। मार्च 2019 को समाप्त वर्ष में ₹ 62.43 करोड़ की तुलना में 5.91% की वृद्धि दर से मार्च 2020 को समाप्त वर्ष में प्रभाग का निवल लाभ ₹ 66.12 करोड़ रहा।

व्यापार बैंकिंग सेवाएं

बैंक का सेबी के साथ निम्नलिखित दो पंजीकरण है:

डिबेंचर ट्रस्टी

निर्गम के लिए बैंकर

बैंक श्रेणी -I व्यापारी बैंकर या डिबेंचर न्यास के रूप में कोई भी कार्यकलाप नहीं कर रहा है और मर्चेंट बैंकिंग पंजीकरण सन् 2017-18 में अभ्यर्पित कर दिया था।बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट्स, मैसर्स एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट्स लिमिटेड, मुंबई के साथ समन्वय कर बैंक, इक्विटी और लाभांश संबंधित बैंक के शेयरधारकों का अनुरोध एवं शिकायतों का निवारण कर रहा है।

बैंक के लिए इक्विटी पूंजी में वृद्धि: वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान, बैंक ने अधिमानी आधार पर भारत सरकार से इक्विटी पूंजी के तहत 200 करोड़ रुपए जुटाए हैं। बैंक ने दस करोड़ इक्विटी शेयरों को पात्र कर्मचारियों को आन्ध्रा बैंक कर्मचारी स्टॉक खरीद योजना के तहत ₹ 19.60 रियायती कीमत प्रति शेयर की दर से आबंटन के माध्यम से ₹192.60 करोड़ भी जुटाए हैं। उक्त शेयर 24.04.2019 को आबंटित किए गए है।

बैंक की ऋण पूंजी में वृद्धि:वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान, बैंक ने कोई ऋण बॉण्ड जारी नहीं किया है।

बैंक की ऋण बॉण्डों और जमा राशि प्रमाण पत्र की रेटिंग : बैंक द्वारा जारी ऋण बॉण्ड और सीडी की रेटिंग हेतु बैंक, मैसर्स केअर रेटिंग्स इंडिया लिमिटेड, मैसर्स केयर रेटिंग्स इंडिया लिमिटेड और मैसर्स क्रिसिल लिमिटेड की सेवाओं का लाभ उठा रहा है।

बैंक द्वारा जुटाई गई ऋण पूंजी पर वार्षिक ब्याज का भुगतान:विभाग संबंधित नियत तारीखों पर बॉण्डधारकों को वार्षिक ब्याज का भुगतान कर रहा है।

इक्विटी शेयरों पर लाभांश का भुगतान:शून्य

साधारण बैठकों आयोजित करना :बैंक के शेयरधारकों की 19वीं वार्षिक साधारण बैठक दि. 29.07.2019 को आयोजित की गई थी और दि. 31.03.2019 को समाप्त वित्त वर्ष हेतु बैंक के वार्षिक खातों को अपनाने के लिए उनकी अनुमोदन प्राप्त की गई। रू.200 करोड़ की टून के अधिमानी आधार पर भारत सरकार को शेयर जारी करने के लिए शेयरधारकों की अनुमेदन हेतु विभाग ने दि. 26.02.2020 को असाधारण साधारण बैठकों का आयोजन किया था।

सेबी विनियमों/दिशानिर्देशों और सूचीबद्ध विनियमों के प्रावधानों का अनुपालन: बैंक ने समय-समय पर जारी सेबी विनियमों/दिशानिर्देशों का अनुपालन किया है। बैंक ने सेबी (सूचीकरण बाध्यता और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 का अनुपालन किया है।

अदत्त/अदावी लाभांश को निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (आईईपीएफ) में अंतरित करना : बैंकिंग कंपनियों (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) और वित्तीय संस्था विधि (संशोधन) अधिनियम, 2006 (जो दि. 16.10.2006 से लागू हुआ है) के संदर्भ में कंपनी के अधिनियम, 2013 की धारा 125 के तहत केंद्र सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (आईईपीएफ) में सात वर्षों की अवधि के लिए अदत्तक या अदावी या गैर-नकदीकृत लाभांश की राशि को हस्तांतरित करने का अनुरोध किया जाता है। 2019-20 के दौरान, बैंक ने 2011-12 से संबंधित अदावी/अदत्ति लाभांश राशि को निवेशक शिक्षा और सुरक्षा कोष (आईईपीएफ) में स्थानांतरित कर दिया है।

साचिविक लेखा-परीक्षा: सेबी की विनियम 24ए (सूचीकरण बाध्यता एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं), विनियमावली, 2015 और सेबी परिपत्र दिनांक 08.02.2019 के अनुसार मैसर्स डी. हनुमंता राजू एंड कंपनी, अभ्यासरत कंपनी सचीव को वित्त वर्ष 2019-2020 के लिए बैंक के साचिविक लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। उक्त परिपत्र में निर्धारित मामलों के अनुसार बैंक का साचिविक लेखा परीक्षा पूरे वर्ष के लिए आयोजित किया गया था और इस रिपोर्ट में अनुलग्नक के रूप में प्रदान किए गए वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए सचिवीय लेखा परिक्षा रिपोर्ट में इसे दिखाया गया था।

साचिविक लेखा परीक्षा फर्म ने अपनी रिपोर्ट में कोई अर्हता नहीं दी है, परंतु बैंक द्वारा पालन की जाने वाली कॉर्पोरेट अभिशासन पद्धति में सुधार हेतु कुछ अवलोकन/सुझाव दिए है।

जिसका सारांश निम्नलिखित है:

- अधिनियम की धारा 9(3)(छ) के अनुसार मंडल में चार पद रिक्त हैं, तथा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 (अधिनियम) की धारा 9(3)(ङ) और धारा 9(3)(च) के अंतर्गत एक-एक रिक्त पद है जिनका नामांकन केंद्र सरकार द्वारा किया जाना है।
- भारिबैंक और वित्त मंत्रालय के क्रमश: परिपत्रों के आधार पर बैंक की नियुक्ति समिति और पारिश्रमिक समिति का गठन किया जाता है।
- वर्ष 2019-2020 के दौरान, भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4) (i) तथा 51(1) साथ पढ़े जाने वाली धारा 47ए (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग कर, भारिबैंक द्वारा जारी अपने ग्राहक को जाने (केवाईसी) मानदंड/धन शोधन निवारण (एएमएल) मानकों और चालू खाते खोलने हेतु जारी निर्देशों के कुछ प्रावधानों के गैर-अनुपालन के लिए बैंक पर 25 लाख रुपये का मौद्रिक दंड लगाया है।

प्रबंधन, सर्व प्रथम साचिविक लेखा-परीक्षा टीम द्वारा दिए गए टिप्पणियों, अवलोकन और सुझावों हेतु उनका आभार प्रकट करता है। राष्ट्रीयकृत बैंक होने के कारण, बोर्ड की संरचना बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 द्वारा संचालित है और संबंधित अपेक्षित रिक्त पदों को केंद्र सरकार द्वारा भरा जाना है। रिक्त पदों की स्थिति भारत सरकार को नियमित आधार पर सूचित की गई थी।

बैंक-बीमा एवं शुल्क-आधारित उत्पाद : बैंक लगातार जीवन और गैर-जीवन बीमा उत्पादों, म्यूचुअल फंड उत्पादों, निक्षेपागार सेवा, प्रत्यक्ष कर, वाणिज्यिक कर, नगरपालिका कर, उपयोगिता भुगतान, भुगतान गेटवे सेवाएं, ऑटो-डेबिट सुविधाएं आदि का विपणन करके आय प्रवाह के विविधीकरण के माध्यम से गैर-ब्याज आय बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

- **जीवन बीमा:** बैंक ऑफ बड़ौदा और यूके के लीगल एंड जनरल ग्रुप पीएलसी के साथ मिलकर इंडिया फर्स्ट लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से एक संयुक्त उद्यम जीवन बीमा कंपनी बनाई गई है और इसे औपचारिक रूप से मार्च 2010 में प्रारंभ किया गया था। अब मैसर्स कारमेल पाइंट इनवेस्टमेंट्स इंडिया प्राईवेट लिमिटेड ने 2018-19 में लीगल एंड जनरल ग्रुप की हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है।वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान, ₹210.89 करोड़ का कुल नया व्यवसाय प्रीमियम (खुदरा और समूह व्यवसाय सहित) जुटाया गया था। दि. 31.03.2020 को नवीकरण प्रीमियम ₹381.95 करोड़ एकत्र किया गया। बैंक ने जीवन बीमा पॉलिसी की बिक्री से ₹ 24.32 करोड़ का कमीशन अर्जित किया।
- **गैर-जीवन बीमा:** बैंक ने समान्य बीमा और स्वास्थ्य बीमा के लिए मेसर्स यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कं. लिमिटेड और समान्य बीमा के लिए मेसर्स रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कं. लिमिटेड के साथ और स्वास्थ्य बीमा हेतु मैसर्स मनीपालसिगना इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ भी गठबंधन किया है।वर्ष के दौरान बैंक ने ₹242.94 करोड़ का प्रीमियम जुटाया है और सामान्य बीमा के तहत ₹36.48 करोड़ का कमीशन अर्जित किया।
- **पेमेंट गेटवे और म्यूचुअल फंड:**बैंक 12 पेमेंट गेटवे और 11 म्यूचुअल फंड कंपनियों के साथ गठबंधन किया है।बैंक ने ₹1.61 करोड़ का कमीशन अर्जित किया है।
- **शुल्क आधारित आय:** बैंक ने ₹ 237.14 करोड़ शुल्क आधारित आय अर्जित की है।
- **निक्षेपागार सेवा:** बैंक 'एबी डीमैट' के ब्रांड नाम के अंतर्गत जनता को निक्षेपागार सेवा दे रहा है। बैंक सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के साथ-साथ नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के साथ निक्षेपागार सहभागी (डीपी) है। बैंक ने वित्त वर्ष 2019-20 में 190 डीमैट खाते खोले हैं और ₹ 42.28 लाख का कमीशन अर्जित किया है।

आईटी पहल:वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान आपके बैंक ने ग्राहक सेवा में सुधार के लिए निम्नलिखित आईटी पहल की हैं:

- एफईबीए - फिनैकल ई बैंकिंग एप्लीकेशन - नई सुविधाएँ जोड़ी गई हैं: खुदरा इंटरनेट बैंकिंग ग्राहकों हेतु आधार मैपर स्थिति सुविधा सक्षम किया गया है। यह सुविधा एनपीसीआई से मैप किए आधार संख्या के साथ बैंक का नाम उपलब्ध करती है । इसके लिए पूर्व-आवश्यक है कि, मूल्य वर्धित सेवाओं के तहत ग्राहकों के आधार संख्या को ग्राहक मास्टर में फीड किया जाना चाहिए। परिवर्धन को पंजीकृत मोबाइल के द्वारा ओटीपी के साथ सत्यापित किया जाता है।
- मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन (यूपीआई): गिफ्ट कार्ड, कूपन और रिचार्ज की खरीद के लिए है आन्ध्रा बैंक वन यूपीआई एंड्रॉइड ऐप्लिकेशन मैसर्स एमएसईडब्ल्यूए एपीआई के साथ एकीकृत है। यह ऐप्लिकेशन दि. 19 मार्च 2020 से ग्राहकों के लिए उपलब्ध है।
- केसीसीएफआई (मत्स्य पालन) और केसीसीएएच (पशुपालन) योजनाओं और संबंधित रिपोर्टिंग प्रारूपों के लिए ब्याज अनुदान प्रदान करना : वर्ष 2019-20 के लिए सरकार ने मत्स्य और पशुपालन किसानों के लिए ब्याज अनुदान में प्रदान किया है (2 लाख तक)। डीआईटी ने मत्सय और

पशुपालन में केसीसी खातों को समिल्लित कर व्याज अनुदान प्रक्रिया प्रवाह तैयार किया है।

➢ एसएमएस अलर्ट के माध्यम से आवेदन जमा करने पर उधारकर्ता को आवेदन की स्थिति का ज्ञान: डीआईटी ने आवेदन प्राप्ति तिथि, उधारकर्ता का नाम, ऋण राशि, आवेदन की स्थति आदि क्षेत्रों को ग्रहण करने हेतु सीबीएस में नवीन मेनू LOANMIS तैयार किया। ऋण आवेदन में दिए गए उधारकर्ता के मोबाइल नंबर पर एसएमएस अलर्ट भेजा जाएगा। आवेदन की प्रविष्टि प्रक्रिया पूर्ण होने तथा आवेदन के अनुमोदन/अस्वीकृति चरण में एसएमएस अलर्ट भेजा जाएगा।

➢ एनपीसीआई एपीआई सेवाएं जैसे खाता सूचना निकालना, पैन कार्ड सीडिंग जांच, एनपीसीआई मैपर में आधार सीडिंग : एनएसीएच संबंधित कार्यकलापों के संदर्भ में बैंक/शाखा स्तर पर बेहतर ग्राहक सेवाएँ प्रदान करने के लिए एपीआई के रूप में एनपीसीआई ने बैंक को कुछ मूल्यवर्धित सेवाएँ प्रदान की हैं। एनपीसीआई द्वारा प्रकाशित निम्नलिखित एपीआई ई-एबी द्वारा लागू किया गया है:

- निविष्ट के रूप में दिए गए खाता संख्या द्वारा "पैन" प्राप्त करना
- खाता स्थिति प्राप्त करना (अन्य बैंक खाते के लिए)
- खाताधारक के नाम के लिए अनुरोध (अन्य बैंक खाते के लिए)
- एनपीसीआई मैपर में आधार सीडिंग/डिसीडिंग।

नेटवर्क विस्तार: दि. 31.03.2020 को बैंक के 6671 डिलीवरी चैनल रहे, जिनमें 2874 शाखाएं, 4 विस्तार पटल और 3793 एटीएम शामिल है, जिनमें बीएनए/सीआर 26 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हैं।ग्राहक के विशिष्ट वर्गो की जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंक की 44 विशिष्ट शाखाएं हैं।

शाखाओं की जनसंख्या समूह वार वर्गीकरण

क्र सं	वर्ग	संख्या	कुल का %
1	मेट्रो	712	24.77
2	शहरी	652	22.68
3	अर्ध शहरी	763	26.55
4	ग्रामीण	747	26.00
	कुल	**2874**	**100**

बैंक की 44 विशिष्ट शाखाएं निम्नानुसार हैं :

क्र. सं.	विशिष्ट शाखाओं की श्रेणी	शाखाओं की संख्या।
1	विशेषीकृत एसएमई शाखाएं	17
2	विशेषीकृत कृषि वित्त शाखाएं	1
3	विशेषीकृत कृषि - हाईटेक शाखाएं	6
4	विशेषीकृत आवास वित्त शाखाएं	4
5	विशेषीकृत कार्मिक बैंकिंग शाखाएं	4
6	विशेषीकृत एनआरआई शाखाएं	1
7	कॉर्पोरेट वित्त शाखाएं	2
8	ऑटो-टेक वित्त शाखा	1
9	विदेशी शाखा	1
10	आस्ति वसूली प्रबंधन शाखाएं	6
11	छोटी बी शाखा	1
	कुल	**44**

अल्पसंख्यक बहुल जिलों में उपस्थिति: दि.31.03.2020 को अल्पसंख्यक बहुल जिलों में हमारी 335 शाखाएं हैं। दि. 31.03.2020 को देश भर में बैंक के कुल नेटवर्क में से, अल्पसंख्यक बहुल जिलों में शाखाओं का प्रतिशत 11.60% था।

आन्ध्रा बैंक ग्रामीण विकास न्यास: आन्ध्रा बैंक ग्रामीण विकास न्यास एपी (9), तेलंगाना (2), ओडिशा (2), और केरल (1) राज्यों में 14 ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान चला रहा है और किसानों, एसएचजी महिलाओं, ग्रामीण बेरोजगार युवाओं और कारीगरों के लिए क्षमता निर्माण, उद्यमशीलता विकास और ज्ञान का प्रसार के लिए आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। एबीआरडीटी रंगरेड्डी जिले में एक कौशल विकास संस्थान भी चला रहा है। स्थापना के बाद से, संस्थानों द्वारा 6649 कार्यक्रमों के माध्यम से 190412 उम्मीद्वारों को प्रशिक्षित किया गया है और लगभग 78.59% प्रशिक्षित उम्मीदवार लाभकारी उपक्रमों में लगे हुए हैं। 55.08% स्थायी उम्मीदवार बैंक शाखाओं से जुड़े हुए हैं। वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान, संस्थानों ने 351 कार्यक्रमों के माध्यम से 9115 उम्मीदवारों को प्रशिक्षण प्रदान किया। एमओआरडी की आरएसईटीआई योजना के तहत सभी 12 आरएसईटीआई 2018-19 के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उच्चतम रेटिंग "एए/ए'' के साथ सम्मानित किए गए हैं। वर्ष 2018-19 के लिए आन्धा बैंक को आरएसईटीआई (2रा स्थान) के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्यनिषादक बैंक का पुरस्कार मिला है। दि. 19.12.2019 को एनएसीएस, पीयूएसए, नई दिल्ली में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित एक भव्य राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह में बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री कुल भूषण जैन ने श्री नरेंद्र सिंह तोमर, माननीय केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण, ग्रामीण विकास और पंचायती राज, भारत सरकार के कर कमलों से पुरस्कार प्राप्त किया। एनआईआरईडी राजम, आन्धा बैंक द्वारा प्रायोजित आरएसईटीआई में से एक जो कि श्रीकाकुलम जिला, आन्ध्र प्रदेश में स्थित है को दि. 19.12.2019 को ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2018-19 हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्यनिषादक आरएसईटीआई पुरस्कार दिया गया।

गुणवत्तापरक पहलू :

जोखिम प्रबंधन: भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए मार्गदर्शन नोट/दिशानिर्देशों के अनुरूप ऋण जोखिम, बाजार जोखिम और परिचालन जोखिम के प्रबंधन के लिए बैंक के पास व्यापक "एकीकृत जोखिम प्रबंधन नीति'' है। विभाग वार्षिक आधार पर निम्नलिखित नीतियों की तैयारी और समीक्षा कर रहा है।

i. ऋण जोखिम रेटिंग पॉलिसी
ii. मॉडल जोखिम नीति
iii. ऋण जोखिम डेटा प्रबंधन पॉलिसी
iv. ऋण जोखिम प्रबंधन नीति
v. ऋण जोखिम शमन और संपार्श्विक प्रबंधन नीति
vi. जोखिम आधारित मूल्य निर्धारण और प्रदर्शन प्रबंधन नीति।
vii. परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति
viii. बाजार जोखिम प्रबंधन नीति
ix. परिसंपत्ति देयता प्रबंधन पॉलिसी
x. एकीकृत जोखिम प्रबंधन नीति
xi. एकीकृत निवेश और विदेशी मुद्रा नीति

उपर्युक्त के अतिरिक्त, विभाग द्वारा निम्नलिखित नीतियां भी बनाई गई हैं:

1. दवाव परीक्षण नीति
2. आईसीएएपी नीति
3. प्रकटीकरण नीति
4. आउटसोर्सिंग नीति - गैर-आईटी गतिविधियाँ
5. उधारकर्ताओं की विदेशी मुद्रा जोखिमों के बचाव पर नीति।

सभी नीतियों की वार्षिक समीक्षा की जाएगी।

ऋण जोखिम:

ऋण जोखिम प्रबंधन समिति, बोर्ड और आरएमसी द्वारा अनुमोदित ऋण नीतियों के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार है। बैंक ने सुपरिभाषित ऋण नीतिट अपनायी है, जिसे बोर्ड ने विधिवत् अनुमोदित किया है और इसमें क्रेडिट प्रस्ताव, वित्तीय प्रसंविदाएं, रेटिंग मानक और बेंचमार्क, ऋण अनुमोदन शक्तियों का प्रत्यायोजनट बड़े ऋण एक्सपोज़र पर विवेकपूर्ण सीमा, आस्ति संकेंद्रीकरण, ऋण संपार्श्विक के लिए मानक, संवर्ग प्रबंधन, ऋण समीक्षा तंत्र, जोखिम संकेंद्रीकरण, जोखिम निगरानी और मूल्यांकन, ऋण का मूल्य निर्धारण, प्रावधान, नियामक/अनुपालन आदि की प्रस्तुति के लिए मानकों को निर्धारित किया है।

बैंक में ऋण जोखिम प्रबंधन नीति, ऋण जोखिम शमन और संपार्श्विक प्रबंधन नीति, ऋण जोखिम रेटिंग नीति, ऋण वसूली और एनपीए प्रबंधन नीति भी है। एक्सपोजर की विभिन्न श्रेणियों के लिए बैंक ने व्यापक जोखिम रेटिंग प्रणाली अपनायी है। बैंक ने 5 करोड़ रुपये और उससे अधिक के सभी एक्सपोजर हेतु आंतरिक रेटिंग निर्धारित करने के लिए रेटिंग कक्ष की स्थापना की है। रेटिंग कक्ष शाखा/आंचलिक कार्यालय/सर्कल कार्यालय द्वारा दी गई आंतरिक रेटिंग को जाँच करता है और अंतिम रेटिंग निर्धारित करता है। रेटिंग सेल व्यापक रेटिंग कवरेज, रेटिंग प्रक्रिया की अखंडता और उचित डेटा रखरखाव सुनिश्चित करता है। बैंक क्रिसिल से उद्योग रिपोर्ट और क्रिसिल अनुसंधान से उद्योग जोखिम स्कोर सेवा का उपयोग करता है। ऋण जोखिम कक्ष मासिक आधार पर एमसीएलआर की गणना करता है।

बाजार जोखिम: बाजार जोखिम बाजार की निर्धारित दरों और कीमतों के प्रतिकूल संचलानों से होने वाले नुकसान की संभावना को दर्शाता है।बाजार जोखिम प्रबंधन का उद्देश्य बैंक की कमाई और इक्विटी का इस तरह के नुकसानों से बचाव और वित्तीय साधनों जैसे कि प्रतिभूतियों, विदेशी मुद्रा अनुबंध, इक्विटी और व्युत्पन्न उपकरण, साथ ही तुलन पत्र या संरचनात्मक स्थिति में निहित अस्थिरता से बैंक को अत्यधिक जोखिम से बचाना है। बैंक ने सुपरिभाषित 'बाजार जोखिम प्रबंधन नीति' और बाजार जोखिम प्रबंधन कार्यों के लिए संगठनात्मक संरचना अपनायी है।बैंक आस्ति देयता प्रबंधन (एएलएम) पॉलिसी और 'निवेश/ विदेशी मुद्रा नीति' के माध्यम से बाजार के जोखिम का प्रबंधन करता है।

एक उच्च स्तरीय कार्यकारी समिति अर्थात आस्ति देयता समिति (एएलसीओ) बैंक में एएलएम की देखरेख करती है और बाजार में चलनिधि और ब्याज दर परिदृश्य पर विचार-विमर्श करती है और विभिन्न उत्पादों के मूल्य निर्धारण का निर्णय लेती है। एएलसीओ नियमित रूप से चलनिधि, ब्याज दरों, इक्विटी और विदेशी मुद्रा क्षेत्रों में बाजार जोखिम की पहचान, माप, निगरानी और शमन की निगरानी करता है।

अवशिष्ट परिपक्वता के आधार पर परिपक्वता बेमेल के लिए 'चलनिधि जोखिम' को 'अंतराल विश्लेषण' द्वारा मापा और प्रबंधित किया जाता है। गैर-परिपक्वता प्रकृति के आस्ति और देयताएं हेतु बैंक व्यवहार संबंधी अध्ययन कर रहा है और अवलोकन को अंतर विश्लेषण में फैक्टरिंग कर रहा है। व्यवहार अध्ययन निष्कर्ष वापस परीक्षण के अधीन है और इसे नियमित रूप से विधिमान्य किया जाता है। निवल अंतराल के लिए तथा एक वर्ष तक संचयी अंतराल के लिए भी विवेकपूर्ण सीमाएं तय की जाती है तथा इन सीमाओं को नियमित रूप से मापा और निगरानी की जाती है। बैंक की चलनिधि प्रोफ़ाइल भी विभिन्न चलनिधि अनुपातों के माध्यम से नियमित रूप से मापी जाती है और उस पर आधारित आंतरिक सीमा की मदद से निगरानी की जाती है।

'परिपक्वता अंतराल विश्लेषण' एवं 'अवधि अंतराल विश्लेषण' के माध्यम से ब्याज दर जोखिमट की नियमित आधार पर निगरानी की जाती है। ब्याज दरों में प्रतिकूल बदलाव के कारण निवल ब्याज आय (एनआईआई) पर प्रभाव के लिए सहन सीमाएं तय की गई हैं। बैंक की इक्विटी पर ब्याज दर में बदलाव के प्रभाव को मापने के लिए, अवधि अंतराल विश्लेषण किया जाता है और इक्विटी की संशोधित अवधि के लिए विवेकपूर्ण सीमा निर्धारित की जाती है। इक्विटी की संशोधित अवधि इस उद्देश्य के लिए निर्धारित विवेकपूर्ण सीमाओं के भीतर है। वीएआर और अवधि विश्लेषण का उपयोग राजकोष संचालन सहित बाजार के जोखिम को मापने के लिए किया जाता है। बैंकिंग बुक (आईआरआरबीबी) में ब्याज दर जोखिम का भी मासिक आधार पर मूल्यांकन किया जा रहा है।

बाजार से जुड़े अन्य जोखिम जिनमें बैंक एक्सपोज होता है, वे है विदेशी मुद्रा स्थिति पर विदेशी मुद्रा जोखिम, चलनिधि या निधीयन जोखिम और ट्रेडिंग संविभाग पर मूल्य जोखिम। बैंक ने अपनी राजकोषीय कार्यों को नियंत्रित और निगरानी करने के लिए नीतियों को सुस्पष्ट किया है। इन नीतियों में प्रबंधन प्रथाओं, प्रक्रियाओं, विवेकपूर्ण जोखिम सीमा, समीक्षा तंत्र और रिपोर्टिंग प्रणाली शामिल हैं।इन नीतियों को नियमित अंतराल पर वित्तीय और बाजार की स्थितियों में बदलाव के अनुरूप नियमित रूप से संशोधित किया जाता है।

परिचालन जोखिम: परिचालन जोखिम का प्रबंधन 'एकीकृत जोखिम प्रबंधन नीति' का एक हिस्सा है और भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के दृष्टिगत बैंक का परिचालन जोखिम के प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित है। परिचालन जोखिम प्रबंधन कक्ष बैंक के सभी परिचालन जोखिम प्रबंधन गतिविधियों के समन्वय के लिए जिम्मेदार है और इनमें जोखिम प्रोफ़ाइल की समझ का निर्माण, परिचालन जोखिम प्रबंधन से संबंधित उपकरण को लागू करना और बेहतर नियंत्रण और कम जोखिम के लक्ष्यों की दिशा में काम करना शामिल है। परिचालन जोखिम प्रबंधन कमेटी [ओआरएमसी] परिचालन जोखिम नीतियों के कार्यान्वयन और अनुपालन को सुनिश्चित करता है और बोर्ड/जोखिम प्रबंधन कमेटी [आरएमसी] को रिपोर्ट करता है। बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित 'बुनियादी संकेतक दृष्टिकोण' (बीआईए) को अपनाते हुए परिचालन जोखिम के लिए पूंजी प्रभार की गणना कर रहा है ।

भारित आस्तियों के प्रति पूँजी अनुपात (सीआरएआर) की गणना के लिए अपनाए गए दृष्टिकोण : भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, 'नई पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क' के तहत भारत के सभी वाणिज्यिक बैंक ऋण जोखिम के लिए मानकीकृत दृष्टिकोण, बाजार जोखिम के लिए मानकीकृत अवधि दृष्टिकोण और संचालन जोखिम के लिए बुनियादी संकेतक दृष्टिकोण का पालन करेंगे।

ऋण जोखिम: बैंक वर्तमान में ऋण जोखिम के लिए पूंजी आवश्यकताओं के

आकलन हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण का अनुसरण कर रहा है जिसमें निवेश के एचटीएम संवर्ग भी शामिल हैं। ऋण जोखिम के लिए उन्नत दृष्टिकोणों पर आगे बढ़ने के लिए बैंक खुद को तैयार कर रहा है। इस संबंध में, बैंक ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बैंक मैनेजमेंट (एनआईबीएम), पुणे के परामर्श सहायता के साथ ऋण जोखिम रेटिंग मॉडल (सीआरआरएम) विकसित किया है। इस मॉडल को आंतरिक रूप से मजबूत बनाकर इसे डब्ल्यूएएन (वाइड एरिया नेटवर्क) आधारित सीआरआरएम मॉडल बनाया गया है ताकि यह बैंक के किसी भी स्थान से एक्सिबल हो सके। यह मॉडल ट्रांज़िशन मैट्रिसेस एंड डिफ़ॉल्ट पासिबिलिटीस (चूक की संभावना) प्रदान करने में सक्षम है और भविष्य में बैंक को उन्नत दृष्टिकोणों को अपनाने में मदद करेगा ।

बाजार जोखिम: भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बाजार जोखिम (एचएफटी और एएफएस श्रेणियों में निवेश) हेतु बैंक कंप्यूटिंग पूजीगत प्रभार के लिए मानकीकृत अवधि पद्धति का उपयोग कर रहा है।

परिचालनिक जोखिम: बैंक मूल संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) के अनुसार परिचालनिक जोखिम के लिए पूंजी प्रदान कर रहा है।

उन्नत दृष्टिकोण पर आगे बढ़ने की तैयारी: बैंक एकीकृत जोखिम प्रबंधन समाधान का कार्यान्वयन के माध्यम से उन्नत दृष्टिकोण की ओर आगे बढ़ रहा है।

बेसल आवश्यकताओं पर भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के लिए बैंक का अनुपालन:

पिलर - I (न्यूनतम पूंजी आवश्यकताएं): भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने बेसल III दिशानिर्देशों में निम्नलिखित बढ़ी हुई पूंजी आवश्यकताओं के बारे में बताया है और इन आवश्यकताओं को दि. 30 सितंबर, 2020 तक चरणबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए संक्रमणकालीन व्यवस्था भी निर्धारित की है ।

विनियामक पूंजी	आरडब्ल्यूए के % के रूप में
न्यूनतम सामान्य ईक्विटी टीयर1 अनुपात	5.5
पूंजी संरक्षण बफर (सामान्यक ईक्विटी से बना)	2.5
न्यूनतम सामान्यअ ईक्विटी टीयर 1 अनुपात और पूंजी संरक्षण बफर का जोड़ (i) + (ii)	8.0
अतिरिक्त टीयर 1 पूंजी	1.5
न्यूभनतम टीयर 1 पूंजी अनुपात (i) + (iv)	7.0
टीयर 2 पूंजी	2.0
न्यूभनतम कुल पूंजी अनुपात (एमटीसी) (v) + (vi)	9.0
न्यूभनतम कुल पूंजी अनुपात और पूंजी संरक्षण बफर (vii) + (ii)	11.5

*भारिबैंक आपने अधिसूचना दिनांक 27.03.2020 के माध्यम से दि. 31.3.2020 से 30.9.2020 तक के पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) का 0.625% का गत अंश का कार्यान्वयन आस्थगित कर दिया है।

बैंक बेसल II और बेसल III दिशानिर्देशों के अनुसार अपनी पूंजी की पर्याप्तता की गणना कर रहा है।वर्तमान में बैंक की पूंजी पर्याप्तता बेसल III के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित अंतरणकालीन व्यवस्था के अनुरूप है।तथापि, बढ़ती व्यावसायिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, बैंक को अपने पूंजी कोषों को, विशेष रूप से भविष्य में आम इक्विटी में वृद्धि करके, पूरक करना पड़ सकता है।

स्तंभ - II (पर्यवेक्षी समीक्षा और मूल्यांकन प्रक्रिया): बेसल III ढांचे के तहत भारतीय रिज़र्व बैंक के पिलर- II दिशानिर्देशों के अनुपालन में, बैंक ने एक्सपोज हो सकने वाली विभिन्न जोखिमों के संबंध में आंतरिक पूंजी का आकलन करने के लिए आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) की नीति तैयार की है। असाधारण परंतु संभाव्यि परिस्थितियों में प्रभावी रूप से काम करने के लिए बैंक की वित्तीय और प्रबंधन क्षमता का आकलन करने के लिए दवाव परीक्षण और परिदृश्य विश्लेषण का उपयोग किया जाता है। बैंक क्षेत्रवार, भौगोलिक और उधारकर्ता वार संकेंद्रीकरण के आधार पर संवर्ग स्तर के जोखिमों का आकलन करने के लिए तिमाही आधार पर संकेंद्रीकरण जोखिम का मूल्यांकन कर रहा है। बैंक क्रेडिट संकेंद्रीकरण जोखिम का निर्धारण करने के लिए हरफिंडाल-हिर्षमैन सूचकांक (एचएचआई), गिनी गुणांक और रोसेनब्लाट्ट सूचकांक जैसे सांख्यिकीय मापदंडों का उपयोग कर रहा है। बैंक के पास बोर्ड द्वारा अनुमोदित दवाव परीक्षण नीति है जिसमें अपने संभाव्यता सुभेद्यता को मापने हेतु विभिन्न तकनीकों का वर्णन और ऐसे सुभेद्यता को बनाए रखने की इसकी क्षमता भी हो।

स्तंभ - III (बाज़ार अनुशासन): बेसल III पूंजी विनियमों के कार्यान्वयन पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी परिपत्र में निहित प्रकटीकरण आवश्यकताओं के अनुसार बैंक के पास प्रकटीकरण नीति है। इसमें दिशानिर्देशों का पालन किया जाता है तथा अनुपालन सक्षम अधिकारियों को रिपोर्ट किया जाता है। बेसल III के स्तंभ- III (बाजार अनुशासन) का उद्देश्य प्रकटीकरण आवश्यकताओं के एक समूह को विकसित कर बाजार सहभागियों को अनुप्रयोग, पूंजी, जोखिम एक्सपोजर, जोखिम मूल्यांकन प्रक्रियाओं और इस प्रकार बैंक की पूंजी पर्याप्तता के दायरे पर जानकारी के प्रमुख मदों को एक्सेस उपलब्ध कराते हुए है बाजार अनुशासन को प्रोत्साहित करना है। पिलर- III प्रकटीकरण बैंक की वेबसाइट पर त्रैमासिक और अर्धवार्षिक आधार पर प्रकाशित होते हैं, साथ ही प्रत्येक वर्ष मार्च के अंत में वर्ष की समाप्ति पर प्रकटीकरण किया जाता है। पिलर- III वर्षांत प्रकटीकरण बैंक के वार्षिक रिपोर्ट में भी प्रकाशित होने के अलावा बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

उपरोक्त के अतिरिक्त, भारतीय रिज़र्व बैंक ने लीवरेज और चलनिधि मानकों के कई अन्य उपाय प्रारंभ किए हैं। जो इस प्रकार हैं:-

- दो अनुपातों यथा चलनिधि लिवरेज अनुपात (एलसीआर) और निवल स्थिर निधीयन अनुपात (एनएसएफआर) के द्वारा बैंक की तुलन पत्र के अत्याधिक लिवरेज और चलनिधि मानकों को नियंत्रित करने के लिए न्यूनतम लीवरेज अनुपात 4.00% (डीएसआईबी) तथा 3.5% (अन्य बैंक)।

एलसीआर हेतु आवश्यक है कि बैंक 30 दिनों की अपने कुल तनवाग्रस्त निवल नकदी बहिर्गम कवर के लिए पर्याप्त उच्च-गुणवत्ता वाली चलनिधि आस्तियां अपने पास बनाए रखे। एनएसएफआर हेतु आवश्यक है कि बैंक प्रदत्त दवाव की एक वर्ष की अवधि की स्थिर निधीयन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त धनराशि बनाए रखे। एलसीआर और एनएसएफआर हेतु जारी भारिबैंक दिशानिर्देशों के संदर्भ लेते हुए बैंक नियमित रूप से चलनिधि अनुपात की गणना और निगरानी कर रहा है।बैंक तिमाही आधार पर लीवरेज अनुपात की गणना और निगरानी भी कर रहा है।

आस्ति गुणवत्ता प्रबंधन: दि. 31.03.2020 को बैंक का सकल एनपीए ₹28708.54 करोड़ रहा। सकल अग्रिमों में प्रतिशत के रूप में सकल एनपीए 16.07% रहा जबकि निवल अग्रिमों में प्रतिशत के रूप में निवल एनपीए 4.92% रहा। दि.31.03.2020 को एनपीए का प्रावधान कवरेज 72.95% रहा।एनपीए खातों में कुल गिरावट ₹ 6165 करोड़ रहा।

अनर्जक आस्तियों की स्थिति

(₹ करोड़ में)

	2017-18	2018-19	2019-20
वर्ष की प्रंभ में सकल एनपीए	17669.98	28124.36	28973.97
वर्ष के दौरान वृद्धि	13864.23	5274.94	5899.84
वर्ष के दौरान गिरावट	3409.85	4425.33	6165.27
वर्ष के अंत में सकल एनपीए	28124.36	28973.97	28708.54
निवल एन.पी.ए.	12636.87	9091.40	7764.52

दि. 31.03.2020 को एनपीए का क्षेत्र-वार वितरण निम्नानुसार है

क्षेत्र-वार अनर्जक आस्तियां

(₹ करोड़ में)

खंड	राशि	अग्रिम में एनपीए % *
I. कृषि	1878.68	4.99%
II.एमएसएमई	5562.77	18.65%
III.खुदरा ऋण	1730.33	3.97%
IV.बड़े और मध्य कॉर्पोरेट	19536.76	28.93%
कुल	**28708.54**	**16.07%**

* अग्रिमों में एनपीए % उस क्षेत्र का अग्रिमों को दर्शाता करता है।

एनपीए के विभिन्न वर्गों के अंतर्गत किए गए प्रावधान निम्नानुसार हैं:(13 करोड़ रुपये के अस्थायी प्रावधान को छोड़कर।)

(₹ करोड़ में)

आस्ति की प्रकृति	बकाया	किया गया प्रावधान
अवमानक आस्तियां	4386.66	906.12
संदिग्ध आस्तियां	20260.49	15919.77
हानि आस्तियां	4061.39	4061.39
कुल	**28708.54**	**20887.28**

पुनर्रचना तंत्र: मार्च 2020 के अंत तक पुनर्रचित खातों (एमएसएमई पुनर्रचना सहित) में कुल शेष रु 1611.03 करोड़ रहा।

उधार देने की प्रथाएँ: बैंक ने बोर्ड की स्वीकृति के साथ सुपरिभाषित ऋण नीति दिशानिर्देश तैयार किया है। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देश, समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक की द्विमासिक नीति विवरण, बैंकों के बीच प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण, कुछ व्यावसायिक क्षेत्रों में परिकल्पित ऋण विकास, त्वरित विकास के लिए परिकल्पित नए उत्पादों का विपणन और विकास, क्षेत्र स्तर के अधिकारियों और प्रधान कार्यालय के ऋण विभागों से प्राप्त फीडबैक को ध्यान में रखते हुए बोर्ड द्वारा इन दिशानिर्देशों की समीक्षा की जाती है। ऋण प्रस्तावों को अनुमोदित करने के लिए प्रधान कार्यालय, सर्कल कार्यालय और आंचलिक कार्यालय स्तर पर बैंक में ऋण समितियों का गठन किया गया है और वित्त मंत्रालय के निर्देशों के संदर्भ में उपयुक्त समितियों को उचित मंजूरी शक्तियां प्रत्यायोजत की गई है। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र स्तर के अधिकारियों से प्राप्त प्रतिपुष्टि के आधार पर, ऋण प्रस्तावों के अनुमोदन में लगने वाले समय को कम करने के लिए विभिन्न अनुमोदन अधिकारियों की प्रत्यायोजित शक्तियों की समीक्षा की जाती है और संशोधित किया जाता है। अगली उच्च समितियों/सक्षम अधिकारियों द्वारा सभी अधिकारियों द्वारा की गई मंजूरी की समीक्षा सुनिश्चित करने के लिए बैंक में ऋण समीक्षा तंत्र को और मजबूत किया गया है।

प्रबंधन सूचना प्रणाली: बैंक ने एक मजबूत प्रबंधन सूचना प्रणाली विकसित की है जो जोखिम प्रबंधन और योजना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए आवश्यक डेटा को कैप्चर करती है और निर्णय लेने में शीर्ष प्रबंधन के लिए एक प्रभावी उपकरण के रूप में कार्य करती है।इससे त्वरित निर्णय लेने में सुविधा हुई है।बैंक उपलब्ध सूचना प्रणाली का उपयोग करते हुए दैनिक आधार पर भी प्रमुख मापदंडों में प्रदर्शन का विश्लेषण करने की स्थिति में है।बैंक के सीबीएस मंच का लाभ उठाते हुए, एमआईएस ने त्वरित निर्णय लेने और इसके कार्यान्वयन की सुविधा प्रदान की है।

निरीक्षण और लेखा परीक्षा : लेखा परीक्षा वर्ष 2019-20 के दौरान, विभाग ने लेखा परीक्षा योजना में निर्धारित लक्ष्यों को हासिल और संपन्न किया है:

- ➢ वित्त वर्ष 2019-2020 के लिए 1784 के निर्धारित लक्ष्य के प्रति आर बी आई ए के तहत 1939 शाखाओं की लेखा परीक्षा पूरी की गई और सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिनांक 24.06.2020 तक 1932 रिपोर्ट को बंद किया गया।
- ➢ सभी 6 सर्कल / 36 आंचलिक कार्यालयों और 33 प्रधान कार्यालय के चयनित विभागों को मिलाकर कुल 75 प्रबंधन के लेखापरीक्षा किए गए।
- ➢ 69 अन्य प्रशासनिक कार्यालयों, यथा., आरएलई, एसएमई, मुद्रा तिजोरी, एफ़एससी और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का वार्षिक निरीक्षण किया गया।
- ➢ 1117 राजस्व रिसाव की सीमित लेखापरीक्षा समीक्षा आयोजित हुए।
- ➢ 902 शाखाओं का लेखापरिशा अनुपालन किए गए।
- ➢ पिछले वर्ष के 72.74 की तुलना में निरीक्षण रिपोर्ट को बंद करने में औसतन मानव दिनों में सुधार हुआ है और अब यह 63.92 है।
- ➢ वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान 41 आईएस लेखा परीक्षा आयोजित किए गए, जिनमें आईटी प्रतिष्ठान, सॉफ्टवेयर लेखा-परीक्षा, आउटसोर्सिंग गतिविधियों की लेखा परीक्षा और पंजीकरण प्राधिकरण (आरए) शामिल है।
- ➢ दैनिक आधार पर आंतरिक आईएस लेखापरीक्षक द्वारा डाटा सेंटर से समवर्ती आईएस लेखापरीक्षा का आयोजन किया जाता है।
- ➢ समन्वित और बाह्य लेखा परीक्षक मेसर्स डिजिटलएज के साथ 75 से अधिक क्षेत्रों के सीबीएस और आसपास के अनुप्रयोगों और 500 से अधिक सर्वरों और यूआरएल के लिए वीएपीटी के लेखा परीक्षा के लिए।

समवर्ती लेखापरीक्षा : भारि बैंक और वि.से.वि के दिशानिर्देशों के अनुसार वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान 666 लेखापरीक्षक नियुक्त किए गए, जिन्होंने 655 शाखाओं, 3 सीटीएस ग्रिड और 7 प्रधान कार्यालयों के विभागो हेतु समवर्ती लेखापरीक्षा आयोजित करते हुए 70% बैंक के व्यवसाय को कवर किया है।

ऑफ साइट मॉनिटरिंग कक्ष (ओएसएम सेल) : श्री बसंत सेठ द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर गठित **ऑफ साइट मॉनिटरिंग कक्ष (ओएसएम कक्ष)** पिछले दिन शाखाओं में हुए उच्च मूल्य / महत्वपूर्ण लेनदेन की रिपोर्ट तैयार करता है, उनकी जांच करता है और जहां कहीं भी कमियां होती हैं, वहां सुधार कार्य करने के लिए नियंत्रण कार्यालयों / शाखाओं को संवेदनशील बनाता है। निर्धारित प्रणालियों और प्रक्रियाओं का पालन करने पर ध्यान दिया जाता है। अलर्ट भेजने के अलावा, ओएसएम कक्ष विभिन्न मापदंडों के आधार पर लेनदेन की समीक्षा करता है और शाखाओं से उन सूचनाओं / स्पष्टीकरणों की तलाश करता है जो उन्हें महत्वपूर्ण या संदिग्ध लगते हैं।

विभाग दैनिक / साप्ताहिक / मासिक आधार पर 97 अलर्ट को तैयार एवं समीक्षा कर रहा है, जिसमें से 81 बसंत सेठ समिति की सिफारिशों के अनुसार हैं और शेष 16 आंतरिक समितियों और प्रधान कार्यालय वर्टिकल द्वारा अनुशंसित हैं। विभाग 10 करोड़ और उससे अधिक के लेन-देन की भी हर 2 घंटे में निगरानी कर रहा है।

अनुपालन नीति:बैंक में एक व्यापक अनुपालन नीति है। उप महाप्रबंधक के पद पर बैंक के एक कार्यकारी को ञ्मुख्य अनुपालन अधिकारीट के रूप में नियुक्त किया गया है। बैंक द्वारा अपनाई गई नीति के अनुसार, प्रधान कार्यालय, आंचलिक कार्यालयों और शाखाओं में विभिन्न विभागों के अनुपालन अधिकारियों के लिए भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को परिभाषित करते हुए उपयुक्त संगठनात्मक संरचना रखी गई है। वैधानिक और विनियामक दिशानिर्देशों का अनुपालन बैंक में अनुपालन संचालन का दायरा है। बैंक में अनुपालन नीति के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त रिपोर्टिंग प्रणाली रखी गयी है।

विधि

- **सरफेसी अधिनियम:** वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान, 370 प्रतिभूति संपत्ति बेची गई और सरफेसी कार्यवाही के तहत सुरक्षित संपत्तियों को बेचकर ₹282.81 करोड़ वसूला गया।सरफेसी कार्यवाही के तहत वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान बैंक द्वारा कुल नकद वसूली ₹934.31 करोड़ रहा।
- **लोक अदालत:** वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान 551 खातों में रु 2.85 करोड़ की राशि की वसूली की गई ।
- **आरटीआई अधिनियम:** वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान आरटीआई अधिनियम के तहत 1440 अनुरोध और 308 अपील प्राप्त हुई।सभी अनुरोध और अपील का समय पर निपटारा किया गया।

ग्राहक सेवा: बैंक को विभिन्न चैनलों के माध्यम से 95,810 शिकायतें मिलीं यथा., सार्वजनिक शिकायत निवारण प्रणाली (पोर्टल), बैंकिंग लोकपाल और विभाग जैसे एनईएफटी कक्ष, आरटीजीएस, क्रेडिट कार्ड, सीपीपीसी, खुदरा ऋण, एमएसएमई, एमबीडी, प्राथमिकता क्षेत्र, एटीएम कक्ष, विपणन और मानव संसाधन (आउटसोर्स शिकायतें)। वर्ष 2019-20 के दौरान 95,667 (99.85%) शिकायतों का समाधान किया गया, सभी लंबित शिकायतों का आज तक समाधान कर दिया गया है।

- लोक शिकायत निवारण प्रणाली पोर्टल के माध्यम से दर्ज की गई शिकायतों को 21 दिनों की निर्धारित समय सीमा के अनुसार 7.11 दिनों की औसत समय अवधि में हल किया गया है।
- वर्ष 2019-20 में बैंकिंग लोकपाल के कार्यालयों द्वारा कोई पुरस्कार पारित नहीं किया गया।
- हमारे बैंक को सार्वजनिक क्षेत्र के मध्य आकार के बैंकों में आईबीए से प्रतिष्ठित बैंकिंग प्रौद्योगिकी पुरस्कार -2020रु तकनीकी का प्रयोग करने वाले ग्राहक-केंद्रित बैंकररु के लिए प्राप्त हुआ है।
- एटीएम विफल लेनदेन के विलंबित निपटान के लिए कार्डधारकों को कोई दंड नहीं दिया गया है।
- शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत बनाए के लिए लोक शिकायत निवारण पोर्टल (पीजीआरएस) में दर्ज शिकायतों के आंकड़ों का विश्लेषण किया और मूल कारण विश्लेषण एवं शिकायतों के प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की और ग्राहक सुरक्षा, ग्राहक सेवा एवं शिकायत निवारण ढांचे के लिए सुधारात्मक कार्रवाई की।
- आईबीए के निर्देशों के अनुसार जन जागरूकता संबंधी संदेश(आरबीआई कहता है) जैसे लिंक को जनता को सावधानी रखने के लिए बैंक की वेबसाइट पर अपलोड किया गया हैं।

मानव संसाधन प्रबंधन

श्रम शक्ति आयोजना: मौजूदा श्रम शक्ति को बढ़ाने के लिए वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान 1250 लिपिक को भर्ती किया गया है।

कैरियर प्रगति: बैंक ने वर्ष 2020-21 के लिए सभी संवर्गों में 1220 कर्मचारियों की पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की गई।

कौशल उन्नयन और प्रशिक्षण: बैंक का आईएसओ 9001: 2015 प्रमाणित हैदराबाद का एपेक्स कॉलेज भारत के सभी क्षेत्रों के अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षण देता है, केवल उड़ीसा, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश राज्य के तटीय जिलों के 12 अंचलों में काम करने वाले कर्मचारियों को प्रशिक्षण विशाखापत्तनम में स्थित स्टाफ कॉलेज द्वारा दिया जाता है।

ऋण मूल्यांकन/मॉनिटरिंग, वसूली प्रबंधन, फॉरेक्स, उत्पाद जागरूकता, व्यवहार कुशलता विकास, पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, राजभाषा, पूर्व-पदोन्नति प्रशिक्षण, लेखापरीक्षा/ निरीक्षण अधिकारी और अन्य विभिन्न विषयों पर वर्ष के दौरान कॉलेज द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यशालाएं आयोजित की गयी। कॉलेजों द्वारा नए भर्ती हुए स्टाफ सदस्यों के लिए इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए।

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, एपेक्स कॉलेज हैदराबाद और स्टाफ कॉलेज, विशाखापट्टणम में 487 आन्तरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं 11949 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

अधिकारियों के ज्ञान और उत्पादकता के स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से, एपेक्स कॉलेज हैदराबाद और एसटीसी विशाखापटनम में आयोजित नियमित प्रशिक्षणों के अलावा, एनआईबीएम, आरबीआई-सीएबी, आईडीबीआरडीटी और एफईडीएआई जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा संचालित बाहरी प्रशिक्षणों के लिए 542 अधिकारियों को नामित किया गया है। इसके अलावा, 6 अधिकारियों/कार्यपालकों को विदेश में आयोजित बाहरी कार्यक्रमों में भी भेजा गया ।

ई-लर्निंग - आंध्रा बैंक द्वारा स्टाफ सदस्यों की ऑनलाइन ई-लर्निंग प्रशिक्षण की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवशक्ति ई-ज्ञान पोर्टल विकसित किया गया है। ई-ज्ञान पोर्टल में, कई ई-पाठ/ संक्षिप्त ई-पाठ अपलोड किए जाते हैं, जिन्हें कर्मचारी सदस्यों द्वारा कभी भी, कहीं भी और किसी भी उपकरण पर अभिगम किया जा सकता है। मार्च 2020 तक, सभी एपीएआर जुड़े सामान्य

बैंकिंग, भूमिका आधारित और कार्यकारी ऑनलाइन परीक्षा अनुमोदित अंतराल पर आयोजित किए गए थे।

वर्ष 2019-20 के दौरान भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार, ऽइजी एक्सेस सर्विस एक्सीलेंसरु (EASE) दस्तावेज़ के माध्यम से, स्केल- I से स्केल- V के अधिकारियों के लिए 12 सामान्य बैंकिंग टेस्ट और स्केल- II से स्केल- IV के लिए 4 भूमिका आधारित, 10 जॉब आधारित एव 8 परीक्षण उच्चाधिकारियों के लिए आयोजित किए गए।

औद्योगिक संबंध: बैंक में सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंधों को बनाए रखने के लिए और काम की परिस्थितियों के साथ-साथ ग्राहक सेवा को बढ़ाने के लिए मुद्दों को सुलझाने के लिए, मान्यता प्राप्त अधिकारियों के संघ और पंचाट कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ त्रैमासिक बैठकें आयोजित करता है।

उत्तराधिकार योजना: उत्तराधिकार आयोजना पहल के हिस्से के रूप में, बैंक ने विभिन्न ग्रेडों में एक प्रतिभा पूल बनाया है और इन अधिकारियों को विभिन्न स्तरों पर गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करके, आने वाले वर्षों में शीर्ष प्रमुख पदों पर कार्य करने के लिए तैयार किया जा रहा है।

एचआर डिजिटाइजेशन: हमारे बैंक ने अन्य बैंकों के समान कर्मचारियों के विभिन्न ऑनलाइन संबंधित मॉड्यूल को लागू करने की पहल की है यथा अधिकारियों की आस्ति-देयता विवरण का ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण, अधिकारियों से संबंधित अपार, छुट्टी के आवेदन प्रस्तुत करना, कर्मचारी प्रोफ़ाइल दृश्य, जॉब फैमिली आदि ।

31.03.2020 को कर्मचारियों की संख्या

वर्ग	शक्ति	कुल का %
अधिकारी	11027	54%
लिपिक	6435	32%
अधीनस्थ कर्मचारी *	2902	14%
कुल	**20364**	**100%**

* पार्ट टाइम स्वीपर को छोड़कर।

अ.जा/अ.ज.जा/ ओबीसी प्रोफाईल :

हमारा बैंक भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार अ.जा और अ.ज.जा के लिए आरक्षण नीति का कार्यान्वियन करता रहा है। 31 मार्च 2020 को बैंक में के कुल कार्मिकों 21433 में से अ.जा और अ.ज.जा का प्रतिनिधित्व क्रमश: 4250 और 1833 रहा। कुल 11027 अधिकारियों में से 1929 अ.जा कोटि के हैं और 1005 अ.ज.जा कोटि के हैं। बैंक ने प्रधान कार्यालय में एक महाप्रबंधक को अ.जा और अ.ज.जा के मुख्य1 संपर्क अधिकारी के रूप में नामित किया है ताकि बैंक में आरक्षण नीति पर सरकार के दिशा-निर्देशों का उचित अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। बैंक ने अ.जा और अ.ज.जा कर्मचारियों की शिकायतें, यदि हो, के समाधान हेतु आंचलिक स्तर पर सभी आंचलिक प्रबंधकों को अ.जा और अ.ज. जा के संपर्क अधिकारियों के रुप में नामित किया है। बैंक 'आन्ध्रा बैंक अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्यापण संघ' के प्रतिनिधियों के साथ त्रैमासिक संयुक्तब बैठकों का आयोजन करता रहा है। हमारा बैंक भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार 08.09.1993 से अन्यऔ पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण नीति का अनुपालन कर रहा है। 31 मार्च 2020 को 21433 (पार्ट टाइम स्वीपर को मिलाकर) कुल कार्मिकों में से अन्यआ पिछड़े वर्ग का प्रतिनिधित्वि 6360 है। बैंक ने प्रधान कार्यालय में एक महाप्रबंधक को अन्यो पिछड़े वर्ग के मुख्य्‍ संपर्क अधिकारी के रूप में नामित किया है ताकि बैंक में अन्य पिछड़े वर्गों के आरक्षण और अन्य कल्याण संबंधित कार्य देखा जा सके। बैंक ने अन्यक पिछड़े वर्ग कर्मचारियों की शिकायतें, यदि हो, के समाधान हेतु आंचलिक स्तनर पर सभी द्वितीय स्तर अधिकारियों को अन्यक पिछड़े वर्ग के संपर्क अधिकारियों के रुप में नामित किया है। बैंक 'ऑल आन्ध्रा बैंक बीसी कर्मचारी कल्याण संघ' के प्रतिनिधियों के साथ अर्धवार्षिक बैठकों का आयोजन करता रहा है।

दिव्यांग व्यक्ति :

भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार, हमारे बैंक ने सभी समूह के पदों पर सीधी भर्ती में दिव्यां गों के लिए 3% आरक्षण का प्रावधान किया है, जिसमें से 18.04.2017 तक समस्तर आधार पर प्रत्येक स्तर के लिए चिह्नित पदों में (i) दृष्टिहीन या कम दृष्टि (ii) बधिरता (iii) चलन अक्षमता या सेरिब्रल पालसी प्रत्येक के लिए एक प्रतिशत आरक्षित है। नए अधिनियम 'दिव्यांग व्यतक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016' जो 19.04.2017 से लागू हुआ है, के अनुसार और वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से प्राप्त निदेशों के अनुसार, बैंक सभी वर्गों में चिह्नित कुल रिक्तियों में से 4% की दर से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण का प्रावधान कर रहा है, जिसमें से एक प्रतिशत ऐसे व्यक्तियों के लिए आरक्षित होगा जिन्हें खंड (क), (ख) और (ग) के अंतर्गत मानक अक्षमता है और एक प्रतिशत खंड (घ) और (ड.) के अंतर्गत मानक अक्षमताओं वाले व्यक्तियों के लिए है यथा :

(क) दृष्टिहीनता और कम दृष्टि

(ख) बधिरता और कम सुनाई देना

(ग) लाकोमोटर अक्षमता, इसमें सेरेब्रल पॉलिसी, उपचारित कुष्ठ रोग, बौनापन, तेजाब हमले के शिकार और मांसपेशीय दुर्विकास

(घ) ऑटिसम, बौधिक अक्षमता, विशिष्ट अध्ययन अक्षमता और मानसिक रुग्णता

(ङ) खंड (क) से (घ) के अंतर्गत प्रत्येक अक्षमता के लिए चिह्नित में से बहुल अक्षमताएं, इसमें बदिरता ॐ दृष्टिहीनता शामिल है।

31 मार्च 2020 को के कुल कार्मिकों 21433 में से अक्षमता वाले व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व 689(3.21%) रहा।

राजभाषा : एबी स्टाफ पोर्टल में राजभाषा लिंक का पुनरुत्थान किया गया है। 'राजभाषा मिशन', बैंकिंग शब्दावली, प्रशासनिक वाक्यांश, राजभाषा मार्गदर्शिका, विभिन्न फार्मेट, महत्वपूर्ण परिपत्र, अन्य संबंधित सूचना, हिंदी गृह पत्रिका, मासिक हिंदी ई-बुलेटिन, वार्षिक कार्य योजना, दैनिक हिंदी शब्द, सप्ताह का विचार और हिंदी कार्यशाला सामग्री आदि भी हमारे पोर्टल में उपलब्ध हैं। वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने बैंक को ग क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए द्वितीय पुरस्कार और हिंदी अकादमी, नई दिल्ली ने प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया है।

सतर्कता :

❖ वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान सीवीओ ने 11 अंचलों का दौरा किया और आंचलिक कार्यालय के कार्यपालक और स्टाफ के साथ-साथ बड़ी शाखाओं के प्रमुखों के साथ मिले और कतिपय प्रमुख मानकों के संबंध में चर्चा की ताकि बैंक में ईमानदारी, निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित किया

जा सके।

- ❖ वर्तमान वित्तीय वर्ष में, एपेक्स कॉलेज- हैदराबाद, स्टाफ प्रशिक्षण कॉलेज - विशाखपट्टणम और आंचलिक कार्यालयों में आयोजित 455 विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम / सत्रों में निवारात्मक सतर्कता पहलुओं से संबंधित जानकारी 11539 कर्मचारियों को प्रदान की गई।
- ❖ सतर्कता संस्कृति बढ़ने के लिए सभी कर्मचारियों को नैतिकता, आचार और सतर्कता से संबंधित एसएमएस भेजे जाते हैं।
- ❖ मुख्य सतर्कता अधिकारी ने स्टाफ कॉलेज के विभिन्न कार्यक्रमों में सतर्कता अनुपालन और सतर्कता संबंधित मामलों में विभिन्न कार्यक्रमों के प्रतिभागियों के साथ चर्चा की।
- ❖ सतर्कता विभाग और नियंत्रक कार्यालय तथा शाखाओं के स्टाफ को सतर्कता संबंधित मामलों में बाहरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए प्रतिनियुक्त किया जा रहा है।

कार्यनिष्पादन की प्रमुख बातें - परिचालन

- ❖ विभाग ने अधिकारियों द्वारा आस्ति देयता विवरणी की समीक्षा करने का लक्ष्य प्राप्त किया है।
- ❖ विभाग ने वर्ष के दौरान 168 शिकायतें प्राप्त की है जिनमें से 157 शिकायतें निपटाई गई है।
- ❖ वित्तीय वर्ष के आरंभ में 94 सतर्कता मामले लंबित थे। वर्ष के दौरान 152 मामले दर्ज हुए और 158 मामले निपटाए गए हैं।
- ❖ विभाग ने गैर- सतर्कता के अंतर्गत मानव संसाधन ॐ औद्योगिक संबंध को 246 मामले संदर्भित किए हैं जिनमें 317 स्टाफ सदस्यों की जवाबदेही पाई गई।
- ❖ बैंक की सभी शाखाओं में निवारात्मक सतर्कता निरीक्षण किया गया ताकि पद्धति और प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।
- ❖ विभाग ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान 756 आईएएस रिपोर्ट/ एफआरएमजी नोट/ विशेष रिपोर्ट प्राप्त किए हैं जिनमें से 595 रिपोर्ट निपटाए गए हैं।
- ❖ कर्मचारियों के लाभार्थ हेतु समय-समय पर धोखाधड़ी / सतर्कता मामलों के संचालन और निवारक युक्तियां निवारक उपाय के रूप में परिपत्र जारी किए गए।
- ❖ बैंक और इसकी कार्य प्रणाली में होने वाली धोखाधड़ी की समीक्षा के लिए हर तिमाही में धोखाधड़ी समीक्षा परिषद (एफआरसी) की बैठकें आयोजित की जाती हैं। प्रणालीगत सुधार के लिए उपयुक्त सुझाव और धोखाधड़ी के होने के लिए सुधारात्मक उपाय आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को सलाह दी जाती है और उनका पालन किया जाता है।
- ❖ **अनुपालन कार्य:** सभी मासिक, त्रैमासिक और वार्षिक रिपोर्टों को निर्धारित समयसीमा के भीतर आयोग को प्रस्तुत की गयी।
- ❖ निरीक्षण और लेखा परीक्षा विभाग, बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति के नोट्स आदि की जांच।
- ❖ सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2019 (अक्तूबर 28, 2019 से नवंबर 02, 2019 तक) 'ईमानदारी सर्वश्रेष्ठ नीतित विषय पर देशभर में 4766 जागरूकता ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया जिनमें 116428 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया। विद्यालय और महाविद्यालयों में निबंध लेखन / वाक् / वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हैदराबाद और अन्य स्थानों में वाकैथन और सैक्लोथन का आयोजन किया गया। हैदराबाद में एक उचित चिकित्सा-शिबिर का भी आयोजन किया गया। निवारात्मक सतर्कता उपायों के बारे में ऑनलाईन परीक्षा का आयोजन किया गया, 4627 स्टाफ सदस्यों ने इस परीक्षा में भाग लिया।

प्रकाशन

त्रैमासिक आधार पर 'सावधान' और "द राइट डायरेकश्न -ए की नोट फ्राम सीवीओ डेस्क'' समाचार बुलेटिन का प्रकाशन किया जा रहा है ताकि स्टाफ को धोखाधडी और निवारात्मक उपायों के संबंध में अद्यतन जानकारी प्रदान की जा सके और वे स्वयं और बैंक के हितों की सुरक्षा कर सकें।

अग्रणी बैंक योजना - आन्ध्रा बैंक पंद्रह जिलों में अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी संभाल रहा है यथा आन्ध्र प्रदेश में श्रीकाकुलम, पूर्व गोदावरी, पश्चिम गोदावरी, गुंटूर; ओडिशा राज्य में गंजाम, गजपति और तेलंगाना राज्य में सिद्धिपेट, सिरसिल्ला, राजन्ना, जगत्याल, पेद्दपल्ली, मंचीरियाल, वनपर्ति, नागरकर्नूल, जोगुलांबा गद्वाल, वरंगल ग्रामीण। बैंक इन सभी जिलों में अग्रणी बैंक योजना के कार्यान्वयन की जिम्मेदारियों को निभा रहा है।

वर्ष 1984 में भारतीय स्टेट बैंक से एसएलबीसी के संयोजन दायित्व अधिग्रहण करने के पश्चात आन्धा बैंक ही राज्य स्तरीय बैंकर समिति का संयोजक बैंक है। दिनांक 2 जून, 2014 से तेलंगाना और शेष आन्ध्र प्रदेश के रूप में आन्ध्र प्रदेश के पुनर्गठन के बाद शेष आन्ध्र प्रदेश के एसएलबीसी के संयोजक का कार्य आन्ध्रा बैंक के पास बना रहा। भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया के साथ आंधा बैंक और कॉर्पोरेशन बैंक के समामेलन के बाद, जोकि 1 अप्रैल, 2020 को लागू हुआ, आरबीआई ने अधिसूचना एफ़आईडीडी?सीओ.एलबीएस.बीसी.संख्या.22 / 02.01.001 / 199 -20 मार्च 30, 2020 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को एसएलबीसी संयोजक जिम्मा सौंपा।

अब तक आन्ध्र प्रदेश राज्य में 210 एसएलबीसी बैठकों का आयोजन किया गया। चालू वर्ष के दौरान एसएलबीसी ने आरबीआई, नाबार्ड, बैंकर और सरकारी एजेंसियों को शामिल करते हुए विभिन्न बैठकों का आयोजन किया। इन बैठकों के अलावा, संयोजक, एसएलबीसी ने विभिन्न बैठकों में भाग लिया जिनका आयोजन भारत सरकार, आन्ध्र प्रदेश सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक और नाबार्ड द्वारा किया जाता है।

18.06.2019 को 207 वीं एसएलबीसी बैठक के दौरान आन्ध्र प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री द्वारा आन्ध्र प्रदेश के लिए राज्य ऋण योजना का शुभारंभ किया गया। एसएलबीसी सभी पणधारकों से समन्वयन कर रहा है और वार्षिक ऋण योजना तथा केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न पहल के कार्यान्वयन में सक्रिय भाग ले रहा है। वर्ष 2019-20 के दौरान, आरबीआई के डिजिटल जिला पहल के कार्यान्वयन में सक्रिय रूप से आंध्र प्रदेश का एसएलबीसी शामिल है। एसएलबीसी ने आंध्र प्रदेश राज्य में बैंकों के लंबे समय से लंबित वीएलआर / पीवी लाभ राशि की प्रतिपूर्ति प्राप्त करने के लिए आंध्र प्रदेश सरकार के साथ सफलतापूर्वक बातचीत की।

एपीएसएलबीसी कॉल सेंटर : एसएलबीसी ने राज्य के सभी बैंकों की ओर से एक कॉल सेंटर स्थापित किया है यथा 'एपीएसएलबीसी कॉल सेंटर' जिसका

नि:शुल्क टेलीफोन नंबर 18004258525 है और मुद्रा के लिए विशेष नि:शुल्क टेलीफोन नंबर 18004251525 स्थापित किया है। वेबसाइट : सभी पणधारकों और सामान्य जनता की सूचना के लिए एसएलबीसी आन्ध्र प्रदेश के लिए विशेष वेबसाइट की स्थापना की गई है, जिसका यूआरएल www.slbcap.nic.in है। इस वेबसाइट को नियमित अंतराल पर अद्यतन डाटा और सूचना के साथ अद्यतन किया जा रहा है।

वित्तीय समावेशन : आधार सीडिंग : बैंक ने सक्रिय कासा खातों में 78.21% आधार सीडिंग और 70.58% आधार प्रमाणीकरण हासिल किया है।

अटल पेंशन योजना (एपीवाई) : बैंक ने 60 खाते प्रति बैंक के औसत पर 1,73,220 के लक्ष्य की तुलना में वर्ष के दौरान 64 खाते प्रति बैंक के औसत पर 1,82,812 एपीवाई खातों का पंजीकरण किया है। बैंक ने ₹4.54 करोड़ का प्रोत्साहन प्राप्त किया है जिसमें से ₹2.31 करोड़ नए पंजीकरण के लिए हैं, ₹0.18 करोड़ मात्रा आधारित अतिरिक्त प्रोत्साहन और ₹2.13 करोड़ सतत प्रयास प्रोत्साहन है।

आधार पंजीकरण केंद्र स्थापित करना : बैंक ने यूआईडीएआई के दिशानिर्देशों के अनुसार 290 एईसी की स्थापना की है।

वित्तीय साक्षरता और ऋण परामर्श केंद्र : बैंक के एलडीएम कार्यालयों में कुल 9 एफएलसीसी कार्य कर रहा है और अपने केंद्रों में वित्तीय साक्षरता गतिविधियाँ प्रदान कर रहे है।

बैंक मित्र सुलभकर्ता : चूंकि बैंक मित्र गतिविधियां दिन पर दिन बढ़ रही हैं, दिनांक 31.03.2020 तक बैंक ने आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा राज्य के 12 जिलों में बैंक मित्र सुलभकर्ताओं की नियुक्ति की है।

सहायक संस्थाएं और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक : बैंक की एक सहायक संस्था है यथा, आन्ध्रा बैंक फाईनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड (एबीएफएसएल), जो पूणत: बैंक द्वारा स्वाधिकृत संस्था है। दिनांक 31.03.2020 वर्ष के अंत तक कंपनी ने आयकर से पूर्व ₹126.66 लाख लाभ और आयकर के बाद ₹91.42 लाख निवल लाभ अर्जित किया है, इससे कंपनी की अर्जित हानि दिनांक 31.03.2020 को ₹480.56 लाख से घट कर ₹389.14 लाख हुई है। बैंक का एक प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक है यथा चैतन्य गोदावरी ग्रामीण बैंक जो गुंटूर (आन्ध्र प्रदेश) में स्थित है और गुंटूर, पूर्व गोदवरी तथा पश्चिम गोदावरी में 220 शाखाओं के साथ व्याप्त है। 31.03.2020 को कुल व्यवसाय ₹10416.39 करोड़ रहा और कर के बाद निवल लाभ ₹70.64 करोड़ रहा। औसत अग्रिम के प्रति सकल एनपीए का प्रतिशत 1.12% है।

सुरक्षा व्यवस्था : बैंक ने शाखाओं, मुद्रा तिजोरियों और एटीएम में सुरक्षा व्यवस्था का उन्नयन किया है। बैंक की सभी शाखाओं में वीडियो पर्यवेक्षण हेतु सीसीटीवी प्रणाली है। 99% शाखाओं में परंपरागत अलार्म व्यवस्था को एकीकृत घुसपैठ बर्गलर अलार्म प्रणाली (आईआईबीएएस) में उन्नयन किया गया है। केंद्रीयकृत अलार्म निगरानी स्टेशन की स्थापना प्रधान कार्यालय में स्थापित की गई है ताकि शाखाओं में स्थापित एकीकृत घुसपैठ सेंधमार अलार्म प्रणाली की 24 x 7 निगरानी की जा सके। 58% शाखाओं को प्रधान कार्यालय के कैम्स को एकीकृत किया गया है और निरंतर रूप से निगरानी की जा रही है। शेष शाखाओं का एकीकरण प्रगति में है। 89% एटीएम साईट पर अद्यतन एकीकृत ई-पर्यवेक्षण प्रणाली की व्यवस्था की गई है । शेष स्थानों में ई-पर्यवेक्षण प्रणाली की स्थापना की व्यवस्था की जा रही है। सभी सुरक्षा उपकरणों का सभी समयों पर कार्यचालन स्थिति में होना और बैंक के विरुद्ध अपराध की घटनाओं को कम करने की दिशा में पूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं।

ब्रैंडिंग और संचार : बैंक ने वित्तीय वर्ष के दौरान प्रचार और ब्रैंडिंग कार्य प्रारंभ किया है ताकि बैंक के लिए अच्छी गति और छवि हासिल की जा सके। प्रमुख प्रचार गतिविधियों में निम्नलिखित शामिल हैं।

- वित्त मंत्री के संदेश पर स्थानीय समाचार पत्रों में एमएसएमई-ग्राहक आउटरीच अभियान के विज्ञापन का टीवी चैनलों में सरकार की पहर का प्रचार करने के लिए स्क्रॉलिंग विज्ञापन का प्रसारण
- एसएचजी उत्पाद शोकेस में प्रदर्शनी स्टाल।
- डिजिटल बैंकिंग पर सह-वित्तपोषण एनपीसीआई का जागरूकता अभियान।
- एयरपोर्ट ट्रॉली पर प्रदर्शन

कार्पोरेट सामाजिक बाध्यता (सीएसआर) : चूंकि बैंक ने मार्च 2019 वर्षांत को हानि रिपोर्ट की है, वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु दान के लिए कोई बजट आबंटन नहीं किया गया है, इसमें सीएसआर गतिविधियां भी शामिल हैं।

बैंक वेबसाईट : बैंक अपनी वेबसाईट www.andhrabank.in तीन भाषाओं में रखता है यथा अंग्रेजी, हिंदी और तेलुगु और इसमें बैंक अपनी सेवाएं और उत्पादों की सूचना प्रदान करता है। बैंक ने भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार अपनी डब्यूसीएजी (वेब कंटेंट एक्सेसिबिलिटी दिशा-निर्देश) वेबसाईटी दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए उपलब्ध करवाया है। बैंक राज्य स्तरीय बैंकर समिति, आन्ध्र प्रदेश का संयोजक होने के नाते अलग वेबसाईट www.slbcap.nic.in बनाए रखता है। यह वेबसाईट एसएलबीसी बैठकों की कार्यवाही, राज्य सरकार के निदेश, बैंकर और जनता को अनुदेश की सूचना प्रदान करता है। बैंक वेबसाईट को सुरक्षित रुप से बनाए रखने के संबंध में समय-समय पर जारी सेर्ट-इन (भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल) दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करता है।

पुरस्कार एवं इनाम : बैंको वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त हुए :

- **आईबीए बैंकिंग प्रौद्योगिकी पुरस्कार - 2020 -**
  - उत्तम वित्तीय समावेशन पहल ॐ मध्य आकार बैंक में (विजेता)
  - प्रौद्योगिकी के उपयोग में सबसे अधिक ग्राहक केंद्रित बैंक ॐ मध्य आकार बैंक में (विजेता)
  - उत्तम भुगतान पहल - मध्य आकार बैंक में (विजेता)
- सर्वश्रेष्ठ डिजिटल माध्यम कार्यान्वयन - एबीतेज के लिए इंटेलिजेंस ग्लोबल फिनटेक इनोवेशन अवाड्र्स 2019
- **फिनेकल ग्राहक नवीकरण पुरस्कार - 2020 : ग्राहक यात्रा पुन:** विचार - मध्य आकार बैंक में (विजेता)
- **एपीवाई के अंतर्गत पुरस्कार :** बैंक ने पीएफआरडीए द्वारा घोषित अभियानों में निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त किए हैं ।
  - 'एपीवाई फोरमेशन डे' - विजेताओं में से एक के रूप में बैंक को सम्मानित किया गया।
  - 'एपीवाई मिशन पोसिबल' - शीर्ष स्थान के लिए बैंक विजेता के रूप में

पुरस्कार के लिए योग्य था।

- o ‘एपीवाई-सिटिजन चवाइस अभियान’ - एसएलबीसी, आंधा प्रदेश को 1 अगस्त 2019 से 31 अगस्त 2019 तक अभियान के लिए उपयुक्त प्रशंसा पुरस्कार।
- o ‘राइस एबव द रेस्ट’ - ओंगोल, संबलपुर, श्रीकाकुलम, कुरनूल और एलुरु क्षेत्रों के साथ बैंक को पुरस्कार के लिए अर्हता प्राप्त जो पुरस्कारों के लिए भी योग्य थे।
- o ‘एपीवाई चैलेंजस कप’ : ‘प्रशंसा के प्रमाण पत्र’ के लिए बैंक योग्य।
- o सार्वजनिक क्षेत्र बैंक के कार्यपालक निदेशक के लिए मेकर्स ऑफ एक्सेलेंस - बैंक पुरस्कार के लिए योग्य।
- o बेहतरीन प्रदर्शन हेतु: बैंक पुरस्कार के लिए योग्य।
- o सार्वजनिक क्षेत्र बैंक के कार्यपालक निदेशक के लिए लीडरशीप कैपिटल 2.0 : बैंक पुरस्कार के लिए योग्य।

भारतीय लेखांकन मानक (इंड एएस) - प्रगति : भारतीय लेखांकन मानक (इंड ए एस) को परिपत्र सं.डीबीआर. बीपी. बीसी. नं. 29/21.07.001/ 2018-19 दि.मार्च 22, 2019 के अंतर्गत आगे सूचना दिए जाने तक स्थगित किया गया है। हालाँकि, भारि बैंक के मेल दिनांक 20 जुलाई 2020 के माध्यम से बैंकों को दिए गए सलाह में भारि बैंक ने 30 जून 2018 को समाप्त तिमाही से वित्तीय विवरणों के रूप में (इंड ए एस) का अनुपालन प्रस्तुत करने की सलाह दी। उपरोक्त के अनुपालन में, हमारा बैंक आरबीआई को विवरण प्रस्तुत कर रहा है।

वर्ष के दौरान बोर्ड में परिवर्तन : वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान बोर्ड की संरचना में निम्नानुसार परिवर्तन हुए :

- ➢ श्री अजीत कुमार रथ, कार्यपालक निदेशक ने 29.07.2019 को एसबीआई में मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में तैनात होने पर बोर्ड से बाहर हो गए।
- ➢ श्री ईई कार्तक, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नामांकित निदेशक ने 25.04.2019 को कार्यकारी निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, मुंबई के रूप में पदोन्नत होने पर बोर्ड से बाहर हो गए।
- ➢ श्री पी. जे थॉमस को बोर्ड में 26.04.2019 को भारि बैंक नामित निदेशक के रूप में नामित किया गया।

निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण : निदेशक मंडल एतदद्वारा बताता है कि

- ➢ वार्षिक लेखा की तैयारी में लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है और तात्विक विचलन से संबंधित उचित विवरण प्रस्तुत किए गए हैं।
- ➢ लेखांकन नीतियों का चयन किया गया है और निरंतर, युक्तिसंगत और विवेकपूर्ण निर्णय और अनुमान किए गए हैं ताकि दिनांक 31.03.2020 को बैंक की स्थिति और दि;31.03.2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु बैंक की लाभ हानि की सही और उचित स्थिति दर्शायी जा सके।
- ➢ बैंक की आस्तियों की सुरक्षा और धोखाधडी और अन्य विनियमितताओं के निवारण और पहचान हेतु संबंधित विनियामक प्रावधानों के अनुपालन में पर्याप्त लेखांकन रिकार्ड बनाए रखने के लिए उचित और पर्याप्त सावधानी बरती गई है।
- ➢ कार्यशील संस्था के रूप में वार्षिक लेखा तैयार किए गए हैं।
- ➢ बैंक द्वारा अपनाए जाने हेतु आंतरिक वित्तीय नियंत्रण विनिर्दिष्ट किए गए हैं और इसे आंतरिक नियंत्रण पर्याप्त है और प्रभावी ढंग से कार्य कर रहे हैं।
- ➢ सभी लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुपालन हेतु उचित प्रणालियों को तैयार किया गया है और ऐसी प्रणालियां पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से कार्य कर रहे हैं।

अभिस्वीकृति: आन्धा भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी, नाबार्ड और अन्य प्राधिकारियों / एजेंसियों, वित्तीय संस्थाओं और प्रतिनिधि बैंकों के प्रति अपने मूल्यवान समर्थन और मार्गदर्शन हेतु आभारी है। निदेश बैंक के सभी स्टाफ सदस्यों के प्रति अपनी समर्पित सेवा, उत्कृष्ट व्यावसायिकता और सतत वृद्धि हेतु बैंक के दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्धता हेतु प्रशंसा व्यक्त करते हैं। अंतत:, निदेशक सभी ग्राहकों, शेयरधारकों और अन्य पणधारकों को अपने मूल्यवान समर्थन हेतु हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करते हैं।

बोर्ड के लिए और की ओर से

स्थान: मुंबई **(राजकिरण रै जी)**

दिनांक: 31.07.2020 प्रबंध निदेशक

प्रपत्र सं. एमआर-3

साचिविक लेखा परीक्षा रिपोर्ट

दिनांक 31.03.2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु

सेबी परिपत्र सीआईआर/सीएफडी/सीएमडी1/27/2019 दिनांक 8 फरवरी 2019 के साथ पढ़े जाने वाले
[सेबी एलओडीआर) विनियमावली, 2015 के 24ए विनियमन के अनुसार]

सेवा में

सदस्य,
पूर्व आन्ध्रा बैंक**,**
प्रधान कार्यालय
डॉ. पट्टाभि भवन
5-9-11, सैफाबाद,
हैदराबाद - 500 004.

हमने पूर्व **आन्ध्रा बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक** (एतद पश्चात बैंक) द्वारा लागू वैधानिक उपबंधों के अनुपालन तथा उत्तम कॉर्पोरेट कार्यप्रणाली के अनुवर्तन की साचिविक लेखा परीक्षा का आयोजन किया। साचिविक लेखा परीक्षा का आयोजन भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के दिशानिर्देश नोट के तहत इस पद्धति से किया गया कि जिसने हमें कॉर्पोरेट संहिता की समीक्षा/वैधानिक अनुपालन तथा उस पर हमारी राय व्यक्त करने का एक सर्वमान्य आधार प्रदान किया।

कोविड - 19 महामारी के कारण, हम बैंक के प्रधान कार्यालय में भौतिक यात्रा नहीं कर पाए हैं तथा ई-मेल के माध्यम से हमारे साथ साझा किए गए बैंक के कागज़ात, कार्यवृत्त पुस्तिका, रजिस्टर तथा बैंक द्वारा रखे गये अन्य अभिलेखों के सत्यापन तथा साचिविक लेखा परीक्षा के दौरान बैंक के अधिकारियों, एजेंटों तथा प्राधिकृत प्रतिनिधियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर, हम एतद्द्वारा यह रिपोर्ट करते हैं कि हमारी राय में बैंक ने 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष की अवधि की लेखा परीक्षा के दौरान निम्न सूचीबद्ध वैधानिक उपबंधों का अनुपालन किया है। साथ ही बैंक में उचित मंडल कार्यविधियाँ तथा विस्तृत अनुपालन तंत्र हैं। इस संबंध में बनाई गई रिपोर्ट इस प्रकार है:

निम्न उपबंधों के अनुसार, 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु बैंक द्वारा ई-मेल के माध्यम से हमारे साथ साझा किए गए कागज़ात, कार्यवृत्त पुस्तिका तथा अन्य अभिलेखों की हमने जाँच कर ली है,:

i. बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949;

ii. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980; (अधिनियम)

iii. राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध उपबंध) योजना, 1980; (योजना);

iv. आन्ध्रा बैंक (शेयर और बैठक) विनियमन, 2003 यथा संशोधित;

v. प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम 1956(‘एससीआरए’) तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियम;

vi. निक्षेपागार अधिनियम, 1996 तथा उनके अंतर्गत निर्मित विनियमन एवं उपविधियाँ;

vii. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (‘सेबी अधिनियम’) के अंतर्गत विहित निम्नलिखित विनियमन एवं दिशानिर्देश ॐ

- क. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों का पर्याप्त अधिग्रहण और भार-ग्रहण) विनियमन, 2011;
- ख. भारतीय प्रतिभूति और विनियमन बोर्ड (भेदिया व्यापार का निषेध) विनियमन, 2015;
- ग. भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (पूंजी निर्गम और प्रकटन की आवश्यकता) विनियमन, 2018;
- घ. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियमन, 2014;
- ङ. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (कर्ज प्रतिभूति निर्गम और सूचिबद्धता) विनियमन, 2008;
- च. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (किसी निर्गम और शेयर हस्तांतरण एजेंटों के पंजीयनकर्ता) विनियमन, 1993;
- छ. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों को सूची से हटाना) विनियमन, 2009; (लेखा परीक्षा अवधि के दौरान बैंक पर लागू नहीं) और
- ज. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों की वापसी-खरीद) विनियमन, 1998; (लेखा परीक्षा अवधि के दौरान बैंक पर लागू नहीं)
- झ. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निक्षेपागार और सहभागी) विनियमन, 2018;
- ञ. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निर्गम के लिये बैंकर) विनियमन, 1994;

ट. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (डिबेंचर न्यासधारी) विनियमन, 1993;

ठ. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (उत्तरदायित्व और प्रकटन आवश्यकताओं की सूचिबद्धता) विनियमन, 2015 (सेबी (एलओडीआर));

viii. उपर्युक्त के अतिरिक्त अन्य कोई विशिष्ट कानून नहीं है जो बैंक पर लागू हो।

हमने नीचे दिये गए लागू खंडों के अनुपालन की भी जाँच की:

i. बीएसई लिमिटेड (बीएसी) और भारतीय राष्ट्रीय शेयर बाजार लिमिटेड (एनएसई) के साथ बैंक द्वारा निष्पादित किये गए सूचीबद्धता समझौते;

समीक्षा की अवधि के दौरान, बैंक द्वारा ऊपर दिये गए अधिनियमों, नियमों, विनियमनों, दिशानिर्देशों इत्यादि का अनुपालन किया गया। निम्नलिखित उनमें शामिल नहीं है:

- यदि बैंक के अध्यक्ष कार्यपालक निदेशक हैं तो बोर्ड के कम-से-कम आधे अधिकारी स्वतंत्र निदेशक होने चाहिये। आन्ध्रा बैंक के बोर्ड में दिनांक 31.03.2020 तक 3 स्वतंत्र निदेशकों सहित कुल 8 निदेशक हैं। यह पाया गया कि आन्ध्रा बैंक के निदेशक बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 (अधिनियम) की धारा 9(3) के (क) से (ज) खंडों के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त/नामित किये जाते हैं। सनदी लेखाकार निदेशक का नामांकन अधिनियम की धारा 9(3)(छ) के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक से विचार-विमर्श के बाद स्वतंत्र निदेशक के रूप में किया जाता है। शेयरधारक निदेशक का चुनाव अधिनियम की धारा 9(3)(झ) के अनुसार शेयरधारकों द्वारा किया जाता है। अधिनियम की धारा 9(3)(छ) के अनुसार मंडल के स्वतंत्र निदेशकों के 4 पद हैं, अधिनियम की धारा 9(3)(ङ) के अनुसार एक कर्मकार निदेशक तथा धारा 9(3)(च) के अनुसार एक अधिकारी निदेशक जिन्हें केद्र सरकार द्वारा भरा जाना है।
- यह अवलोकन किया गया है कि, सूचीबद्ध संस्था के मंडल में कोई महिला स्वतंत्र निदेशक नहीं है।
- बैंक की लेखा परीक्षा समिति में सदस्य के रूप में तीन निदेशक होंगे और सदस्यों में से 2/3 सदस्य स्वतंत्र निदेशक होंगे और बैंक की लेखा परीक्षा समिति में 4 (चार) सदस्य हैं, जिनमें से केवल एक सदस्य स्वतंत्र निदेशक है जो कि लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष भी हैं।
- बैंक की नामांकन समिति और पारिश्रमिक समिति का गठन अलग से किया गया है और यह सेबी के विनियमन 19 (सूची निर्धारण और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के अनुसार नहीं है। यद्यपि, उक्त समितियाँ का गठन क्रमश: भारिबैंक और वित्त मंत्रालय के परिपत्रों के आधार पर की गई है।
- वर्ष 2019-2020 के दौरान, भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4) (i) तथा 51(1) साथ पढ़े जाने वाली धारा 47ए (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग कर, भारिबैंक द्वारा जारी अपने ग्राहक को जाने (केवाईसी) मानदंड/धन शोधन निवारण (एएमएल) मानकों और चालू खाते खोलने हेतु जारी निर्देशों के कुछ प्रावधानों के गैर-अनुपालन के लिए बैंक पर 25 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि

अधिनियम की धारा 9(3)(छ) के अनुसार मंडल के स्वतंत्र निदेशकों के चार पद रिक्त हैं, तथा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 (अधिनियम) की धारा 9(3)(ङ) और धारा 9(3)(च) के अंतर्गत एक-एक रिक्त पद है जिन्हें केद्र सरकार द्वारा भरा जाना है। समीक्षा अवधि के दौरान निदेशक मंडल की रचना में हुए बदलावों का अधिनियम के उपबंधों के साथ अनुपालन किया गया था।

सभी निदेशकों को बोर्ड की बैठक आयोजन हेतु पर्याप्त सूचना दी गई है, कार्यसूची तथा उस पर विस्तृत जानकारी पहले ही भेज दी गई थी, बैठक में कार्यसूची के मदों पर सूचना मांगने और अधिक स्पष्टीकरण और अर्थपूर्ण प्रतिभागिता की प्रणाली उपलब्ध है।

बहुमत के निर्णय को स्वीकार कर लिया जाता है और असंतुष्ट सदस्यों के विचारों को, यदि कोई हो तो, ध्यान में रखा जाता है ऐसे विचारों को ग्रहण कर के उसका रिकॉर्ड कार्यवृत्त के भाग के रूप में रख लिया जाता है।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि बैंक के आकार और परिचालन की दृष्टि से लागू कानूनों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों की निगरानी तथा अनुपालन सुनिश्चित करने के लिये बैंक में पर्याप्त प्रणालियाँ उपलब्ध हैं।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि लेखा परीक्षा अवधि के दौरान, ऊपर संदर्भित कानून, नियम, विनियम, दिशानिर्देश मानदंड, आदि के अनुसरण में बैंक के मामलों पर प्रमुख व्यवहार के रूप में बैंक के पास निम्नलिखित विशिष्ट घटनाएं/ क्रियाएं हैं:

1. दि. 13 सितंबर, 2019 को हुई बोर्ड की बैठक में बैंक के निदेशक मंडल ने आन्ध्रा बैंक के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में समामेलन के लिए सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी थी। तत् पश्चात, भारत सरकार ने बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970/80 की धारा 9 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को उपयोग कर राजपत्र अधिसूचना दि. 04 मार्च, 2020 के माध्यम से आन्ध्रा बैंक और कॉर्पोरेशन बैंक का समामेलन दि. 1 अप्रैल से प्रभावी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया योजना, 2020 में अधिसूचित कर दिया।
2. भा.स एफएन.7/23/2019-बीओए-I-दिनांक 26.12.2019 के अनुसार, दि. 04.03.2020 को निदेशक मंडल ने बैंक के शेयरधारक होने के नाते भारत सरकार को 10/- ₹ प्रत्येक के अंकित मूल्य पर ₹ 18.01पैसा (रु.8.01पैसा की प्रीमियम सहित) के निर्गम मूल्य पर अधिमानी निर्गम के रूप में 11,10,49,416 (ग्यारह

करोड़ दस लाख उनचास हजार चार सौ सोलह) इक्विटी शेयर जारी एवं आवंटित किए थे। इस आवंटन के पश्चात भारत सरकार की धारिता 262,06,34,630 (87.81%) से बढ़कर 273,16,84,046 (88.25%) इक्विटी शेयर हो गई है।

3. दि. 24.04.2019 को बैंक ने आन्ध्रा बैंक कर्मचारी स्टॉक खरीद योजना के अंतर्गत बैंक के पात्र कर्मचारियों को 10/- रु. प्रत्येक के अंकित मूल्य पर 19.26/- प्रति इक्विटी शेयर निर्गम भाव पर 10,00,00,000 (दस करोड़) इक्विटी शेयर आवंटित किया है।

स्थान: हैदराबाद
दिनांक: 22.07.2020

कृते डी. हनुमंत राजू और कं
कंपनी सचिव

कंपनी सचिव डी. हनुमंत राजू
साझेदार
एफसीएस: 4044 सीपी सं.: 1709
यूडीआईएन:F004044B000489309

यह रिपोर्ट हमारे उस तारीख के पत्र से पढ़ी जानी है जो **अनुबंध क** के रूप में अनुबंधित है और इस रिपोर्ट का अभिन्न भाग है।

अनुबंध क'

सेवा में

सदस्य,
पूर्व आन्ध्रा बैंक,
प्रधान कार्यालय
डॉ. पट्टाभि भवन
5-9-11, सैफाबाद,
हैदराबाद - 500 004.

हमारी इसी तारीख की रिपोर्ट इस पत्र के साथ पढ़ी जाए:

1. साचिविक रिपोर्ट का अनुरक्षण बैंक के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर आधारित इन साचिविक अभिलेखों पर विचार व्यक्त करना हमारी जिम्मेदारी है।

2. हमने लेखा परीक्षा की कार्यप्रणाली और कार्यविधियों का पालन किया है जो साचिविक अभिलेखों में निहित विषयवस्तु की शुद्धता के लिये उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिये उपयुक्त है। यह सुनिश्चित करने के लिये की सही आँकड़े प्रस्तुत किये गए हैं, उनका सत्यापन परीक्षण द्वारा किया गया। हमें विश्वास है कि जिन कार्यविधियों और कार्यप्रणालियों का हम पालन कर रहे हैं, वे हमारी राय के लिये उचित आधार प्रदान करते हैं।

3. हमने बैंक के वित्तीय अभिलेख और खाता पुस्तिका की शुद्धता और उपयुक्तता का सत्यापन नहीं किया है।

4. जहाँ भी आवश्यकता हुई, हमने कानून, नियम, और विनियम तथा हो रहे आयोजनों इत्यादि के संबंध में प्रबंधन का प्रतिनिधित्व प्राप्त किया है।

5. कॉर्पोरेट तथा अन्य लागू कानूनों, नियम, विनियम, मानदंडों के उपबंधों का अनुपालन प्रबंधन का उत्तरदायित्व है। हमारी जाँच परीक्षण आधार पर कार्यविधियों के सत्यापन तक सीमित है।

6. यह साचिविक अभिलेख न तो बैंक की भविष्य की व्यवहार्यता के लिए एक आश्वासन है और न ही दक्षता या प्रभावशीलता जिसके साथ प्रबंधन ने बैंक के मामलों का संचालन किया है।

स्थान: हैदराबाद
दिनांक: 22.07.2020

कृते डी. हनुमंत राजू और कं
कंपनी सचिव

कंपनी सचिव डी. हनुमंत राजू
साझेदार
एफसीएस: 4044 सीपी सं.: 1709
यूडीआईएन:F004044B000489309

कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट

1. कार्पोरेट गवर्नेंस - दर्शन

आन्ध्रा बैंक का दर्शन ग्राहकों की निरन्तर बदलती आवश्यकताओं के प्रति सदैव जागरूक रहना है । बैंक का विश्वास है कि उपयुक्त कार्पोरेट गवर्नेंस से व्यवसाय के प्रभावी प्रबन्धन एवं नियन्त्रण में मदद मिलती है । इससे बैंक अपनी व्यावसायिक नीति के स्तर को बनाये रखता है और अपने सभी पणधारियों के लिए मूल्य में वृद्धि करता है । कार्पोरेट गवर्नेंस के सिद्धान्त हेतु उच्चस्तरीय पारदर्शिता, उत्तरदायित्व, जिम्मेदारी और पणधारियों में मूल्यों के निर्माण के साथ वित्तीय स्थिरता प्राप्त करने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता आवश्यक है । संक्षेप में उद्देश्य निम्न प्रकार है ।

- नैतिक सिद्धान्तों एवं देश के कानूनी ढांचे के अन्दर पणधारियों के मूल्य को कायम रखना ।
- ग्राहकों, कर्मचारियों और समाज सहित शेयरधारकों और अन्य पणधारियों के हित की रक्षा करना ।
- संप्रेषण में पारदर्शिता और एकीकरण को सुनिश्चित करना और सभी सम्बन्धितों को पूर्ण, सही और स्पष्ट सूचना उपलब्ध कराना ।

2. निदेशक मडंल

2.1 आन्धा बैंक का गठन बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अन्तरण) अधिनियम 1980 के तहत तदनुरूप नए बैंक के रूप में किया गया है ।

2.2 बोर्ड का गठन बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अन्तरण) अधिनियम 1980 और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबन्धन एवं विविध प्रावधान) योजना 1980 के अनुसार किया गया है ।

2.3 बोर्ड के प्रमुख प्रबन्ध निदेशक एवं सीईओ हैं जिनकी नियुक्ति भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से केन्द्र सरकार द्वारा की जाती है । प्रबन्ध निदेशक एवं सीईओ की नियुक्ति बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अन्तरण) अधिनियम 1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खण्ड (ए) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबन्धन एवं विविध प्रावधान) योजना 1980 के खण्ड 3 के उपखण्ड (1), खण्ड 6, और खण्ड 8 के उपखण्ड (1) के तहत की जाती है ।

2.4 प्रबन्ध निदेशक एवं सीईओ के अतिरिक्त बैंक के दो पूर्णकालिक निदेशकों (कार्यपालक निदेशक) की नियुक्ति भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से केन्द्र सरकार द्वारा की जाती है जो बोर्ड के भी सदस्य हैं । बैंक के कार्यपालक निदेशकों की नियुक्ति बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अन्तरण) अधिनियम 1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खण्ड (ए) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबन्धन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1980 के खण्ड 3 के उपखण्ड (1) तथा खण्ड 8 के उपखण्ड (1) के तहत की जाती है ।

2.5 31 मार्च 2020 को बोर्ड में 07 निदेशक हैं जिनमें से दो पूर्णकालिक निदेशक (प्रबंध निदेशक एवं सीईओ तथा कार्यपालक निदेशक) हैं, एक निदेशक केन्द्र सरकार द्वारा नामित केन्द्र सरकार के अधिकारी हैं, एक निदेशक भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर केन्द्र सरकार द्वारा नामित भारतीय रिज़र्व बैंक के अधिकारी हैं, सीए श्रेणी के अन्तर्गत धारा 9 (3) (जी) के अन्तर्गत केन्द्र सरकार द्वारा नामित एक निदेशक और बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अन्तरण) अधिनियम 1980 की धारा 9 (3) (i) और धारा 9 (3 ए) जिसे राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबन्धन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1980 के खण्ड 3 के उप खण्ड (1) के साथ पढ़ा जाए, के अन्तर्गत केन्द्र सरकार के अलावा शेयरधारकों के बीच दो निदेशक चुने गए हैं ।

2.6 बोर्ड और इसकी समितियों की बैठकों का आयोजन आवर्ती अन्तराल में किया जाता है और वे उच्च स्तरीय ग्राहक सेवा, नीतिपरक कार्य और बैंक के व्यावसायिक प्रबन्धन को सुनिश्चित करने के लिए विवेकपूर्ण एवं प्रभावी ढंग से अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए बैंक का मार्गदर्शन करती हैं ।

2.7 नीति निर्धारण, कार्यनिष्पादन की समीक्षा और विश्लेषण जैसे दायित्व बोर्ड द्वारा निभाए जाते हैं । बोर्ड ने बैंक द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुरूप कार्यपालकों और बैंक के कार्यपालकों की समितियों को विभिन्न अधिकार सौंपे हैं । बोर्ड द्वारा समय-समय पर प्रत्यायोजित अधिकारों की समीक्षा की जाती है और बैंक के प्रभावी कार्यचालन के लिए आवश्यक संशोधन किए जाते हैं ।

2.8 वार्षिक आधार पर बैंक की नीतियों की समीक्षा की जाती है और बदलते परिदृश्य तथा बाजार की मांगों के अनुरूप आवश्यक संशोधन किये जाते हैं ।

2.9 बोर्ड के अध्यक्ष पूर्ण कालिक निदेशक हैं तथा इसलिए बोर्ड के कम से कम 1/2 में स्वतंत्र निदेशकों का समावेश होता है। तदनुसार 31 मार्च, 2020 तक बोर्ड की संरचना निम्नानुसार है :

निदेशकों के प्रकार	निदेशकों की संख्या
कार्यपालक	02
गैर- कार्यपालक	05 (जिनमें से 3 स्वतंत्र निदेशक हैं)
कुल	**07**

2.10 वर्ष 2019-20 के दौरान बोर्ड के निदेशकों का प्रोफाइल

1. श्री जे पक्किरिसामी

इन्होंने दिनांक 21 सितम्बर, 2018 को आन्ध्रा बैंक के प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया । आन्ध्रा बैंक में पदभार ग्रहण करने से पूर्व, वे देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक में उप प्रबन्ध निदेशक थे ।

इनका जन्म दिनांक 28 फरवरी, 1961 को हुआ, इन्होंने मद्रास विश्वविद्यालय से बी.एससी तथा एमबीए (वित्त) एवं आईआईबीएफ से सीएआईआईबी किया है ।

इन्होंने वर्ष 1984 में भारतीय स्टेट बैंक में परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया तथा प्रशासनिक एवं प्रबन्धन स्तरीय क्षेत्रों में विभिन्न पदों पर कार्य किया है । इन्होंने वर्ष 2004-2009 के दौरान भारतीय स्टेट बैंक की फ्रैंकफर्ट, शाखा जर्मनी में मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप

में भी कार्य किया है । ये अपने साथ बैंकिंग व्यवसाय में विशेषकर ऋण संविभाग, विशलेषणात्मक कौशल, अंतर्वैयक्तिक गुण आदि में समृद्ध एवं वृहद अनुभव लेकर आए हैं ।

अन्तर्राष्ट्रीय एक्सपोज़र, आस्ति प्रबन्धन, दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान तथा अन्य मुख्य प्रबन्ध क्षेत्रों के ज्ञान को सम्मिलित करते हुए ये एक बहुमुखी व्यक्तित्व के कार्यपालक हैं । इन्होंने बहु-क्षेत्रों यथा कॉर्पोरेट बैंकिंग, खुदरा बैंकिंग तथा अन्तर्राष्ट्रीय बैंकिंग का सफलतापूर्वक प्रबन्धन किया एवं सभी स्तरों पर परिचालन स्टाफ के कौशल विकास में गहनता से जुड़े रहें हैं ।

2. श्री अजित कुमार रथ

इन्होंने दि.13.03.2015 को बैंक में पदभार ग्रहण करने की तिथि से पाँच वर्ष अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, हेतु कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया । वे इन्सटिट्युशन ऑफ इंजीनियर (एएमआईई) के सम्बद्ध सदस्य हैं, इन्होंने वेतनमान IV में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में वर्ष 2001 में जुआइन किया तथा दिनांक 12 मार्च 2015 तक कार्य किया । यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में अपने कैरियर के दौरान वे महा प्रबन्धक संवर्ग तक पदोन्नत हुए । यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से वे स्विफ्ट इंडिया डोमस्टिक सर्विसेस् प्रा.लि. के बोर्ड में निदेशक थे । वे एनपीसीआई/स्विफ्ट इंडिया व स्टार यूनियन दाईची बीमा कम्पनी की तकनीकी सलाहकार समिति के सदस्य थे । वित्त मन्त्रालय, भारत सरकार के पत्र दिनांक 12.01.2018 के अनुसार, उन्हें प्रबन्ध निदेशक तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में कार्य करने तथा समस्त प्रशासनिक शक्तियां प्रयोग में लेने के लिए प्राधिकृत किया है जब तक कि सरकार द्वारा बैंक के प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर नियुक्ति नहीं की जाती है ।

3. श्री कुल भूषण जैन

इन्होंने दिनांक 09.10.2017 को बैंक में पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, हेतु कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया । वे सीएआईआईबी के साथ विज्ञान तथा विधि में दोहरे स्नातक हैं, बैंक ऑफ इंडिया में 1985 में एक अधिकारी के रूप में अपना बैंकिंग करियर आरम्भ किया तथा दिनांक 08 अक्तूबर, 2017 तक कार्य किया । बैंक ऑफ इंडिया में अपने करियर के दौरान वे महा प्रबन्धक संवर्ग तक पदोन्नत हुए । इन्हें ऋण, राजकोष तथा अन्तर्राष्ट्रीय बैंकिंग का अत्यधिक अनुभव है । वित्त मन्त्रालय, भारत सरकार के पत्र दिनांक 12.01.2018 के अनुसार, इन्हें प्रबन्ध निदेशक तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में कार्य करने तथा समस्त प्रशासनिक शक्तियां प्रयोग में लेने के लिए प्राधिकृत किया है जब तक कि सरकार द्वारा बैंक के प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर नियुक्ति नहीं की जाती है।

4. सुश्री अंजना दुबे

इन्होंने भारत सरकार के नामित के रूप में दिनांक 28.04.2017 को आन्ध्रा बैंक के निदेशक मण्डल में जुआइन किया । उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से सांख्यिकी विज्ञान में स्नात्कोत्तर पूर्ण करने के पश्चात 1987 में भारतीय सांख्यिकी सेवाएं जुआइन किया । इन्हें भारतीय प्रबन्धन संस्था बेंगलूरू (फेलो आईआईएमबी) द्वारा सार्वजनिक नीति में डॉक्टर की उपाधी मिली है । इन्हें सूक्ष्म-वित्त तथा वित्तीय समावेशन में शोध में रूचि है । इनके पास ली कुआन स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी, सिंगापुर के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, द्वारा सार्वजनिक प्रबन्धन में स्नातकोत्तर की डिग्री भी है, जिसमें हार्वर्ड कैनेडी स्कूल में एक्सपोज़र सम्मिलित है ।

वित्तीय सेवाएं विभाग में इनकी तैनाती से पूर्व इन्होंने अन्य मंत्रालयों तथा संगठनों यथा राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय तथा सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय लेखा प्रभाग, केन्द्रीय सतर्कता आयोग एवं उद्योग तथा वाणिज्य मंत्रयालय में कार्य किया ।

5. श्री पी जे थॉमस

भारत सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के नामित निदेशक श्री पी जे थॉमस को दिनांक 26.04.2019 को आन्ध्रा बैंक के निदेशक मण्डल के लिए नामित किया गया है। वह बीएससी (ऑनर्स) के साथ विज्ञान में स्नातक हैं और बैंकिंग और वित्त में विशेषज्ञता के साथ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातकोत्तर हैं। वह भारतीय बैंकर्स संस्थान के प्रमाणित सहायक भी है।

लिंक्ड पॉलिसी से आय, जिसमें आस्ति प्रबंधन शुल्क तथा अन्य प्रभार, यदि कोई हो तो, सम्मिलित हैं, पॉलिसियों के नियम एवं शर्तों के अनुरूप लिंक्ड निधियों से वसूली जाती है तथा देयता के समय मान्यता दी जाती है ।

घ. भुगतान किया गया लाभ (दावे सहित) :

परिपक्वता लाभ की गणना भुगतान हेतु देयता के समय की जाती है । मृत्यु तथा अन्य दावे की गणना सूचना की प्राप्ति पर की जाती है । गैर-लिंक्ड पॉलिसी के अंतर्गत अभ्यर्पण/आहरण की गणना अनुरोध की प्राप्ति पर की जाती है । लिंक्ड पॉलिसी के अंतर्गत अभ्यर्पण/आहरण की गणना संबंधित योजना में संबंधित यूनिट की निरस्तिकरण पर की जाती है ।

उत्तरजीविता लाभ दावे तथा परिपक्वता दावे की गणना देयता के समय की जाती है ।

देय दावे में निपटान की सीधी लागत सम्मिलित है । उसपर वसूली योग्य पुनर्बीमा की गणना संबंधित दावे के अनुसार समान अवधि हेतु की जाती है । न्यायिक प्राधिकारियों के समक्ष विवादित नामंजूर दावे का निपटान तथ्यों पर ध्यान देते हुए प्रबंधन विवेक तथा ऐसे दावे से संबधित उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर दिया जाता है ।

ङ. अधिग्रहण लागत:

अधिग्रहण लागत जिस अवधि में व्यय किये जाते हैं उसी अवधि में वहन किये जाते हैं। अधिग्रहण लागत में प्रमुख रूप से बीमा मध्यस्थतों को कमीशन, चिकित्सा लागत, पॉलिसी मुद्रण व्यय, स्टॉम्प शुल्क और पॉलिसी जुटाने से लेकर जारी करने तक के अन्य सभी खर्च शामिल हैं।

3.6 आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी :

क. वित्तीय आस्तियों (एफए) में निवेश से आय :

एफए के समाधान/वसूली पर संग्रहित राशि एफए के मूल्य के शून्य होने तक संबंधित एफए में जमा होगी । एफए मूल्य शून्य के बाद एफए के समाधान से प्राप्त राशि लाभ एवं हानि विवरण में जमा किया जाता है । उसी प्रकार एफए के समाधान से प्राप्त की गई कुल राशि इनकी लागत से कम हो तो कमी को हानि के रूप में लिया जाता है तथा लाभ एवं हानि खाते में नामे किया जाता है । ''पुनर्सरचना हेतु परक्रामित वित्तीय आस्तियों'' के अधिग्रहण हेतु नीति के अंतर्गत समाधान किया गया/अधिग्रहित वित्तीय आस्ति के मामले में निधिक राशि पर ब्याज वास्तविक वसूली के रूप में माना जाता है ।

ख. न्यास की प्रतिभूति रसीद (एसआर) में निवेश से आय :

एसआर में निवेश से आय की गणना न्यास द्वारा सभी एसआर के प्रतिदेय के बाद की जाती है । सभी एसआर के प्रतिदेय के बाद गैर-समाधान आस्ति की बिक्री से प्राप्त अतिरिक्त आय की गणना, संबंधित न्यास द्वारा संवितरण पर की जाती है ।

ग. अन्य आय:

सभी अन्य आय की गणना उपचय के आधार पर की जाती है । राजस्व की गणना अर्जन पर की जाती है तथा इसकी वसूली अथवा संग्रहण पर कोई महत्त्वपूर्ण अनिश्चितता नहीं रहती है । प्रबंधन शुल्क की गणना के मामले में, प्रबंधन शुल्क की वास्तविक प्राप्ति पर ही माना जाएगा ।

घ. वित्तीय आस्तियों के अधिग्रहण हेतु किए गए व्यय:

वित्तीय आस्तियों के अधिग्रहण हेतु समुचित सावधानी, मूल्यांकन तथा नीलामी शुल्क आदि के रूप में पूर्व-अधिग्रहण स्तर पर अधिग्रहण व्यय को वर्तमान वर्ष व्यय के रूप में दर्शाया जाता है तथा उसे लाभ एवं हानि विवरण में दर्शाया जाता है ।

4. विदेशी मुद्रा लेनदेन:

4.1 आय एवं व्यय की मदें लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दरों पर दर्ज की जाती हैं ।

4.2 ***मौद्रिक आस्तियों एवं देयताओं का वर्ष के अंत में फेडाई द्वारा अधिसूचित***

विनिमय-दर पर पुन: मूल्य-निर्धारण किया जाता है तथा परिणामत: लाभ/हानि की निवल वर्तमान मूल्य (एनपीवी) लाभ/हानि खाते में दर्ज किया जाता है ।

4.3 *डेरिवेटिव उत्पाद (वायदा संविदा (व्यापार एवं अंतर-बैंक दोनों)/ मुद्रा फ्यूचर्स/ विदेशी मुद्रा स्वैप आदि) को प्रारम्भ में संविदा की बुकिंग के समय प्रचलित विनिमय-दर पर रिकार्ड किया जाता है । इनका फेडाई द्वारा अधिसूचित समाप्त-तिमाही के अंत में दरों पर पुन: मूल्य निर्धारण किया जाता है तथा परिणामत: लाभ/हानि को लाभ व हानि खाते में सम्मिलित किया जाता है । परिणामत: बाजार भाव पर दर्शाए गए (एमटूएम) लाभ/हानि को वर्तमान मूल्य एमटूएम की ग़णना के लिए एफआईएमएमडीए - जेडसीवाईसी दरें (6माह) का उपयोग करते हुए बट्टागत किया जाता है तथा परिणामत: लाभ/हानि को लाभ तथा हानि खाता में दर्ज किया जाता है ।*

4.4 विदेशी साख पत्रों, लैटर ऑफ कम्फर्ट तथा गारंटी पत्रों को, ऐसी प्रतिबद्धता की तारीख पर प्रचलित दरों के अनुसार रिकार्ड किया जाता है । वित्त वर्ष की समाप्ति पर फेडाई द्वारा अधिसूचित-दर पर बकाया मदों का पुन: वर्णन किया जाता है ।

4.5 *बैक-टू-बैक आधार पर लिये गये अन्य डेरिवेटिव उत्पाद जैसे ब्याज दर स्वैप/ वायदा दर करार/ ऑप्शंस आदि अथवा बैंक को अपने विदेशी मुद्रा एक्सपोज़र की हैजिंग हेतु संविदा की तिथि को प्रचलित दरों पर दर्ज किये जाते हैं एवं तुलनपत्र की तारीख को, अंतिम तिथि को रिपोर्ट किये जाते हैं । इन लेनदेन के संबंध में राजस्व का निर्धारण संविदा की समाप्ति तक समानुपातिक अवधि हेतु किया जाता है । बैक-टू-बैक आधार पर संविदा के संबंध में संविदा की अवधि पूर्व समाप्ति पर आय, समाप्ति समय पर निर्धारित की जाती है ।*

5. निवेश:

5.1 तुलनपत्र में प्रकट करने के लिए निवेश निम्नलिखित छ: भागों में वर्गीकृत किये गये हैं।

i) सरकारी प्रतिभूतियाँ
ii) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियाँ
iii) शेयर
iv) डिबेंचर एवं बाँड
v) अनुषंगी/ संयुक्त उद्यम/ एसोशिएटस तथा
vi) अन्य

5.2 निवेश निम्न प्रकार तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किए गए हैं ।

i) परिपक्वता तक रखे गये (एचटीएम)
ii) बिक्री के लिए उपलब्ध (एएफएस)
iii) व्यापारार्थ रखे गये (एचएफटी)

5.3 वर्गीकरण का आधार

i. निवेश के खरीद के समय इसे एचटीएम, एचएफटी या एएफएस के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और तत्पश्चात् भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार इन श्रेणियों में रखा जाता है ।

ii. ''पपिक्वता तक रखे गये'' श्रेणी के अंतर्गत परिपक्वता तक रखने के उद्देश्य से प्राप्त की गयी प्रतिभूतियाँ आती है ।

iii. ''व्यपार के लिए रखे गये'' श्रेणी के अंतर्गत व्यापार के उद्देश्य से प्राप्त प्रतिभूतियाँ आती हैं ।

iv. ''बिक्री के लिए उपलब्ध'' प्रतिभूतियाँ वे हैं जो उपर्युक्त दोनों वर्गों में वर्गीकृत नहीं हैं ।

v. अनुषंगी/संयुक्त उद्यम/सहयोगी संस्था में निवेश परिपक्वता तक रखे गए निवेश के रूप में वर्गीकृत है ।

5.4 मूल्यांकन :

निवेश की प्राप्ति लागत निर्धारित करने हेतु

i. अंशदान पर प्राप्त ब्रोकरेज/कमीशन निवेश की लागत से घटा दिए जाते हैं । प्रतिभूति की बिक्री के बाद प्राप्त प्रोत्साहन लाभ एवं हानि खाते में जमा किए जाते हैं ।

ii. निवेश की प्राप्ति हेतु खर्च किए गए ब्रोकरेज, कमीशन, प्रतिभूति लेनदेन कर और स्टाम्प शुल्क को राजस्व व्यय माना जाता है ।

iii. ऋण लिखतों पर प्रदत्त/ प्राप्त खंडित अवधि ब्याज को ब्याज व्यय/ आय माना जाता है और लागत/ बिक्री प्रतिफल से घटाया जाता है ।

iv. निवेश की सभी श्रेणियों के लिए भारित औसत लागत आधार पर निर्धारित की जाती है ।

भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार निवेश का मूल्यन निम्न आधार पर किया जाता है:-

i) परिपक्वता तक रखे गए:

क. इस वर्ग के अंतर्गत श्रेणीकृत निवेश को अधिग्रहण लागत, निवल परिशोधन, यदि कोई हो तो, पर दर्शाया जाता है । यदि अंकित मूल्य से अधिग्रहण लागत अधिक हो तो, शेष परिपक्वता अवधि में परिशोधित किया जाता है । इस प्रकार प्रीमियम के परिशोधन को 'निवेश पर ब्याज' शीर्ष के अंतर्गत आय के प्रति समाशोधित किया जाता है ।

ख. अनुषंगी, एसोसिएट और संयुक्त उद्यम (भारत और विदेश दोनों में) का मूल्यांकन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, जिसका मूल्यन रखाव लागत (अर्थात बही मूल्य) पर किया जाता है, में निवेश को छोड़कर ऐतिहासिक लागत पर किया जाता है ।

ग. अस्थायी प्रकृति के निवेशों के अलावा, निवेश मूल्यों में किसी ह्रास का निर्धारण किया जाता है और ऐसे प्रत्येक निवेश के लिए अलग से प्रावधान किया जाता है ।

ii) बिक्री के लिए उपलब्ध:

इस वर्ग के अंतर्गत रखे गये निवेश का निम्न अनुसार मूल्यन किया जाता है :

श्रेणी	*मूल्यांकन की विधि*
सरकारी/अनुमोदित प्रतिभूतियां	*वाईटीएम (परिपक्वता प्रतिफल) आधार पर*
इक्वीटी शेयर	*नवीनतम तुलन पत्र (12 माह पहले के बाद का न हो) के अनुसार बाजार भाव पर उद्धृत भाव वाले शेयर तथा अलग-अलग मूल्य (पुनर्मूल्यन आरक्षित निधियां, यदि कोई हो तो, पर विचार किए बिना) पर गैर-उद्धृत भाव वाले शेयर, अन्यथा ₹ 1 प्रति कंपनी*
अधिमानी शेयर	*वाईटीएम आधार पर*
डिबेंचर/बॉण्ड	*वाईटीएम आधार पर*
म्यूचुअल फंड का यूनिट	*प्रत्येक योजना के संबंध में फंड द्वारा घोषित एनएवी/ नवीनतम पुन: क्रय कीमत पर*
जोखिम पूंजी निधियां	*लेखा परीक्षित तुलन-पत्र, जो 18 माह पहले से अधिक का न हो, के अनुसार घोषित एनएवी अथवा विश्लेषित एनएवी । यदि एनएवी/लेखा परीक्षित वित्तीय स्थिति 18 माह के बाद का उपलब्ध न हो, तो प्रति वीसीएफ ₹ 1/- पर ।*
प्रतिभूति रसीद	*आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी द्वारा घोषित एनएवी पर*
टी-बिल एवं वाणिज्यिक पत्र	*रखाव लागत पर*

पांच समूहों में से (अनुषंगी/संयुक्त उद्यम/एसोशिएटस् में निवेश को छोडकर) प्रत्येक के अंतर्गत निवल मूल्यह्रास का पूर्णतया प्रावधान किया जाता है जबकि उपर्युक्त किसी भी समूह के अन्तर्गत शुद्ध मूल्य वृद्धि की उपेक्षा की जाती है । अलग अलग प्रतिभूतियों का बही मूल्य बाजार भाव पर दर्शाने के पश्चात किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं होता है ।

प्रतिभूति रसीद में निवेश :

प्रतिभूति रसीद (एसआर) जारी करने के विरुद्ध प्रतिभूतिकरण कंपनी (एससी)/आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी (एआरसी) को एनपीए (वित्तीय आस्ति) की बिक्री के मामले में, एसआर में निवेश (i) वित्तीय आस्ति के निवल बही मूल्य (एनबीवी) (याने बही मूल्य के लिए कम प्रावधान); और (ii) एसआर के मोचन मूल्य के न्यूनतर में मान्य है । एससी/एआरसी द्वारा जारी एसआर गैर-एसएलआर लिखतों के लिए लागू दिशा-निर्देशों के क्रम में मूल्यांकित हैं । इस क्रम में, एससी/एआरसी द्वारा जारी एसआर के मामलों में, संबंधित योजना के अंतर्गत वित्तीय आस्तियों को दिए गए उपकरणों की वास्तविक वसूली में सीमित हैं, एससी/एआरसी से प्राप्त, निवल आस्ति मूल्य, इन निवेशों के मूल्यांकन के लिए निर्धारित किया गया है।

iii) व्यापारार्थ रखे गये:

क. इस श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत निवेश का मूल्यांकन प्रत्येक महीने के अंत में फाईनेंशियल बेंचमार्क इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (एफबीआईएल) द्वारा घोषित कीमत/प्रतिफल, बाजार भावों के आधार पर बाजार दर पर किया जाता है ।

ख. प्रत्येक 5 शीर्ष (अनुषंगी/संयुक्त उद्यम/सहयोगी में निवेश को छोडकर) में निवल मूल्यह्रास हेतु पूर्ण प्रावधान किया जाता है जबकि निवल वृद्धि, यदि हो तो, उसकी उपेक्षा की जाती है । अलग अलग प्रतिभूतियों का बही मूल्य में मार्किंग टू मार्केट करने के बाद किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं होता है।

5.5 विवेकपूर्ण मानदंड :

i. निवेश का वर्गीकरण भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आधार पर अर्जक तथा अनर्जक के अनुसार किया गया है ।

ii. अनर्जक निवेशों (एनपीआई) के संबंध में, आय को मान्यता नहीं दी जाती है और भारतीय रिजर्व बैंक दिशा-निर्देश के अनुसार ऐसी प्रतिभूतियों हेतु मूल्य में ह्रास हेतु प्रावधान गए हैं ।

iii. रेपो/प्रतिवर्ती रेपो लेनदेन हेतु लेखांकन

रेपो/प्रतिवर्ती रेपो (भारिबैंक के चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) तथा मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटि (एमएसएफ) के अंतर्गत रेपो/प्रतिवर्ती रेपो लेन-देन सहित) के अंतर्गत प्रतिभूतियों की बिक्री और खरीद का लेखांकन संपार्श्विकयुक्त ऋण और उधार लेनदेन के रूप में लेखाबद्ध किया जाता है । तथापि, प्रतिभूतियों का अंतरण सामान्य सीधे बिक्री/खरीद लेनदेन के रूप में ही किया जाता है और प्रतिभूतियों के ऐसे संचलन का रिपो/प्रतिवर्ती रिपो खातों और प्रति-प्रविष्टियों का उपयोग करते हुए किया जाता है । उपर्युक्त प्रविष्टियों को परिपक्वता की तिथि को प्रतिवर्तित किया जाता है । लागत और राजस्व को ब्याज व्यय/आय, जैसा भी मामला हो, के रूप में लेखाबद्ध किया जाता है । रिपो खाते में शेष को अनुसूची 4 (उधार) और प्रतिवर्ती रिपो खाते में शेष को अनुसूची 7 (बैंकों के पास शेष और कॉल और अल्प सूचना राशि) के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी मास्टर निर्देशों के अनुरूप वर्गीकृत किया जाता है ।

5.6 सामान्य:

i. बैंक सरकारी और गैर-सरकारी प्रतिभूतियों में लेनदेन की खरीद एवं बिक्री के रिकार्ड निपटान तिथि को कर रहा है ।

ii. (क) एएफएस/एचएफटी श्रेणी से एचटीएम श्रेणी में स्क्रिप का अंतरण:

अंतरण बही मूल्य अथवा बाजार मूल्य में से निम्नतर पर किया जाता है । अंतरण के समय जहाँ बाजार-मूल्य बही मूल्य से

अधिक है, वृद्धि की उपेक्षा की जाती है तथा प्रतिभूति बही-मूल्य पर अंतरित की जाती है । ऐसे मामलों में जहां बाजार मूल्य बही-मूल्य से कम है, उस प्रतिभूति के विरूद्ध पहले ही रखे गए मूल्यह्रास के विरूद्ध प्रावधान और बही मूल्य को बाजार मूल्य तक कम करने के लिए समायोजित किया जाता है तथा अंतरण की तिथि को किए गए मूल्यांकन के आधार पर आवश्यक अतिरिक्त प्रावधान, यदि हो, को मान्यता दी जाती है तथा प्रतिभूति को बाजार मूल्य पर अंतरित किया जाता है ।

(ख) **एचटीएम से एएफएस/एचएफटी श्रेणी में प्रतिभूतियों के अंतरण के मामले में :**

यदि प्रतिभूति मूल रूप से एचटीएम श्रेणी के अंतर्गत रखी गई थी-

- क्या बट्टे पर, क्या उसका अंतरण एएफएस/एचएफटी श्रेणी में बही मूल्य/अभिग्रहण-मूल्य पर किया जाता है ।
- क्या प्रीमियम पर, उसका अंतरण एएफएस/एचएफटी श्रेणी में परिशोधन-मूल्य पर किया जाता है ।

उक्त दोनों मामलों में अंतरण के मामलों में, इन प्रतिभूतियों का तत्काल पुन: मूल्यांकन किया जाता है तथा परिणामत: मूल्य-ह्रास, यदि हो, तो उसका प्रावधान किया जाता है ।

(ग) प्रतिभूतियों के एएफएस से एचएफटी श्रेणी अथवा इसके विपरीत अंतरण के मामले में प्रतिभूतियों का पुन: मूल्यांकन अंतरण की तिथि को नहीं किया जाता तथा उपचित मूल्य-हास, यदि हो, हेतु प्रावधान एचएफटी प्रतिभूतियों के विरुद्ध मूल्य-ह्रास तथा इसके विपरीत हेतु प्रावधानों को अंतरित किया जाता है।

6. ब्याज दर स्वैप

6.1. ब्याज दर का स्वैप : (हेजिंग)

i. सतत स्वैप लेनदेनों पर आय उस स्वैप को छोडकर, जो आस्ति या देयता से संबंधित है तथा वित्तीय विवरणों में बाजार मूल्य या कम लागत पर की गई है, का निर्धारण संचयी आधार पर किया गया है। उस मामले में स्वैप के बाजार मूल्य को बही में अंकित किया गया है तथा परिणामरूपी लाभ या हानि, बाजार मूल्य या संबंधित आस्ति या देयता के समायोजन के रूप में दर्ज किए गये हैं ।

ii. जब समायोजित लाभ/ हानि संबंधित आस्ति या देयता में निर्धारित किये जाते हैं, तब समाप्त किये गये स्वैप लेनदेनों पर लाभ/हानि का निर्धारण किया जाता है । इस प्रकार, समाप्त किये गये स्वैप पर लाभ या हानि, स्वैप के शेष संविदात्मक समय या आस्ति/देयता का शेष समय, जो भी कम हो, तक आस्थगित कर निर्धारित किये जाते हैं ।

6.2. ब्याज दर स्वैप (व्यापार)

i. व्यापार स्वैप के बाजार मूल्य को बही में अंकित किया गया है तथा परिवर्तनों को लाभ एवं हानि लेखा में दर्ज किया गया है ।

ii. ऐसे स्वैपों से संबंधित आय एवं व्यय को निपटान तिथि में निर्धारित किया गया है ।

iii. शुल्क का निर्धारण आय या व्यय के रूप में किया गया है ।

iv. स्वैप की समाप्ति पर लाभ या हानि, ऐसी समाप्ति के तुरन्त बाद आय या व्यय के रूप में दर्ज की गई हैं ।

7. अग्रिम

7.1 भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार ऋण और अग्रिमों का उल्लेख अर्जक और अनर्जक के रूप में किया गया है ।

7.2 अग्रिमों का वर्गीकरण मानक, अवमानक, संदिग्ध एवं उधारकर्ता-वार हानि आस्तियां के रूप में किया गया है ।

7.3 भा रि बैं द्वारा निर्दिष्ट वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुसार अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान किए गए तथा मूल्यांकन अनुसार अतिरिक्त प्रावधान किए गए हैं, बशर्ते कि यह नीचे दिए गए अनुसार न्यूनतम प्रावधानों के अनुसार हो:

अवमानक आस्तियां	1. सामान्यत: कुल बकाया का 15% 2. एक्सपोजर के लिए 10% का अतिरिक्त प्रावधान जो प्रारंभ में बिना प्रतिभूति के थे । 3. बुनियादी ढांचा ऋण खातों के संबंध में बिना प्रतिभूति के एक्सपोजर जहां एस्क्रो खाते जैसे कुछ सुरक्षा उपाय उपलब्ध हैं - 20%
संदिग्ध- प्रतिभूति सहित भाग	1. एक वर्ष तक - 25% 2. एक से तीन साल - 40% 3. तीन साल से अधिक - 100%
संदिग्ध - बिना प्रतिभूति	100%
हानि संपत्ति	100%

7.4 तुलनपत्र में उल्लिखित अग्रिम विशिष्ट ऋण हानि प्रावधान तथा अनर्जक आस्तियों से संबंधित क्रेडिट गारंटी ट्रस्ट फंड (सीजीएफटी) / एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (ईसीजीसी) से प्राप्त किए गए दावे / विविध खाते में बिना वसूली किए गए ब्याज का निवल है ।

7.5 पुन:संरचित/पुनर्निधारित आस्तियों के लिए प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किए जाते हैं, जिनके अनुसार पुनर्निर्धारण से पूर्व और इसके बाद ऋण के उचित मूल्य में अंतर हेतु प्रावधान किया गा है । उचित मूल्य में कमी (डीएफवी) हेतु प्रावधान अग्रिम से कम किया जाता है ।

7.6 अनर्जक के रूप में वर्गीकृत ऋण खातों के मामले में, खाते को अर्जक आस्ति के रूप में पुन: वर्गीकृत किया जा सकता है बशर्ते कि यह भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप हो।

7.7 पिछले वर्ष अपलिखित ऋणों में वसूली गई राशि को वसूली के वर्ष के दौरान राजस्व के रूप में माना जाता है ।

7.8 भारतीय रिज़र्व बैंक के वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुसार मानक आस्तियों के लिए भी सामान्य प्रावधान किया जाता है । इन प्रावधानों को तुलन पत्र के अनुसूची 5 में 'अन्य देयताएं और प्रावधान' के अंतर्गत दर्शाया जाता है जिन्हें निवल अनर्जक आस्तियों के आकलन के समय ध्यान में नहीं लिया जाता है।

8 अचल आस्तियाँ, मूल्यह्रास तथा ऋण परिशोधन:

8.1 भूमि तथा परिसर के अतिरिक्त अचल आस्ति को लागत के रूप में लिया जाता है, क्षति यदि हो तो, मूल्यह्रास के रूप में समायोजित किया जाता है । लागत में क्रय मूल्य तथा सभी व्यय जैसे तैयारी, प्रतिष्ठापन लागत तथा उपयोग के पहले आस्ति पर किया गया अन्य प्रभार सम्मिलित हैं । बाद में उपयोग हेतु आस्ति पर उपगत अन्य प्रभार केवल आस्ति से भविष्य लाभ में वृद्धि से पूंजीगत किया जाता है ।

8.2 भूमि/परिसर, जिनका पुन: मूल्यांकन किया गया है, को पुनर्मूल्यांकन राशि के रूप में लिया जाता है। पुनर्मूल्यांकन तिथि पर संचित मूल्यह्रास सकल वहन राशि में परिवर्तन के अनुपातिक रूप से पुनर्कथन द्वारा गणना की जाती है ताकि पुनर्मूल्यांकन पश्चात वहन राशि, लेखा मानक एएएस-10 (परिशोधित) सम्पत्ति, प्लांट तथा संयंत्र के अनुसार अपनी पुनर्मूल्यांकित राशि के समतुल्य हो । पुन: मूल्यांकन पर मूल्य-वर्धन को पुन: मूल्यांकन रिज़र्व को जमा किया जाता है और वृद्धिशील मूल्यह्रास, यदि पुन: मूल्यांकित राशि से संबंधित हो, को इससे घटाया जाता है ।

8.3 परिसर लागत में भूमि, पूर्ण स्वामित्व तथा पट्टा स्वामित्व सम्मिलित हैं ।

8.4 मूल्यह्रास

i. मूल्यह्रास स्ट्रेट लाईन आधार पर चल आस्ति की अनुमानित उपयोगी आयु पर लगाया जाता है । प्रबंधन का मानना है कि बैंक द्वारा मूल्यांकित आस्ति की उपयोगी आयु वातावरण, तकनीकी में परिवर्तन तथा उपयोग में आस्ति की उपयोगिता, संबंधित आस्ति की उपयोगी आयु का प्रतिनिधित्व करता है । चल आस्तियों की अनुमानित उपयोगी आयु निम्न अनुसार है :

विवरण	अवशिष्ट आयु	बैंक द्वारा निर्धारित अनुमानित उपयोगी आयु
परिसर - फ्रीहोल्ड	मूल लागत का 5%	60 वर्ष
अन्य अचल आस्तियां:		
सेफ़ डिपॉजिट लॉकर, स्ट्रॉंग रूम दरवाजा, आलमारी	₹ 1/-	30 वर्ष
फर्नीचर और फिक्सचर, इलेक्ट्रिकल फिटिंग्स, वातानुकूलन प्लांट तथा उपकरण	₹ 1/-	10 वर्ष
स्वचालित टेलर मशीन/नकद जमा मशीन/सिक्का डिस्पेंशर/सिक्के वेंडिंग मशीन	₹ 1/-	7 वर्ष
कार्यालयीन उपस्कर	₹ 1/-	5 वर्ष
मोटर वाहन, वैन तथा मोटर साईकिल	मूल लागत का 5%	5 वर्ष
कम्प्यूटर तथा कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर जो हार्डवेयर का एकीकृत भाग के रूप में है	₹ 1/-	3 वर्ष

ii. ₹ **10,000/-** के समतुल्य तथा कम मूल लागत वाली आस्तियों का 100% मूल्यह्रास किया जाता है जिसका अवशिष्ट मूल्य ₹ 1/- माना जाता है ।

8.5 ऋण परिशोधन

i) पट्टागत भूमि के अधिग्रहण के लिए प्रदत्त प्रीमियम एवं उस पर निर्मित भवनों की लागत का परिशोधन पट्टे की अवधि अथवा 60 वर्ष, जो भी पहले हो, में किया गया है।

ii) साफ्टवेयर के परिशोधित मूल्य को अमूर्त आस्ति माना गया है ।

क. कोर बैंकिंग सोलूशन (सीबीएस) के अंतर्गत प्राप्त सॉफ्टवेयर को पाँच वर्ष के उपयोगी अवधि के दौरान परिशोधित किया जाता है ।

ख. अन्य सॉफ्टवेयर को अधिप्राप्ति के वर्ष में प्रभारित किया जाता है ।

iii) पुनर्मूल्यांकित आंकडे पर मूल्यह्रास पुनर्मूल्यांकन आरक्षिति में समायोजित की जाती है ।

iv) पट्टा स्वामित्व परिसर में सुधार को पट्टा की शेष प्राथमिक अवधि पर प्रभारित किया जाता है ।

v) वर्ष के दौरान खरीदे एवं बेचे गए आस्तियों हेतु, मूल्यह्रास बैंक द्वारा यथानुपात आधार पर प्रदान किया जाता है ।

vi) जहाँ भी आस्ति की अनुमानित उपयोगी आयु में संशोधन हो तो, गैर-परिशोधित मूल्यह्रास योग्य राशि कथित परिशोधित शेष उपयोगी आयु के उपर प्रभारित किया जाता है ।

vii) अचल संपत्ति की बिक्री पर लाभ, निवल कर तथा सांविधिक आरक्षिति के अंतरण को पूंजी आरक्षिति खाता में अंतरित किया जाता है ।

8.6 समनुषंगी

8.6.1 अचल परिसंपत्तियॉं -

पट्टे पर दिये गये परिसंपत्तियों को जिन्हें रूपये 1/- पर मूल्यांकित किया गया है इनके अलावा सभी स्थायी परिसंपत्तियों को लागत पर मूल्यांकित किया जाता है।

8.6.2 मूल्यह्रास

8.6.2.1स्वयं के प्रयोग की परिसंपत्तियाँ -

मूल्यह्रास प्रावधान नहीं किया गया चूँकि आस्तियों के मूल्य दि. 31.03.2020 को आस्तियों के शेष हैं ।

8.6.2.2 पट्टे पर ली गई परिसंपत्तियाँ -

मेसर्स इनकैब इंडस्ट्रीज लि. को पट्टेपर दिये गये मशीनरी के शेष मूल्य को रूपये 1/- निर्धारित किया गया है । पट्टे पर दिये गये परिसंपत्तियों के लिये कोई प्रावधानीकरण नहीं किया गया है ।

9. कर्मचारी लाभ

9.1 अल्पकालिक कर्मचारी लाभ

कर्मचारियों द्वारा सेवा के दौरान 12 माह के अंदर देय अल्पावधि कर्मचारी लाभ की राशि को अल्पावधि के रूप में वर्गीकृत किया गया है, तथा कर्मचारी द्वारा दी गयी संबंधित सेवाएं की अवधि के दौरान मान्यता दी जाती है ।

9.2 दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ

i. परिभाषित योगदान योजनाएं :

मान्यता प्राप्त भविष्य निधि/राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) हेतु देय अंशदान परिभाषित योगदान योजना है तथा इसे लाभ एवं हानि खाता में प्रभारित किया जाता है ।

बैंक में 1 अप्रैल 2010 के बाद बैंक में जुआइन हुए सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए नई पेशन योजना (एनपीएस) परिचालन में है, जो परिभाषित योजना है । ऐसे नए जुआइनी वर्तमान पेंशन योजना के भागी बनने हेतु पात्र नहीं है । योजना के अनुसार कवर प्राप्त कर्मचारी अपने मूल वेतन और महंगाई भत्ते का 10% और बैंक से तदनुरूपी राशि का अंशदान देते हैं। पंजीकरण प्रक्रिया की पूर्ति तक संबंधित कर्मचारियों के अंशदान बैंक में रख लिए जाते हैं । बैंक ऐसे वार्षिक अंशदान को संबंधित वर्ष में गणना में लेता है । स्थायी सेवानिवृत्ति खाता नंबर (प्रान) की प्राप्ति पर समेकित अंशदान राशि एनपीएस न्यास को अंतरित किया जाता है ।

ii. परिभाषित लाभ योजनाएं :

कर्मचारियों की ग्रेच्युटी, पेंशन तथा छुट्टी नकदीकरण परिभाषित लाभ योजनाएं हैं ।

क) ग्रेच्युटी

कर्मचारी ग्रेच्युटी योजना को बैंक द्वारा निधि दी गयी है एवं एक अलग योजना के जरिए जीवन बीमा निगम/बैंक द्वारा प्रबंधित है । ग्रेच्युटी के अंतर्गत बैंक के दायित्व का वर्तमान मूल्य वर्ष के अंत में वास्तविक मूल्यांकन के आधार पर पहचाना गया है एवं योजना आस्तियों का उचित मूल्य, शुद्ध आधार पर दायित्व पहचानने के लिए सकल दायित्वों से काटा गया है ।

ख) पेंशन

कर्मचारी पेंशन निधि को बैंक द्वारा निधि दी गयी है एवं एक अलग न्यास द्वारा प्रबंधित है । पेंशन के अंतर्गत बैक के दायित्व का वर्तमान मूल्य वर्ष के अंत में वास्तविक मूल्यांकन के आधार पर पहचाना गया है एवं योजना आस्तियों का उचित मूल्य शुद्ध आधार पर दायित्व पहचानने के लिए सकल दायित्वों से काटा गया है ।

ग) छुट्टी नकदी करण -

साधिकार अवकाश को दीर्घावधि सुविधा माना गया है और प्रत्येक तुलन पत्र तिथि को ''प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट प्रणाली'' पर बीमांकिक के आधार पर मान्यता दी गई है ।

iii. अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी सुविधाएं :

क) बैंक के सभी पात्र कर्मचारी प्रतिपूरक अनुपस्थिति, रजत जयंती पुरस्कार, छुट्टी यात्रा रियायत, सेवानिवृत्ति पुरस्कार और रीसेटलमेंट भत्ते के लिए पात्र हैं । कर्मचारी की ऐसी दीर्घावधि सुविधाओं का बैंक द्वारा आंतरिक निधीकरण किया जाता है ।

ख) अन्य दीर्घावधि सुविधाएं प्रदान करने की लागत का पूर्वानुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति का प्रयोग करते हुए प्रत्येक तुलन पत्र तिथि को बीमांकक मूल्यांकन करते हुए निर्धारित किया जाता है । पिछली सेवा लागत की गणना लाभ एवं हानि विवरण में तत्काल गणना में लिया जाता है और इसे आस्थगित नहीं किया जाता ।

10. प्रति शेयर अर्जन :

क) प्रति शेयर मूल तथा डाईलूटेड अर्जन एएस-20 ''प्रति शेयर अर्जन'' के अनुसार रिपोर्ट की जाती है । प्रति इक्विटी शेयर मूल अर्जन उस अवधि के दौरान शेष ईक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या द्वारा कर पश्चात निवल लाभ के विभाजन द्वारा गणना की जाती है ।

ख) प्रति ईक्विटी शेयर डाईलुटेड अर्जन ईक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या तथा उस अवधि के अंत में शेष डाईलुटेड संभावित ईक्विटी शेयरों का उपयोग करते हुए गणना की जाती है ।

11. आय पर कर

11.1 आयकर व्यय निम्नलिखित की कुल राशि है ।

i. चालू कर प्रावधान और

ii. आस्थगित कर प्रभार

11.2 चालू कर प्रावधान आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधान और इनके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसरण में निर्धारित अवधि हेतु कर राशि है ।

11.3 आस्थगित कर प्रभार का निर्धारण आयकर अधिनियम 1961 के प्रावधान और भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखांकन मानक 22 'आय पर कर हेतु लेखांकन' के अनुसरण में किया गया है और यह वर्ष के दौरान आस्थगित कर आस्ति या देयता का निवल अंतर है । आस्थगित आय कर में वर्तमान वर्ष के दौरान करादेय आय और लेखांकन आय के बीच के समय अंतर और पिछले वर्ष के समय अंतर के प्रतिवर्तन का प्रभाव प्रतीत होता है ।

11.4 आस्थगित कर आकलन तुलन-पत्र की तिथि को कर दरें और पारित या पर्याप्त रूप से पारित कर विधि के आधार पर किया जाता है।

11.5 आस्थगित कर आस्तियों को गणना में तब तक नहीं लिया जाता है जब तक की युक्तिपूर्ण निश्चितता न हो कि भविष्य में ऐसे आस्थगित कर आस्तियों के प्रति पर्याप्त करादेय आय की वसूली होगी ।

11.6 आस्थगित कर आस्तियों को, वसूली के युक्तिपूर्ण/आभासी निश्चितता के संबंध में प्रबंधन के निर्णय के आधार पर प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर गणना में लिया जाता और पुन: मूल्यांकन किया जाता है।

11.7 विशेष रिज़र्व

राजस्व और अन्य रिज़र्व में आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36(1) (viii) के अंतर्गत सृजित विशेष रिज़र्व शामिल है । बोर्ड के निदेशक मंडल ने रिज़र्व के सृजन को अनुमोदित करते हुए और विशेष रिज़र्व से आहरण करने का उद्देश्य न होने के संबंध में पुष्टि करते हुए बैंक के निदेशक मंडल ने संकल्प पारित किया है ।

12. आस्तियों का ह्रास :

प्रत्येक तुलनपत्र की तिथि को यह निर्धारण किया जाता है कि क्या किसी प्रकार की आस्ति की हानि हुई है, यदि इस प्रकार की कोई हानि हुई है तो उनकी अनुमानित वसूली योग्य राशि का आस्ति के आधिक्य तक लाभ एवं हानि विवरणी में प्रावधान किया गया है ।

13. प्रावधान, प्रासंगिक देयताएँ एवं प्रासंगिक आस्तियां

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी एएस 29 "प्रावधान, प्रासंगिक देयताएं और प्रासंगिक आस्तियाँ" के अनुपालन में, बैंक प्रावधानों को निम्नलिखित स्थिति में ही गणना में लेता है:

1. पूर्व घटना के कारण वर्तमान बाध्यता है ।
2. बाध्यता के निपटान हेतु आर्थिक सुविधाओं के रूप में निधि के बहिर्गमन की संभावना है और
3. बाध्यता की राशि का विश्वसनीय आकलन किया जा सके ।

13.1 निम्नलिखित हेतु प्रावधान को गणना में नहीं लिया जाता है:

i. पूर्व घटना के कारण बाध्यता के उत्पन्न होने की संभावना जो भविष्य में एकाधिक घटनाओं, जो पूर्णत: बैंक के नियंत्रण में न हो, के घटित होने या न होने पर आधारित हो; अथवा

ii. पिछली घटनाओं से उत्पन्न होने वाली कोई भी वर्तमान बाध्यता पर जो मान्य नहीं है क्योंकि

क) बाध्यता का निपटान करने के लिए आर्थिक लाभ युक्त संसाधनों के बर्हिगमन की संभावना नहीं है ।

ख) बाध्यता की राशि का विश्वसनीय आकलन नहीं किया जा सकता है । ऐसी बाध्यताओं को प्रासंगिक देयताओं के रूप में दर्ज किया जाता है । नियमित अंतराल पर इनका आकलन किया जाता है और आर्थिक सुविधाओं के रूप में निधि के बहिर्गमन की संभावना वाले अंश के लिए प्रावधान किया जाता है, ऐसी परिस्थितियों को छोडकर, जहाँ कोई विश्वसनीय आकलन नहीं किया जा सकता है ।

13.2 वित्तीय विवरणों में आकस्मिक आस्तियों को मान्यता नहीं दी जाती है ।

13.3 देशीय एक्सपोजर का प्रावधान: संपत्ति वर्गीकरण स्थिति के अनुसार रखे गए विशिष्ट प्रावधानों के अलावा, विशेष देश हेतु एक्सपोजर (स्वदेश के अलावा अन्य) का भी प्रावधान किया गया है। देशों को सात जोखिम श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है, अर्थात् महत्वहीन, निम्न, मध्यम, उच्च, बहुत उच्च, प्रतिबंधित और ऑफ-क्रेडिट तथा मौजूदा भारतीय रिजर्व बैंक दिशानिर्देशों के अनुसार प्रावधान किए गए हैं । यदि प्रत्येक देश के संबंध में बैंक का देशीय एक्सपोजर (निवल) कुल वित्त पोषित संपत्ति के 1% से अधिक नहीं है, तो ऐसे देशीय एक्सपोजर हेतु कोई प्रावधान नहीं किया जाता है।

14. निवल लाभ

लाभ एवं हानि खाता में निवल लाभ निम्नलिखित के पश्चात प्रकट किया जाता है:

i. निवेशों पर मूल्यह्रास का प्रावधान
ii. कराधान हेतु प्रावधान
iii. ऋण हानियों के लिए प्रावधान
iv. मानक आस्तियों पर प्रावधान
v. अनर्जक निवेशों पर प्रावधान
vi. अन्य सामान्य एवं आवश्यक प्रावधान।

15. नकद और नकदी तुल्य

हाथ में नकदी, भारतीय रिजर्व बैंक के साथ शेष, अन्य बैंकों के साथ शेष और कॉल और शॉर्ट नोटिस पर मुद्रा सहित नकद तथा नकदी तुल्य सम्मिलित हैं।

16. खंड रिपोर्टिंग

बैंक बिजनेस सेगमेंट को आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार प्राथमिक रिपोर्टिंग क्षेत्र और भौगोलिक क्षेत्र को सेकेंडरी रिपोर्टिंग खंड के रूप में मान्यता देता है। इसे भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा मानक - 17 ऽखंड रिपोर्टिंगरु के अनुपालन में जारी किया गया है ।

व्यावसायिक क्षेत्रों को निम्नलिखित रूप में वर्गीकृत किया गया है:-

i) राजकोष
ii) कॉर्पोरेट / थोक बैंकिंग
iii) खुदरा बैंकिंग
iv) अन्य बैंकिंग परिचालन

अनुसूची- 18: वित्त वर्ष 2019 - 20 के लिए समेकित वित्तीय विवरणियों के लेखों पर टिप्पणियां

क. अनुषंगी/सहयोगी/संयुक्त उद्यमों की सूची, जिन्हें समेकित वित्तीय विवरणियों की तैयारी हेतु ध्यान में रखा गया है :

समेकित वित्तीय विवरणियों की तैयारी हेतु ध्यान में रखी गई 1 अनुषंगी, 1 सहयोगी तथा 3 संयुक्त उद्यम (जो आन्ध्रा बैंक, मूल संस्था, सहित समूह बनते हैं) निम्नानुसार हैं :

क्र. सं	संस्था	निगमित देश	समूह का हिस्सा (%)	
			31.03.2020	31.03.2019
क)	**अनुषंगी :**			
1	आन्ध्रा बैंक वित्तीय सेवाएं लिमिटेड	भारत	100.00	100.00
ख)	**सहयोगी :**			
1	चैतन्य गोदावरी ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
ग)	**संयुक्त उद्यम :**			
1	इंडिया फस्ट लाईफ इन्शुरेन्स कंपनी लिमिटेड	भारत	30.00	30.00
2	एएसआरईसी (भारत) लिमिटेड	भारत	26.02	26.02
3	भारतीय अन्तरराष्ट्रीय बैंक (मलेशिया) बरहाद	मलेशिया	25.00	25.00

ख. समेकित वित्तीय विवरणियों को तैयार करने का आधार

मूल बैंक तथा इसकी अनुषंगी, सहयोगी एवं संयुक्त उद्यमों की समेकित वित्तीय विवरणियों (सीएफएस) की तैयारी, जब तक अन्यथा निर्देशित न किया जाए, लागू सांविधिक/विनियामक प्रावधानों, लेखा मानकों, भारत साधारणतया स्वीकृत लेखा सिद्धांतों तथा प्रक्रियाओं, के सभी तात्विक पहलुओं के अनुपालन में की गई है । भारतीय अंतर्राष्ट्रीय बैंक (मलेशिया) बरहाद कम्पनी की वित्तीय विवरणियां मलेशियाई वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों (एमएफआरएस), अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों (आईएफआरएस) तथा मलेशिया में कम्पनी अधिनियम, 2016 की अपेक्षाओं के अनुरूप है ।

ग. समेकन प्रक्रिया :

समेकित वित्तीय विवरणियों की तैयारी लेखा मानक (एएस-21), 'समेकित वित्तीय विवरण (एएस-23)', 'समेकित वित्तीय विवरणियों (एएस-27) में एसोसिएटों में निवेश हेतु लेख तथा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी 'संयुक्त उद्यमों में हितों की वित्तीय रिपोर्टिंग' तथा समेकित वित्तीय विवरणियों की तैयारी हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप की गई है । बैंक तथा इसके अनुषंगी की वित्तीय विवरणियों को, इंट्रा-ग्रुप शेष/लेन-देन तथा परिणामी अप्राप्त लाभ/हानि को हटाने के पश्चात्, आस्तियों, देयताओं, आय और व्यय जैसी कुल राशियों को जोड़कर पंक्ति-दर-पंक्ति आधार पर समेकित किया गया है ।

घ. अनुषंगी की वित्तीय विवरणियों को, जहाँ आवश्यक हो, बैंक की लेखा नीतियों के अनुरूप समायोजित किया गया है ।

ङ. अनुषंगी, सहयोगी तथा 3 संयुक्त उद्यम प्रचलित विधि तथा प्रक्रियाओं के अनुसार लेखा नीतियों का निरंतर पालन कर रहे हैं, जो संबंधित व्यवसाय आवश्यकताओं के दृष्टिगत कुछ मामलों में मूल बैंक से भिन्न हैं । प्रबंधन की राय में इसका प्रभाव महत्वपूर्ण नहीं है जिसकी समेकित वित्तीय विवरणियों में समायोजन की आवश्यकता पड़े ।

च. आन्ध्रा बैंक वित्तीय सेवाएं लिमिटेड (एबीएफएसएल) में आन्ध्रा बैंक के निवेश को बही मूल्य को निवेशों पर मूल्यह्रास के कारण ''शून्य'' (पिछले वर्ष ''शून्य'') कर दिया गया है । अत: आन्ध्रा बैंक द्वारा धारित एबीएफएसएल की शेयर पूँजी ₹ 5 करोड़ (पिछले वर्ष ''5 करोड़'') को समेकित वित्तीय विवरणों में पूँजी आरक्षण के रूप में दर्शाया गया है ।

छ. आर.आर.बी. में निवेश हेतु लेखा :

भारतीय सनदी लेखाकारगण संस्था द्वारा जारी लेखा मानक 23 के अनुरूप क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आर.आर.बी.) नामत: चैतन्य गोदावरी ग्रामीण बैंक में शेयर पूंजी में 35% तक के निवेश का पिछले वर्ष अपनाई गई पद्धति के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप 'ईक्विटी पद्धति' के अनुसार मूल्यांकन किया गया है । एसोसियेटों की निवल आस्तियों में ₹ 174.09 करोड़ (₹ 148.36 करोड़) की वृद्धि के कारण सहयोगियों के निवेश के मूल्यों में समायोजित किया गया है । क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आर.आर.बी) वित्तीय लेखा परीक्षा के अनुसार समेकित वित्तीय विवरणियों को 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष हेतु तैयार करने के लिए विचार किया गया है ।

ज. संयुक्त उद्यमों में निवेश हेतु लेखा :

(i) इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, एएसआरईसी (इंडिया) लिमिटेड और इंडिया इंटरनेशनल बैंक (मलेशिया) बरहाद कंपनियों के संबंध में संयुक्त उद्यमों में निवेश का लेखा मानक 27 के अनुसार, आनुपातिक समेकन पद्धति के अंतर्गत लेखबद्ध किया गया है । निवेश राशि और कंपनी के इक्विटी में निवेश के नाम-मात्र मूल्य में अंतर को सुनाम /आरक्षित पूंजी के रूप में पहचाना गया है ।

(ii) एएसआरईसी (इंडिया) लिमिटेड को छोड़कर, संयुक्त उद्यमों की विधिवत लेखा परीक्षा उनके सम्बन्धित लेखा परीक्षकों द्वारा की गई है, यहाँ पर समेकन हेतु गैर-लेखा परीक्षा वित्त का ध्यान रखा गया है ।

(iii) इंडिया इंटरनेशनल बैंक (मलेशिया) बरहाद की 31 दिसंबर 2019 को समाप्त वर्ष से संबंधित वित्तीय विवरणियां निगमन हेतु विचार की गई हैं जिस पर इंडिया इंटरनेशनल बैंक (मलेशिया) के निदेशक मंडल का अनुमोदन प्राप्त है ।

(iv) विदेशी संयुक्त उद्यमों में निवेश के बही मूल्य में अंतरण से उत्पन्न अंतर, आगे लाई गई हानि तथा अचल आस्तियों का आरंभिक शेष को लागू विनिमय दर पर परिवर्तित करने को 'विदेशी मुद्रा अंतर प्रारक्षिती' के रूप में माना गया है ।

(v) 31 मार्च 2020 को इंडिया इंटरनेशनल बैंक (मलेशिया) बरहाद, की

समेकित तुलन-पत्र के अन्तर्गत अनुसूचियां

निम्न मदे समेकित वित्तीय विवरणियों में सम्मिलित की गई है, जो भिन्न लेखांकन नीति अर्थात मलेशियाई वित्तीय रिपोर्टिंग मानक और अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानक पर आधारित है ।

विवरण	अनुसूची	₹ करोड़ में	
		31.03.2020	31.03.2019
जमा	3	109.56	58.02
उधार	4	---	---
अन्य देयता	5	0.76	0.38
नकद	6	0.18	0.19
बैंक में शेष तथा मांग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि	7	192.84	131.51
अग्रिम	9	21.44	23.18
अचल आस्तियां	10	0.13	0.19
अन्य आस्तियां	11	0.48	1.08
आकस्मिक देयता	12	16.72	22.15
अर्जित ब्याज	13	9.03	7.38
अन्य आय	14	0.64	0.71
खर्चा गया ब्याज	15	2.55	1.51
परिचालन व्यय	16	5.23	5.42
लाभ /(हानि)		1.42	1.41

झ. संयुक्त उद्यमों के अधिग्रहण से उत्पन्न होने वाली सुनाम का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

संयुक्त उद्यम का नाम	31.03.2020	31.03.2019
एएसआरईसी (इन्डिया) लिमिटेड	2.90	2.90
निवल सुनाम	2.90	2.90

ञ. समेकित वित्तीय विवरणियों के लिए अतिरिक्त प्रकटन निम्नानुसार है

क. बेसल -III के अधीन पूंजी से जोखिम पर्याप्तता अनुपात	2019-20	2018-19
(i) सामान्य इक्विटी टियर ॐ। पूंजी अनुपात (%)	6.65	8.55
(ii) अतिरिक्त टियर -I पूंजी अनुपात (%)	1.67	1.97
(iii) टियर -I पूंजी अनुपात (%)	8.32	10.52
(iv) टियर -II पूंजी अनुपात (%)	2.97	3.30
(v) कुल पूंजी अनुपात (सीआरएआर) (%)	11.28	13.82
(vi) भारत सरकार की शेयरधारिता का प्रतिशत (%)	88.25	90.85
(vii) जारी इक्विटी पूंजी की राशि (₹ करोड़ में)	192.60# 200.00** 392.60	2019* 3256$ 5275
(viii) अतिरिक्त टीयर 1 की पूंजी राशि (₹ करोड़ में) :	शून्य	शून्य
जिनमें से :		
स्थाई असंचयी अधिमानी शेयर (पीएनसीपीएस)	शून्य	शून्य
स्थाई ऋण लिखत (पीडीआई)	शून्य	शून्य
(ix) टीयर 2 की पूंजी राशि (₹ करोड़ में)	शून्य	शून्य
जिनमें से :		
ऋण पूँजी लिखत :	शून्य	शून्य
अधिमानी शेयर पूँजी लिखत :	शून्य	शून्य
स्थाई संचयी अधिमानी शेयर (पीसीपीएस)	शून्य	शून्य
प्रतिदेय असंचयी अधिमानी शेयर (आरएनसीपीएस)	शून्य	शून्य
प्रतिदेय संचयी अधिमानी शेयर (आरसीपीएस)	शून्य	शून्य
ख. अर्जन प्रति शेयर (प्रति ₹ 10/- का अंकित मूल्य)		
अर्जन प्रति शेयर (मूल एवं विघटित)	(4.43)	(18.71)
मूल तथा विघटित ईपीएस का परिकलन		
निवल लाभ (₹ करोड़ में)	1323.70	(2742.00)
भारित औसत शेयर की संख्या (₹ करोड़ में)	298.67	146.58
प्रति शेयर मूल तथा विघटित अर्जन (₹)	(4.43)	(18.71)

(#) वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान, बैंक ने ईएसपीएस (कर्मचारी स्टॉक खरीद योजना) के माध्यम से पूंजी जुटाने की एक योजना का अनुमोदन किया है, जिसमें अधिकतम 25% की छूट देते हुए 10 करोड़ ताज़ा इक्विटी शेयरों को जारी किया गया हैं। यह योजना सदस्यता हेतु 11.03.2019 से 20.03.2019 तक के लिए प्रति शेयर 19.26 के रियायती मूल्य पर 192.60 करोड़ एकत्रीकरण के लिए खोली गई थी। चालू वित्त वर्ष के दौरान 24.04.2019 को उक्त शेयरों को आवंटित किया गया है।

(**) बैंक ने ₹ 10/- प्रति शेयर मूल्य के 11,10,49,416 इक्विटी शेयरों का आवंटन ₹ 8.01 का प्रीमियम सम्मिलित करते हुए ₹ 18.01 प्रति शेयर पर नकदी हेतु (गत वर्ष 11.10.2018 को ₹ 10/- प्रति शेयर मूल्य के 53,99,83,952 इक्विटी शेयरों को ₹ 27.39 का प्रीमियम सम्मिलित करते हुए ₹ 37.39 प्रति शेयर पर नगदी हेतु सकल कीमत ₹ 2018,99,99,965.20 एवं 28.03.2019 को ₹ 10/- प्रति शेयर मूल्य के 114,56,72,061 इक्विटी शेयरों को ₹ 18.42 का प्रीमियम सम्मिलित करते हुए ₹ 28.42 प्रति शेयर पर नगदी हेतु सकल कीमत 3255,99,99,973.60) अधिमानी आधार पर भारत सरकार को 04.03.2020 को आवंटित किया है जिसकी सकल कीमत ₹ 199,99,99,982.16 है।

(*) बैंक ने 10/- ₹ प्रति शेयर मूल्य के 53,99,83,952 इक्विटी शेयरों का आवंटन ₹ 37.39/- प्रति शेयर पर नकदी में (इसमें प्रति शेयर

27.39/- ₹ का प्रीमियम शामिल) है को अधिमानी आधार पर भारत सरकार को दिनांक 11.10.2018 को आवंटित किया है जिसकी सकल कीमत ₹ 2018,99,99,965.20/- है । (गत वर्ष 05.08.2017 को 1099,99,99,962.00 ₹ के 19,16,37,630 इक्विटी शेयर, 57.40/- ₹ प्रति शेयर जिसमें 47.70/- ₹ प्रति शेयर का प्रीमियम शामिल है ।)

($)बैंक ने 10/- ₹ प्रति शेयर मूल्य के 114,56,72,061 इक्विटी शेयरों का आवंटन ₹ 28.42/- प्रति शेयर पर नकदी में (इसमें प्रति शेयर 18.42/- ₹ का प्रीमियम शामिल) है को अधिमानी आधार पर भारत सरकार को दिनांक 28.03.2019 को आवंटित किया है जिसकी सकल कीमत ₹ 3255.99.99.973.60/- है । (गत वर्ष 28.03.2018 को 1889,99,99,968.85 ₹ के 32,60,30,705 इक्विटी शेयर, 57.97/- ₹ प्रति शेयर जिसमें 47.97/- ₹ प्रति शेयर का प्रीमियम शामिल है।

ट. कर्मचारी लाभ (लेखा मानक 15) (मूल)

बैंक ने 01.04.2007 से प्रभावी भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखांकन मानक-15 (संशोधित) को अपनाया है ।

i) उपदान

बैंक उन कर्मचारियों को उपदान प्रदान करता है जो नियमानुसार बैंक से सेवानिवृत्त/पदत्याग करते हैं । बैंक प्रतिवर्ष देय, उपदान के निधियन हेतु, न्यास में योगदान करता है । उपदान निधि के नियमों के अनुसार, प्रतिवर्ष उपदान का बीमांक मूल्यांकन किया जाता है । ऋण बीमांकन पद्धति इकाई के अनुमान के अनुसार उपदान देयता के बीमांक मूल्यांकन की आकलन छूट दर, वेतन वृद्धि, मृत्यु दर तथा स्टाफ ह्रास दर से संबंधित कुछ धारणाओं के आधार पर किया जाता है ।

कर्मचारियों को देय उपदान का आकलन दो पद्धतियों द्वारा किया जाता है, यानि, उपदान भुगतान अधिनियम, 1972 तथा सेवा नियमों के अनुसार कर्मचारी अत्यधिक लाभदायक राशि प्राप्त करने हेतु पात्र होगा ।

ii) पेंशन

बैंक द्वारा एक निश्चित योजना के अनुसार उन कर्मचारियों को पेंशन का भुगतान किया जाता है जिन्होंने पेंशन का विकल्प चुना है तथा उन्हें भी जो 29.09.1995 को अथवा उसके बाद किंतु 01.04.2010 से पहले बैंक की सेवा में आए । आन्ध्रा बैंक कर्मचारी पेंशन विनियम, 1995 के अनुसार योजना के तहत बैंक से उनकी सेवाओं की समाप्ति पर इन कर्मचारियों को मासिक आधार पर पेंशन दी जाती है । पेंशन निधि का प्रबंध आन्ध्रा बैंक कर्मचारी पेंशन न्यास द्वारा किया जाता है ।

दिनांक 01.04.2010 को अथवा उसके बाद कार्यरत होने वाले कर्मचारी निर्धारित अंशदान पेंशन योजना के पात्र होंगे, जिसके अंतर्गत कर्मचारी आय एवं पात्र भत्ते का 10% देगा तथा इतनी ही राशि बैंक द्वारा दी जाएगी और इसका प्रबंध पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार समय समय पर किया जाएगा ।

iii) भविष्य निधि

बैंक सांविधानिक आवश्यकता के अनुसार अपने कर्मचारियों जिन्होंने दिनांक 31.03.2010 को या उसके पहले बैंक सेवा कार्यभार ग्रहण किया है, हेतु सेवानिवृत्ति लाभों के अंतर्गत भविष्य निधि का प्रावधान रखता है । निधि का संचालन एक न्यास द्वारा किया जाता है । प्रत्येक कर्मचारी अपने मूल वेतन तथा पात्र भत्ते का 10% योगदान करता है तथा बैंक इतनी ही राशि गैर-पेंशन विकल्प वाले कर्मचारियों हेतु फंड में योगदान देता है । फंड में निवेश भारत सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट निवेश प्रक्रिया के अनुसार होता है ।

iv) अवकाश नकदीकरण:

प्रत्येक कर्मचारी अपनी सेवानिवृत्ति/स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति/निधन पर अपने पास बकाया साधिकार अवकाश का अधिकतम 240 दिनों तक के नकदीकरण के लिए पात्र हैं तथा त्याग-पत्र पर बकाया साधिकार अवकाश में से उक्त का 50% यानि अधिकतम 120 दिन के साधिकार अवकाश के नकदीकरण के लिए पात्र होंगे ।

प्रति वर्ष अवकाश नकदीकरण का बीमांक मूल्यांकन किया जाता है और तदनुसार बैंक न्यास फंड में योगदान देता है ।

v) भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा मानक - 15 (संशोधित) के अनुसार तुलन पत्र तथा लाभ एवं हानि खाते में नियोजनोत्तर लाभ एवं दीर्घ अवधि कर्मचारी लाभ की स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:-

समेकित तुलन-पत्र के अन्तर्गत अनुसूचियां

(क) दायित्व के वर्तमान मूल्य में परिवर्तन

(₹ करोड़ में)

कर्मचारी परिलाभ	पेन्शन (निधि युक्त)	उपदान (निधि युक्त)	छुट्टी नकदीकरण (निधि युक्त)
वर्ष के प्रारंभ में दायित्व का वर्तमान मूल्य	5426.74 (4980.97)	827.18 (839.06)	570.17 (536.93)
जोड़ें - ब्याज लागत	415.15 (388.52)	63.28 (64.86)	43.62 (42.00)
जोड़ें - चालू सेवा लागत	84.90 (240.63)	53.12 (91.48)	55.75 (33.24)
घटाएं - प्रदत्त लाभ	423.00 (390.87)	131.22 (126.19)	86.21 (83.44)
जोड़ें - दायित्व पर बीमांकिक हानि / (लाभ)	1250.02 (207.49)	21.96 (-42.03)	42.59 (41.44)
वर्ष की समाप्ति पर दायित्व का वर्तमान मूल्य	6753.81 (5426.74)	834.32 (827.18)	625.92 (570.17)

(ख) योजना आस्ति के उचित मूल्य में परिवर्तन

(₹ करोड़ में)

कर्मचारी परिलाभ	पेन्शन (निधि युक्त)	उपदान (निधि युक्त)	छुट्टी नकदीकरण (निधि युक्त)
वर्ष के प्रारम्भ में योजना आस्ति का उचित मूल्य	5320.86 (4971.92)	855.29 (652.30)	601.69 (503.15)
विगत वर्ष समायोजन	106.00 (9.05)	0.00 (186.76)	0.00 (33.78)
अधिग्रहण समायोजन	- (-)	- (-)	- (-)
योजना आस्ति पर प्रत्याशित/वास्तविक प्रतिफल	430.00 (407.00)	62.33 (57.42)	43.20 (43.20)
नियोक्ता का योगदान	1319.95 (429.76)	47.92 (57.00)	67.24 (74.00)
प्रदत्त लाभ	423.00 (390.87)	131.22 (126.19)	86.21 (83.44)
दायित्व पर बीमांकिक हानि / (लाभ)	- (-)	- (-)	- (-)
वर्ष की समाप्ति पर योजना आस्ति का उचित मूल्य	6753.81 (5426.86)	834.32 (827.29)	625.92 (570.69)

*प्रतिभूतियों के बही मूल्य उचित मूल्य माने गए हैं ।

समेकित तुलन-पत्र के अन्तर्गत अनुसूचियां

(ग) तुलन-पत्र में मान्यता प्राप्त राशि:

(₹ करोड़ में)

कर्मचारी परिलाभ	पेन्शन (निधि युक्त)	उपदान (निधि युक्त)	छुट्टी नकदीकरण (निधि युक्त)
वर्ष के समाप्ति पर दायित्व का अनुमानित वर्तमान मूल्य	6753.81 (5426.74)	834.32 (827.18)	625.92 (570.17)
वर्ष के समाप्ति पर योजना आस्तियों का उचित मूल्य	6753.81 (5426.86)	834.32 (827.29)	625.92 (570.69)
तुलन-पत्र में निवल देयता	0.00 (0.12)	0.00 (-0.11)	0.00 (-0.52)

(घ) लाभ एवं हानि खाते में मान्यता प्राप्त व्यय:

(₹ करोड़ में)

कर्मचारी परिलाभ	पेन्शन (निधि युक्त)	उपदान (निधि युक्त)	छुट्टी नकदीकरण (निधि युक्त)
वर्तमान सेवा लागत	84.90 (240.63)	53.12 (91.48)	55.75 (33.24)
ब्याज लागत	415.15 (388.52)	63.28 (64.86)	43.62 (42.00)
योजना आस्ति पर प्रत्याशित/वास्तविक प्रतिफल	430.00 (407.00)	62.33 (57.42)	43.20 (43.20)
वर्ष में मान्यता दी गई निवल बीमांक (लाभ) / हानि	1250.02 (207.49)	21.96 (-42.03)	42.59 (41.44)
पिछली सेवा लागत ऊँव्लडुक्डद्रँड्ढ प्राप्त	(-106.00) (-9.05)	0.00) (-186.76)	(0.00) (-33.78)
निधियों को योगदान / लाभ एवं हानि लेखा में मान्यता प्राप्त कुल व्यय	1243.77 (420.59)	74.13 (129.87)	98.76 (39.70)

(ड) पेंशन निधि न्यास के निवेश का विवरण:

निवेश का प्रकार	राशि (₹ करोड़ में)	निवेश का %
केंद्र सरकार की प्रतिभूतियां	359.42 (359.42)	5.32 (6.60)
राज्य सरकार की प्रतिभूतियां	129.88 (132.69)	1.92 (2.43)
सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में निवेश	84.37 (139.37)	1.25 (2.57)
अन्य निवेश- भारतीय जीवन बीमा निगम - 5034.72 करोड़ आई.एफ.एल.आई.सी. - 452.69 करोड़ एच.डी.एफ.सी.लाइफ - 67.14 करोड़ अन्य - 622.72 करोड़	6177.27 (4703.99)	91.46 (84.40)
बैंक शेष	2.87 (3.91)	0.05 (4.00)
कुल	**6753.81** **(5339.38)**	**100.00** **(100.00)**

समेकित तुलन-पत्र के अन्तर्गत अनुसूचियां

(च) तुलन पत्र की तारीख को मूल बीमांकिक अनुमान (अधिभारित औसत के रूप में उल्लिखित):

बीमांक अनुमान	पेंशन (निधि युक्त) %	उपदान (निधि युक्त) %	छुट्टी नकदीकरण (निधि युक्त) %
बट्टा दर	6.85 (7.65)	6.80 (7.65)	6.90 (7.65)
योजना आस्ति पर प्रतिफल की प्रत्याशित दर	8.00 (8.00)	8.00 (8.00)	8.00 (8.00)
वेतनवृद्धि की प्रत्याशित दर	5.00 (5.00)	5.00 (5.00)	5.00 (5.00)
प्रयोग की गई पद्धति	अनुमानित ऋण ईकाई	अनुमानित ऋण ईकाई	अनुमानित ऋण ईकाई

मूल्यांकन बैंक द्वारा नियुक्त स्वतंत्र बीमांक द्वारा किया गया है ।

भविष्य में वेतन वृद्धि का अनुमान, बीमांकिक मूल्यांकन जिसमें, मुद्रास्फीति, वरिष्ठता, पदोन्नति एवं अन्य संबंधित घटकों जैसे कर्मचारी बाजार में होने वाली आपूर्ति एवं मांग पर विचार किया जाता है ।

(छ) परिकलन के लिए निम्न प्रकार वित्तीय अनुमान पर विचार किया जाता है:-

बट्टा दर:- बट्टा दर रिपोर्टिंग की तारीख को सरकारी बॉण्ड पर बाजार आय को देखकर चुनी गई है ।

प्रतिलाभ की प्रत्याशित दर: पेंशन के मामले में, प्रतिलाभ की प्रत्याशित दर सरकारी बॉण्डों पर आय / निवेश के आधार पर ली गई है । उपदान और छुट्टी नकदीकरण के मामले में, वास्तविक प्रतिफल लिया गया है ।

वेतन वृद्धि : विगत डाटा के आधार पर ।

(ज) अन्य दीर्घावधि कर्मचारी लाभ (गैर-निधि):

(₹ करोड़ में)

विवरण	एलटीसी / एलएफसी नकदीकरण	रजत जयन्ती अवार्ड	बीमारी छुट्टी	अनुग्रह राशि	पुनर्स्थापन व्यय
01.04.2020 का देयता 01.04.2019 का देयता	31.02 24.64	0.86 0.67	76.15 74.11	0.42 0.43	4.62 3.26
परिवर्ती देयता	-	-	-	-	-
लाभ एवं हानि को नामे की गई राशि	6.38 (3.68)	0.19 (0.09)	2.04 (11.36)	-0.01 (-0.04)	1.36 (0.02)

(i) **कर्मचारी को अल्पकालिक लाभ :** अल्पावधि क्षतिपूर्ति अनुपस्थिति ₹ 1.04 करोड़ (₹ 1.04 करोड़)

(ii) **भविष्य निधि को अंशदान :** शून्य (वित्त वर्ष 2019 ₹ 0.36 करोड़)

ठ. समेकित सेगमेंट रिपोर्ट (लेखा मानक 17)

सेगमेंट परिणामों पर टिप्पणी

I. लेखांकन मानकों एएस-17 के अनुपालन हेतु भा.रि.बैं. के दिशानिर्देशानुसार, बैंक ने ''ट्रेजरी परिचालन'', ''कॉर्पोरेट / थोक बैंकिंग'', ''खुदरा बैंकिंग'' एवं ''अन्य बैंकिंग परिचालनों'' को प्राथमिक व्यवसाय सेगमेंट के रूप में और ''घरेलू'' को द्वितीयक / भौगोलिक सेगमेंट के रूप में अपनाया है।

II. सेगमेंट राजस्व बाहरी ग्राहकों से राजस्व का प्रतिनिधित्व करता है।

III. विभिन्न सेगमेंट के परिणाम संबंधित सेगमेंटो के राजस्व के अनुपात में आते हैं।

समेकित तुलन-पत्र के अन्तर्गत अनुसूचियां

(₹ करोड़ में)

भाग 'क'		समाप्त वर्ष	
क्र. सं	व्यवसाय सेगमेंट	31.03.2020	31.03.2019
		लेखा परीक्षित	
1	**राजस्व सेगमेंट**		
	(क) राजकोष	5443.43	5135.22
	(ख) कॉरपोरेट /थोक बैंकिंग	5680.50	5450.19
	(ग) खुदरा बैंकिंग	8981.49	8208.15
	(घ) अन्य बैंकिंग परिचालन	3467.30	3497.42
	कुल	23572.72	22290.98
	कम: अन्तर सेगमेंट राजस्व	-	-
	परिचालन से आय	23572.72	22290.98
2	**सेगमेंट परिणाम**		
	(क) राजकोष	1187.65	1171.67
	(ख) कॉरपोरेट /थोक बैंकिंग	1239.37	1243.54
	(ग) खुदरा बैंकिंग	1959.59	1872.81
	(घ) अन्य बैंकिंग परिचालन	756.50	797.99
	कुल	**5143.11**	**5086.01**
	कम: (i) अन्य अनावंटन योग्य व्यय	6314.70	7452.20
	कर पूर्व कुल लाभ	(1171.59)	(2366.19)
	भुगतान किए गए आयकर एवं अन्य कर	152.11	375.81
	निवल लाभ	(1323.70)	(2742.00)
3	**सेगमेंट आस्तियां**		
	(क) राजकोष	73739.81	77085.79
	(ख) कॉरपोरेट /थोक बैंकिंग	73358.75	72776.25
	(ग) खुदरा बैंकिंग	78642.60	77179.97
	(घ) अन्य बैंकिंग परिचालन	17751.43	21449.54
	(ड) अनावंटन योग्य आस्तियां	5099.41	5552.43
	कुल आस्तियां	**248592.00**	**254043.98**
4	**सेगमेंट देयताएं**		
	(क) राजकोष	72514.81	75828.73
	(ख) कॉरपोरेट /थोक बैंकिंग	71974.91	71174.17
	(ग) खुदरा बैंकिंग	75358.02	73805.99
	(घ) अन्य बैंकिंग परिचालन	16113.18	19672.90
	(ङ) अनावंटन योग्य	190.54	230.47
	कुल	**236151.46**	**240712.26**
	पूंजी एवं प्रारक्षितियां	12440.54	13331.72
	कुल देयताएं	248592.00	254043.98

भाग ख: भौगोलिक खंड: यहां केवल एक सेगमेंट है - देशी सेगमेंट तथापि समेकित विवरणी में मलेशिया में निगमित संयुक्त उद्यम यथा इंडिया इन्टरनेशनल बैंक (मलेशिया) बरहाद के 25% तक आंकड़ें शामिल किए गए हैं ।

समेकित तुलन-पत्र के अन्तर्गत अनुसूचियां

संबंधित पार्टी प्रकटन (लेखा मानक 18)

बैंक ने लेखा मानकों के अनुसार निम्न व्यक्तियों को मुख्य प्रबन्धन कार्मिकों के रूप में मान्यता दी है:

(क) मूल

(i) श्री जे पक्किरिसामी, प्रबन्ध निदेशक एवं सीईओ

(ii) श्री कुल भूषण जैन, कार्यपालक निदेशक (09.10.2017 से)

(iii) श्री अजित कुमार रथ, कार्यपालक निदेशक (31.07.2019 तक)

(ख) अनुषंगी: आन्ध्रा बैंक फाइनेन्शियल सर्विसेज लिमिटेड

(i) श्री कुल भूषण जैन, अध्यक्ष

(ii) श्री एम बी राजेन्द्र प्रसाद, निदेशक

(iii) श्री एस वी एस सुन्दर प्रसाद, निदेशक

(iv) श्री के टी वेणुमाधव, निदेशक

(v) श्री के एस डी शिव वर प्रसाद, निदेशक

(vi) श्री बी नरसिम्हा राव, प्रबन्ध निदेशक

(ग) एसोसिएट: चैतन्य गोदावरी ग्रामीण बैंक

(i) श्री वी ब्रह्मानन्द रेड्डी, अध्यक्ष (01.08.2019 तक)

(ii) श्री टी कामेश्वर राव, अध्यक्ष (02.08.2019 से प्रभावित)

(घ) संयुक्त उद्यम

1. इन्डिया फर्स्ट लाइफ इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड
   i) श्री कुल भूषण जैन, निदेशक
   ii) श्री एम नागराजु, निदेशक
2. इंडिया इन्टरनेशनल बैंक (मलेशिया), बरहाद (केवल शेयरधारिता)
3. एएसआरईसी (इंडिया) लिमिटेड,
   i) श्री के भास्कर राव, नामित निदेशक

संबंधित पार्टियों के साथ लेन-देन

(₹ में)

क्र. सं	नाम	सम्बन्ध	लेन-देन की प्रकृति	2019-20	2018-19
1	श्री जे पक्किरिसामी	प्रबन्ध निदेशक एवं सीईओ (दि.21.09.2018 से प्रभावी)	पारिश्रमिक	29,43,684	14,35,061
2	श्री ए.के. रथ	कार्यपालक निदेशक	पारिश्रमिक	8,91,520	25,63,932
3	श्री कुल भूषण जैन	कार्यपालक निदेशक	पारिश्रमिक	26,31,763	23,80,926
4	श्री एल प्रसन्ना	प्रबन्ध निदेशक (दि.31.03.2019 तक)	पारिश्रमिक	--	13,03,123
5	श्री मुरली सत्यनारायण	प्रबन्ध निदेशक (दि.01.04.2019 से प्रभावी)	पारिश्रमिक	13,55,494	--
6	श्री वी ब्रह्मानन्द रेड्डी, अध्यक्ष	अध्यक्ष (दि.01.08.2019 से तक)	पारिश्रमिक	5,74,183	17,76,566
7	श्री टी कामेश्वर राव	अध्यक्ष (दि.02.08.2019 से प्रभावी)	पारिश्रमिक	11,03,263	--

संयुक्त उद्यम में निवेश की गई पूंजी-

(क) इन्डिया इंटरनेशनल बैंक (मलेशिया) बरहाद - ₹ 143.28 करोड़ (₹143.28 करोड़)

(ख) एएसआरईसी इंडिया लिमिटेड ₹ 28.40 करोड़ (₹ 28.40 करोड़)

(ग) इंडिया फर्स्ट जीवन बीमा कंपनी लिमिटेड ₹ 187.50 करोड़ (₹ 187.50 करोड़)

समेकित तुलन-पत्र के अन्तर्गत अनुसूचियां

ढ. आय पर कर का लेखांकन (लेखा मानक 22) - प्रमुख घटक निम्न अनुसार है:

(₹ करोड़ में)

समय अन्तराल विवरण	31 मार्च 2020		31 मार्च 2019	
	डीटीए	डीटीएल	डीटीए	डीटीएल
(1) बहियों के अनुसार एनपीए हेतु प्रावधान तथा आयकर अधिनियम की धारा 36 (1) (viia) के अन्तर्गत किए गए दावों पर कटौती	5,037.25	-	2,797.14	-
(2) आयकर अधिनियम की धारा 36 (1) (viii) के अंतर्गत सृजित विशेष रिजर्व का लेखांकन	-	508.44	-	508.29
(3) आयकर अधिनियम के अनुसार अचल आस्तियों के मूल्यह्रास पर किया गया दावा	12.35	-	7.52	-
(4) हानि के लिए प्रावधान	2.39		1.93	-
(5) निवेश पर मूल्यह्रास		670.77		
(6) अन्य व्यय/मदें	0.01	-	0.01	-
कुल	**5,052.00**	**1,179.21**	**2,806.60**	**508.29**
निवल आस्थिगत कर देयताएं/आस्तियां		(3,872.79)		(2,298.31)

ण. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं तथा आकस्मिक आस्तियाँ (लेखा मानक 29)

अनुसूची 12 में वर्णित आकस्मिक देयताएं, न्यायालय के निर्णय/विवाचन/न्यायालय के बाहर समझौते, अपील के निपटान, मांगी गई राशि, संविदात्मक दायित्व, संबंधित पार्टियों द्वारा मांग, जैसा मामला हो, पर निर्भर हैं ।

देयताओं के लिए प्रावधान का संचालन (अन्य हेतु प्रावधान छोड़कर)

(₹ करोड़ में)

विवरण	समेकित	
	2019-20	2018-19
आरम्भिक शेष	47.94	47.30
वर्ष के दौरान प्रावधान	1.36	0.66
वर्ष के दौरान प्रयुक्त राशि	0.56	0.02
अन्तिम शेष	48.74	47.94

बहिर्गमन /आकस्मिकताओं का समय : निपटान/क्रिस्टलीकरण के कारण बहिर्गमन

त. प्रावधान एवं आकस्मिकताएं

(₹ करोड़ में)

लाभ एवं हानि खाते में व्यय के अन्तर्गत दर्शायी ऽख्झ्रद्दद्दुक एवं ल्रूद्दडळ्डुरूँद्वस्र्रु का व्यय	2019-20	2018-19
(i) निवेश के मूल्य में ह्रास	436.90	506.45
(ii) अनर्जक आस्तियां	5456.39	6674.25
(iii) मानक आस्तियां	185.03	(38.00)
(iv) आय-कर	1726.63	133.02
(v) आस्थगित कर	(1574.52)	242.79
(vi) अन्य प्रावधान एवं आकस्मिकताएं		
(क) पुनर्गठित अग्रिम	(6.43)	5.05
(ख) अन्य प्रावधान	242.80	304.45
कुल	**6466.80**	**7828.01**

थ. समूह की आरक्षित समेकन मूल, अनुषंगी, सहयोगी तथा 3 संयुक्त उद्यमों के हिस्से की संचित ₹9,345 करोड़ है जिसमें से ₹ 9,132 करोड़ मूल तथा शेष ₹ 213 करोड़ अनुषंगी, सहयोगी तथा 03 संयुक्त उद्यमों की लाभ/हानि की गणना करने पर है (पिछले वर्ष में ₹ 10,447 करोड़ जिसमें से ₹ 10,281 करोड़ मूल से संबंधित हैं तथा शेष 166 करोड़ ₹ अनुषंगी, सहयोगी तथा 3 संयुक्त उद्यमों से संबंधित हैं) ।

द. मूल तथा अनुषंगी की व्यक्तिश: वित्तीय विवरणियों में अतिरिक्त सांविधिक सूंचना प्रकटीकरण का समेकित वित्तीय विवरणियों के सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण पर कोई असर नहीं है तथा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी सामान्य स्पष्टीकरण के दृष्टिगत समेकित वित्तीय विवरणियों में उन सभी मदों से सम्बन्धित सूचना जो कि भौतिक नहीं है का प्रकटीकरण समेकित वित्तीय विवरणियों में नहीं किया गया है ।

ध. आन्ध्रा बैंक फाइनेन्शियल सर्विसेज लिमिटेड (एबीएफएसएल) कम्पनी, आन्ध्रा बैंक (मूल) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कम्पनी का निगमन 09.01.1997 को किया गया था । इसने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 56 IA के अधीन पंजीकरण हेतु आवेदन किया था । भारतीय रिजर्व बैंक ने दिनांक 28.01.2005 को गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनी (एनबीएफसी) के रूप में पंजीकरण के प्रमाण-पत्र के लिए कृत आवेदन अस्वीकृत कर दिया ।

इसके बाद, कम्पनी ने दि. 09.01.2008 को इसे एक गैर-बैंकिंग गैर-वित्तीय संस्थान के रूप में मान्यता देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से सम्पर्क किया, जिसे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिनांक दि. 05.12.2008 को नोट किया गया ।

भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार:

1. कम्पनी ने अपनी सभी वित्तीय आस्तियां निस्तारित कर दी हैं ।
2. कम्पनी के निदेशक मण्डल ने एक संकल्प पारित किया है कि वे सामान्य जन से कोई जमा स्वीकार नहीं करते हैं ।

न. समामेलन एवं सामंजस्य

भारत सरकार के अधिसूचना CG-DL-E-04032020-216535 GSR 154(E) दिनांक 04 मार्च 2020 के अनुसार आन्ध्रा बैंक एवं कार्पोरेशन बैंक का समामेलन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में किया गया जो दिनांक 01 अप्रैल 2020 से प्रभावी है।

बैंकिंग कंपनियों की धारा 9 (उपक्रमों का अधिग्रहण व स्थानांतरण) अधिनियम 1970 (1970 के 5) एवं बैंकिंग कंपनियों की धारा 9 (उपक्रमों का अधिग्रहण व स्थानांतरण) अधिनियम 1980 (1980 के 40) द्वारा प्रदत्त शक्ति के प्रयोग के संबंध में केंद्र सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के साथ परामर्श के बाद दिनांक 04 मार्च 2020 को अधिसूचित किया कि आन्ध्रा बैंक एवं कार्पोरेशन बैंक के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में समामेलन की योजना को योजना 2020 कहा जाएगा।

यह योजना अप्रैल 2020 के प्रथम दिन से प्रभावित होगी। इस योजना के प्रारम्भ होने पर स्थानांतरणकर्ता (ट्रान्सफरर) बैंकों के उपक्रमों को स्थानांतरिती (ट्रान्सफरी) बैंक में स्थानांतरित एवं अधिकृत कर दिया जाएगा। स्थानांतरिती बैंक में स्थानांतरणकर्ता बैंक 1 एवं स्थानांतरणकर्ता बैंक 2 का समामेलन पर उत्तरजीवी संस्था स्थानांतरिती (ट्रान्सफरी) बैंक होगी एवं इसे ऽद्रूक्कुद्रक बैंक ऑफ ल्रंक्कुद्रद्दुरु के नाम से जाना जाएगा।

स्थानांतरणकर्ता बैंक के उपक्रमों में सभी व्यवसाय, आस्तियों (मूर्त व अमूर्त सहित), देयताओं, आरक्षित एवं अधिशेष, वर्तमान या आकस्मिक एवं ऐसी संपत्ति से उत्पन्न सभी अधिकार एवं ब्याज को सम्मिलित माना जाएगा जैसा कि योजना आरंभ होने के तुरंत पहले थे एवं स्थानातरणकर्ता बैंकों के स्वामित्व, कब्जा, शक्ति या नियंत्रण को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में स्थानांतरित किया जाएगा।

इस संबंध में, भारतीय रिजर्व बैंक ने भविष्य में बैंक में तनाव को कम करने के उद्देश्य से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को एक विवेकपूर्ण उपाय के रूप में 31 मार्च 2020 तक मौजूदा आई आर ए सी पी (IRACP) मानदंडों के अनुसार तीनों बैंकों में परिसंपत्ति वर्गीकरण में विचलन के प्रभाव के संबंध में एक सामंजस्य प्रावधान सुनिश्चित करने सलाह दी।

तदनुसार, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा किए गए सामंजस्य की प्रक्रिया के आधार पर परिसंपत्ति वर्गीकरण में वर्ष की समाप्ति पर किए गए बदलावों और मौजूदा आई आर ए सी पी (IRACP) मानदंडों के अनुसार अनर्जक आस्ति प्रावधान में वृद्धि के कारण वर्ष की समाप्ति पर ₹ 945.05 करोड़ की वृद्धि हुई।

उपर्युक्तानुसार, बीमांकक एवं कर सलाहकार के वर्ष की समाप्ति रिपोर्ट के आधार पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने कर्मचारी लाभ पर लेखांकन मानक 15 के अनुसार स्टाफ लाभ के संबंध में एवं आयकर हेतु लेखांकन पर लेखांकन मानक 22 के अनुसार कर प्रावधान के संबंध में एक एकीकृत सुविधा का प्रस्ताव रखा। फलत:, वर्ष की समाप्ति पर पेंशन देयता के संबंध में कर प्रावधान में ₹ 471.03 करोड़ एवं ₹ 270.11 करोड़ की कमी की गयी है।

प. कोविड महामारी के कारण प्रभाव

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डबल्यू एच ओ) ने कोरोनावाइरस (ऽरूइद्दड्डं 19रु) के नए तनाव के कारण वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा की एवं 11 मार्च 2020 को इसे महामारी के रूप में वर्गीकृत किया। भारत सहित दुनिया भर में सरकारों द्वारा महामारी के प्रसार को रोकने के प्रयास के परिणामस्वरूप घोषित किए गए लॉकडाउन ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बड़े व्यवधान पैदा किए जिससे अधिकांश उद्योगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा एवं परिणामस्वरूप

वैश्विक मंदी आई।

आर्थिक गतिविधियों में निरंतर मंदी कम मांग, कम परिचालन, विस्तारित कार्यशील पूंजी चक्र, संवृद्धि पर दबाव एवं कम नकदी प्रवाह के संदर्भ में चुनौतियों को प्रस्तुत करती है। बैंक अपनी ओर से निरंतर स्थिति का मूल्यांकन कर रहा है एवं स्वयं को उन चुनौतियों हेतु तैयार कर रहा है जो आर्थिक गतिविधियों में गिरावट एवं वित्तीय बाज़ार अस्थिरता में वृद्धि उत्पन्न कर रहे हैं। बैंक प्रबंधन की यह राय है कि उपरोक्त चुनौतियों के बावजूद तरलता या बैंक की लाभप्रदता पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा एवं वर्ष की समाप्ति पर इस हेतु किसी प्रावधान की आवश्यकता नहीं है।

फ. गत वर्ष के आंकड़े जहां भी गत वर्ष के आंकड़ों से पुष्टि के लिए आवश्यक हो, पुनसमूहीकृत/ पुनवर्गीकृत/ पुनव्यवस्थापित किए गए हैं ।

अनुसूची 01 से 18 के लिए हस्ताक्षर

(एस वी एस सुन्दर प्रसाद)
मुख्य महा प्रबंधक

(बिरुपाक्ष मिश्रा)
कार्यपालक निदेशक

(मानस रंजन बिस्वाल)
कार्यपालक निदेशक

(दिनेश कुमार गर्ग)
कार्यपालक निदेशक

(गोपाल सिंह गुसाईं)
कार्यपालक निदेशक

(राजकिरण रै जी)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

(केवल हांडा)
अध्यक्ष

(अरुण कुमार सिंह)
निदेशक

(राजीव कुमार सिंह)
निदेशक

(डॉ मदुरा स्वामीनाथन)
निदेशक

(डॉ उत्तम कुमार सरकार)
निदेशक

(के केदिरेसन)
निदेशक

(जयदेव एम)
निदेशक

हमारी सम-दिनांकित रिपोर्ट के अनुसार

कृते अग्रवाल एवं सक्सेना
सनदी लेखाकार
(फर्म पंजीकरण संख्या 002405सी)

(सीए अनिल के. सक्सेना)
साझेदार (एम सं 071600)
यूडीआईएन

कृते राय एवं कं
सनदी लेखाकार
(फर्म पंजीकरण संख्या 313124ई)

(सीए सुब्रत राय)
साझेदार (एम सं 051205)
यूडीआईएन

कृते संतोष गुप्ता एवं कं
सनदी लेखाकारगण
(फर्म पंजीकरण संख्या 009713एन)

(सीए मनोज कुमार)
साझेदार (एम सं 108603)
यूडीआईएन

कृते जी एस माधव राव एवं कं
सनदी लेखाकारगण
(फर्म पंजीकरण संख्या 001907एस)

(सीए जी मानिक्य प्रसाद)
साझेदार (एम सं 020105)
यूडीआईएन

स्थान : मुंबई
दिनांक : 23.06.2020

31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित नकदी प्रवाह विवरणी

(₹ लाख में)

विवरण	समाप्त वर्ष 31.03.2020	समाप्त वर्ष 31.03.2019
नकदी और नकदी तुल्य का आरंभिक शेष	**15547,97,11**	16457,86,28
नकदी और नकदी तुल्य का अंतिम शेष	**11602,36,44**	15547,97,11
अवधि के दौरान नकदी और नकदी तुल्य में निवल वृद्धि (+)/ कमी (-)	**(3945,60,67)**	(909,89,17)
परिचालनगत कार्यों से नकदी प्रवाह :		
कर से पूर्व निवल लाभ / (हानि)	**(1171,58,35)**	(2366,18,61)
के लिए समायोजन		
निवेश पर परिशोधन/मूल्यह्रास	**555,38,92**	620,19,81
एनपीए हेतु प्रावधान	**5456,39,08**	6674,25,46
मानक आस्तियों हेतु प्रावधान	**185,03,10**	(38,00,00)
अन्य आस्तियों (निवल) हेतु प्रावधान	**236,36,54**	309,49,81
उधार पर ब्याज हेतु भुगतान / प्रावधान	**631,44,86**	12494,72,00
अचल आस्तियों पर मूलह्रास	**140,47,33**	135,84,62
आस्तियों की बिक्री पर लाभ / (हानि)	**11,05**	(46,04)
परिचालन आस्तियों एवं देयताओं में परिवर्तन हेतु समायोजन :		
जमा में वृद्धि / (कमी)	**(7161,41,61)**	11760,01,42
निवेश में वृद्धि / (कमी)	**1179,11,90**	(93,67,29)
अग्रिम में (वृद्धि) / कमी	**36,49,40**	(14158,30,90)
अन्य आस्तियों में (वृद्धि) / कमी	**(269,16,01)**	597,10,02
अन्य देयताओं एवं प्रावधानों में वृद्धि / (कमी)	**(6142,39,48)**	(273,02,73)
परिचालन जनित नकदी	**(6323,73,27)**	15661,97,57
प्रदत्त कर	**(1210,37,69)**	(997,62,44)
परिचलनगत कार्यों से नकदी प्रवाह (क)	**(7534,10,96)**	14664,35,13
निवेश कार्यों से नकदी प्रवाह:		
अचल आस्तियों की (खरीदी) / बिक्री	**(68,39,51)**	(83,73,84)
निवेश कार्यों से नकदी प्रवाह (ख)	**(68,39,51)**	(83,73,84)

31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित नकदी प्रवाह विवरणी *(क्रमशः)*

(₹ लाख में)

विवरण	समाप्त वर्ष 31.03.2020	समाप्त वर्ष 31.03.2019
वित्त-पोषण कार्यों से नकदी प्रवाहः		
प्रीमियम सहित ईक्विटी पूंजी	**498,80,00**	5275,00,00
लंबित आबंटन, भारत सरकार से प्राप्त आवेदन राशि	**-**	-
उधार में वृद्धि / (कमी)	**3856,58,17**	(7997,51,36)
उधार पर प्रदत्त/देय ब्याज	**(702,08,26)**	(12775,25,08)
प्रदत्त लाभांश (लाभांश पर कर सहित)	**-**	-
वित्त-पोषण कार्यों से नकदी प्रवाह (ग)	**3653,29,91**	(15497,76,44)
ट्रांसलेशन रिजर्व पर विनिमय उतार-चढ़ाव का प्रभाव (घ)	**3,59,89**	7,25,98
अवधि के दौरान नकदी प्रवाह में निवल वृद्धि (+)/ कमी(-) (क)+(ख)+ (ग) + (घ)	**(3945,60,67)**	(909,89,17)

(एस वी एस सुन्दर प्रसाद)
मुख्य महा प्रबंधक

(बिरुपाक्ष मिश्रा)
कार्यपालक निदेशक

(मानस रंजन बिस्वाल)
कार्यपालक निदेशक

(दिनेश कुमार गर्ग)
कार्यपालक निदेशक

(गोपाल सिंह गुसाईं)
कार्यपालक निदेशक

(राजकिरण रै जी)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

(केवल हांडा)
अध्यक्ष

(अरुण कुमार सिंह)
निदेशक

(राजीव कुमार सिंह)
निदेशक

(डॉ मदुरा स्वामीनाथन)
निदेशक

(डॉ उत्तम कुमार सरकार)
निदेशक

(के केदिरेसन)
निदेशक

(जयदेव एम)
निदेशक

हमारी सम-दिनांकित रिपोर्ट के अनुसार

कृते अग्रवाल एवं सक्सेना
सनदी लेखाकार
(फर्म पंजीकरण संख्या 002405सी)
(सीए अनिल के. सक्सेना)
साझेदार (एम सं 071600)
यूडीआईएन

कृते राय एवं कं
सनदी लेखाकार
(फर्म पंजीकरण संख्या 313124ई)
(सीए सुब्रत राय)
साझेदार (एम सं 051205)
यूडीआईएन

कृते संतोष गुप्ता एवं कं
सनदी लेखाकारगण
(फर्म पंजीकरण संख्या 009713एन)
(सीए मनोज कुमार)
साझेदार (एम सं 108603)
यूडीआईएन

कृते जी एस माधव राव एवं कं
सनदी लेखाकारगण
(फर्म पंजीकरण संख्या 001907एस)
(सीए जी मानिक्य प्रसाद)
साझेदार (एम सं 020105)
यूडीआईएन

स्थान : मुंबई
दिनांक : 23.06.2020

समेकित वित्तीय विवरणों पर स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया निदेशक मंडल,
समेकित वित्तीय विवरणों पर रिपोर्ट

राय

1. हमने भूतपूर्व आन्ध्रा बैंक (''बैंक'') की संलग्न समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है जिसमें दिनांक 31 मार्च 2020 के समेकित तुलन पत्र एवं उस तारीख को समाप्त वर्ष हेतु समेकित लाभ एवं हानि लेखा तथा समेकित नकदी प्रवाह विवरण संलग्न हैं तथा जिसमें महत्वपूर्ण लेखा नीतियों का संक्षिप्त सार तथा अन्य स्पष्टीकरण सूचना (एतदपश्चात ''समेकित वित्तीय विवरण'' के रूप में संदर्भित) सम्मिलित हैं:

   क) हमारी लेखा परीक्षा रिपोर्ट दिनांक 30 जून 2020 के माध्यम से हमारे द्वारा लेखा परीक्षित, भूतपूर्व आन्ध्रा बैंक (''बैंक'') के लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण ।

   ख) अन्य लेखापरीक्षकों द्वारा लेखा परिक्षित एक अनुषंगी, दो संयुक्त उद्यम और एक एसोसिएट के लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण ।

   ग) एक संयुक्त उद्यम के गैर-लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण; तथा

   उपर्युक्त संस्थाओं को एक साथ 'समूह' के रूप में संदर्भित किया गया है।

   हमारी राय में और हमारी सर्वोत्म जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार और अनुषंगी, एसोसिएट और दो संयुक्त उद्यम पर पृथक वित्तीय विवरण पर अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराए गए एक संयुक्त उद्यम की गैर लेखा-परीक्षा वित्तीय विवरणों के आधार पर उपर्युक्त समेकित वित्तीय विवरणी भारत में आम तौर पर मान्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप हैं और :

   क) समेकित तुलन पत्र, इससे संबंधित टिप्पणी के साथ पठित, सभी आवश्यक विवरण सहित एक पूर्ण और उचित समेकित तुलन पत्र है तथा 31 मार्च 2020 तक बैंक के मामलों की स्थिति के संबंध में सही और उचित दृष्टिकोण प्रदर्शित हेतु इसे समुचित रुप से तैयार किया गया है;

   ख) समेकित लाभ और हानि खाता, इससे संबंधित टिप्पणी के साथ पठित, हानि का सही शेष दर्शाता है; और

   ग) उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए समेकित नकदी प्रवाह विवरण नकदी प्रवाह का सही और उचित दृष्टिकोण प्रदान करता है।

राय का आधार

2. हमने अपनी लेखा-परीक्षा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखा-परीक्षा मानक (एसए) के अनुसार किया है। उक्त मानकों के अनुसार हमारा उत्तदायित्व हमारी रिपोर्ट की समेकित वित्तीय विवरण खण्ड में लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षकों के उत्तरदायित्व के रुप में वर्णित है। भारत के समेकित वित्तीय विवरणों के अपने लेखा-परीक्षा के लिए प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं के साथ भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी आचरण संहिता के अनुसार हम समूह से स्वतंत्र हैं, तथा हमने अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को इन आवश्यकताओं और आचार संहिता के अनुसार पूरा किया है। हम मानते हैं कि हमने जो लेखा-परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

कार्यशील संस्थान

3. भारत सरकार की अधिसूचना सीजी-डीएल-ई-04032020-216535 जीएसआर 154(ई) दि. 04 मार्च 2020 के अनुसार 'आन्ध्रा बैंक और कार्पोरेशन बैंक का यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ समामेलन योजना, 2020' नामक योजना के अनुसरण में भूतपूर्व आन्ध्रा बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का समामेलन 01 अप्रैल 2020 से हुआ है । उक्त योजना के अनुसार, भूतपूर्व आन्ध्रा बैंक का कारोबार 01 अप्रैल 2020 से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में अंतरित और निहित है । तदनुसार प्रबंधन ने कार्यशील संस्थान के लेखांकन आधार पर समेकित वित्तीय विवरण तैयार किए है।

मामले का महत्व

4. कोविड-19 महामारी के प्रभाव और चुनौतियों के कारण आर्थिक गतिविधि की मंदि के संबंध में समेकित वित्तीय विवरणों के अनुसूची 18 के नोट नं. 'यू' की ओर आपका ध्यान आकर्षित किया जाता है। स्थिति अनिश्चित बनी हुई है और बैंक द्वारा सामना किए जा रहे चुनौतियों के संबंध में निरंतर आधार पर स्थिति का जायज़ा लिया जा रहा है।

   इस मामले में हमारी राय में परिवर्तन नहीं हुआ है।

प्रमुख लेखा परीक्षा विषय

5. प्रमुख लेखा परीक्षा विषय वेसे विषय हैं, जो हमारे व्यावसायिक विचार में, चालू अवधि के बैंक के वित्तीय विवरणों की हमारे लेखा-परीक्षा में सबसे अधिक महत्वपूर्ण थे। बैंक के वित्तीय विवरणों की हमारे लेखा-परीक्षा के संदर्भ में और इनपर हमारी राय तैयार करने के लिए इन मामलों को संबोधित किया गया था, तथा इन मामलों में हमारी अलग राय नहीं हैं। अनुषंगी तथा दो संयुक्त उद्यम के लेखा परीक्षकों ने अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में किसी भी प्रमुख लेखा परीक्षा विषयों पर रिपोर्ट नहीं की है। हमने भूतपूर्व आन्ध्रा बैंक के संबंध में हमारी रिपोर्ट में संसूचित करने के लिए निम्नवर्णित मामलों को प्रमुख लेखा परीक्षा विषय के रूप निर्धारित किया है।

क्र. सं.	मुख्य लेखा-परीक्षा विषय	हमारी लेखा-परीक्षा ने किस प्रकार मुख्य लेखा-परीक्षा विषयों को संबोधित किया है
1.	**अनर्जक आस्तियों (एनपीए) की पहचान और वर्गीकरण और एनपीए के संबंध में प्रावधान** *(महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों के लिए अनुसूची 17 नोट 7 ओर अनुसूची 9 का संदर्भ लें)* बैंक के तुलन पत्र में आस्ति पक्ष में अग्रिम अत्यंत महत्वपूर्ण मद है जिसमें वर्ष के अंत में यानी 31 मार्च, 2020 को रिपोर्ट किए गए कुल अग्रिम (प्रावधान का निवल) ₹1,57,742.33 करोड, सकल एनपीए ₹28,708.54 करोड़ और एनपीए पर प्रावधान ₹20,900.28 करोड़ हैं। अग्रिम बैंक की आस्ति के 64.68 % हैं। आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और अग्रिम के संबंध में प्रावधानीकरण (आईआरएसीपी) पर भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी किए गए विवेकपूर्ण मानदंड और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी अन्य परिपत्र, अधिसूचनाएं और दिशानिर्देशों द्वारा बैंक शासित हैं। आरबीआई के वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुसार, बैंकों को समय-सीमा से संबंधित निर्धारित नियमों के आधार पर अग्रिमों को ऽअनर्जक आस्तियांरु (अवमानक, संदिग्ध तथा हानि) के रूप में वर्गीकृत करने और ऐसे अग्रिमों को उस अवधि तक अनर्जक आस्तियां बने रहने तक निर्दिष्ट प्रतिशत (15%, 25%, 40% और 100%) पर अपनी अपचारिता का प्रावधान करने की आवश्यकता है। कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस), सॉफ्टवेयर अर्थात् फिनेकल के माध्यम से बैंक में अर्जक और अनर्जक अग्रिमों की पहचान की जाती है। विवेकपूर्ण दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए, सॉफ्टवेयर में विभिन्न नियंत्रण और तर्क अंतर्निहित होते हैं। यद्यपि, एनपीए की पहचान नियम आधारित तथा प्रणाली चालित है, तथापि प्राथमिक प्रतिभूति के वास्तविक मूल्य का आकलन करते समय प्रबंधन महत्वपूर्ण निर्णय लेता है फलस्वरूप एनपीए की अपचारिता के संबंध में प्रत्येक के लिए और सामूहिक प्रावधान पर प्रभाव पड़ता है। यदि प्रत्येक या सामूहिक रूप से आरबीआई द्वारा निर्धारित आईआरएसीपी मानकों का पालन नहीं किया गया हो तो इन अग्रिमों की मूल कीमत (प्रावधान का निवल) में महत्वपूर्ण गलत बयान हो सकता है। चूंकि एनपीए की पहचान और ऐसे अग्रिमों के लिए प्रावधानीकरण के लिए प्रबंधन के निर्णय का काफी महत्व है / प्राथमिक प्रतिभूति के प्राप्य मूल्य के आकलन का अनुमान और समग्र लेखा परीक्षा में इसका महत्व, जिसमें आरबीआई द्वारा संभाव्य प्रेक्षण, जिससे समेकित वित्तीय विवरण में प्रकटन और विनियामक दिशानिर्देश भी शामिल हैं, हमने इसे प्रमुख लेखा परीक्षा विषय के रूप में पहचाना है।	हमारे लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में, निम्नलिखित निर्णयों और अनुमानों पर ध्यान केंद्रित किया है, तथापि सिर्फ इन तक सीमित नहीं हैं, जो तात्विक गलत बयानी का कारण हो सकते हैं या प्रबंधन पूर्वाग्रह के पात्र हो सकते हैं: क) प्रतिभूति मूल्य में नि:शेषण निर्धारण की पूर्णता और समय; और ख) प्रत्येक निर्धारित प्रावधान का पैमाना, जो प्राथमिक और संपार्श्विक प्रतिभूतियां, माल-सूची का वास्तविक मूल्य, व्यापार, प्राप्य राशि, परिसमापन पर प्राप्य मूल्य, विधि स्थिति, एनसीएलटी संदर्भित मामले के दिवालियेपन प्रक्रिया आदि पर निर्भर है। पर्याप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने में हमारे द्वारा : क) ऋण निषादन निगरानी, कार्यशील पूंजी सीमाओं के संबंध में आहरण शक्ति, उपलब्ध प्रतिभूति, आदि को मूल्यांकन की प्रक्रिया के प्रमुख नियंत्रणों के परिचालन प्रभावशीलता की समीक्षा की गयी; ख) प्रतिभूतियों और आस्ति वर्गीकरण के मूल्य में नि:शेषण के आकलन में प्रबंधन द्वारा अंगीकृत की गई प्रमुख अवधारणाएं तथा निर्णयों का मूल्यांकन और परीक्षण किया गया; ग) प्रतिभूति के प्राप्य मूल्य तथा अन्य मापदंडों के आधार पर किए गए प्रावधान की पुनर्गणना के माध्यम से सामूहिक ह्रास की गणना प्रक्रिया की सटीकता पर आश्वासन प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाओं को अपनाया गया है; तथा घ) महत्वपूर्ण गैर-निषादित अग्रिमों के लिए, हमने पहचाने गये प्रत्येक प्रावधान हानि की पर्याप्तता का निर्धारण किया है; हमने निम्नलिखित प्रक्रियाओं का भी निषादन किया है: क) आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधान के संबंध में सांविधिक शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा सुझाए गए सभी परिवर्तनों में सुधार किया है। ख) सांविधिक शाखा लेखा परीक्षकों की स्वतंत्र लेखा-परीक्षा रिपोर्ट और लंबी फॉर्म लेखा-परीक्षा रिपोर्ट (एलएफएआर) की समीक्षा की गई एवं उसपर पर भरोसा किया गया। ग) शाखाओं में हमारे द्वारा लेखा परीक्षित महत्वपूर्ण अग्रिमों के संबंध में आस्ति वर्गीकरण एवं प्रावधान सत्यता की समीक्षा और सत्यापन किया गया। घ) भारतीय रिज़र्व बैंक के वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक की महत्वपूर्ण लेखा नीतियों की अनुपालन की जांच की गई। ङ) चयनित नमूनों में अनर्जित आस्तियों तथा प्रावधान की पहचान करने के उद्देश्य से सॉफ़्टवेयर में तार्किक नियंत्रण, दर्ज की गई आंकड़े की सत्यता की जांच की गई। किसी भी नियंत्रण कमी की पहचान करने के लिए आईटी लेखा-परीक्षा रिपोर्टों की भी समीक्षा की गई।

क्र. सं.	मुख्य लेखा-परीक्षा विषय	हमारी लेखा-परीक्षा ने किस प्रकार मुख्य लेखा-परीक्षा विषयों को संबोधित किया है
		च) आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण तथा प्रावधान के संबंध में हमारी परीक्षण प्रक्रिया के दौरान हमारी दृष्टि में पायी गई सभी तात्विक गलत बयानी में सुधार सुनिश्चित किया गया। छ) बैंक की नीतियों ओर प्रक्रियाओं में तात्विक नियंत्रण खामियां, यदि कोई हो, की पहचान के लिए मार्च 31, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए संगामी लेखा परीक्षा रिपोर्ट, आंतरिक निरीक्षण रिपोर्ट (सीफा), स्टॉक लेखा परीक्षा रिपोर्ट, फारेन्सिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट, मूल्यांकन रिपोर्ट, आरबीआइ वार्षिक वित्तीय निरीक्षण रिपोर्ट आदि की समीक्षा की गई। ज) हमारी विषय स्थायी प्रक्रियाओं की प्रकृति, समय और विस्तार निर्धारित करने के लिए उपर्युक्त रिपोर्ट में पहचान किए अनुसार अग्रिमों पर विभिन्न आंतरिक नियंत्रण की प्रभावशालिता।
2.	**निवेश - मूल्यांकन, वर्गीकरण और पहचान तथा अनर्जक निवेश हेतु प्रावधानीकरण (एनपीआरइ्र)** (महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों के लिए अनुसूची 17 नोट 5 और अनुसूची 8 का संदर्भ लें) बैंक के तुलन पत्र में आस्ति पक्ष में निवेश अत्यंत महत्वपूर्ण मद है जिसमें वर्ष के अंत में यानी 31 मार्च, 2020 को रिपोर्ट किए गए कुल निवेश (प्रावधान का निवल) ₹61331.16 करोड, सकल एनपीआई ₹1204.82 करोड़ और एनपीआई पर प्रावधान ₹ 1078.48 करोड़ हैं। अग्रिम बैंक की आस्ति के 25.15% हैं। बैंक के निवेश पोर्टफोलियो में सरकारी प्रतिभूतियां, बांड, डिबेंचर, शेयर, प्रतिभूति रसीद और अन्य अनुमोदित प्रतिभूति शामिल हैं जो तीन श्रेणियों में वर्गीकृत हैं, परिपक्वता तक धारित, बिक्री हेतु उपलब्ध और व्यापार हेतु धारित। भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित परिपत्र/ दिशा-निर्देश / निदेशों के अनुसरण में निवेशों का मूल्यांकन, अनर्जक निवेश (एनपीआई) और तत्संबंधी आय की गैर-मान्यता और उन पर प्रावधान किए गए है। उपर्युक्त प्रत्येक श्रेणी की प्रतिभूति का मूल्यांकन आरबीआइ द्वारा जारी परिपत्र / निदेशों में निर्धारित पद्धति में की जानी अपेक्षित है, जिसमें विभिन्न स्रोत यथा एफआईबीआईएल दर, बीएसई/ एनएसई में कोट की गई दर, गैर सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय विवरण, म्यूचुअल फंड और प्रतिभूति रसीद आदि के मामले में एनएवी से डाटा/सूचना एकत्रित करना शामिल है। यदि प्रत्येक या सामूहिक रूप से आरबीआइ द्वारा निर्धारित आरबीआइ मानकों का पालन नहीं किया गया हो तो इन निवेशों के वर्गीकरण और रखाव मूल्य (प्रावधान का निवल) में महत्वपूर्ण गलत बयान हो सकता है। चूंकि निवेश के वर्गीकरण और मूल्यांकन, एनपीआई की पहचान और ऐसे निवेशों के प्रावधानीकरण के लिए प्रबंधन के निर्णय / उनके मूल्यांकन के अनुमान और समग्र लेखा परीक्षा में इसके महत्व और इससे संबंधित जटिल लेनदेन की मात्रा और विनियामक दिशा-निर्देशों के कारण हमने इसे प्रमुख लेखा परीक्षा विषय के रूप में पहचाना है।	भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के परिपत्र/ निदेशों के संदर्भ में निवेशों के प्रति हमारी लेखा परीक्षा के दृष्टिकोण में आरबीआइ के निदेशों के अनुसार निवेशों के संबंध में मूल्यांकन, वर्गीकरण, अनर्जक निवेशों की पहचान, प्रावधान / मूल्यह्रास के संबंध में आंतरिक नियंत्रण और लेखा परीक्षा के अभिकल्प, कार्यान्वयन, परिचालनिक प्रभावशालिता की समीक्षा और परीक्षण शामिल है। तदनुसार हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल हैं, लेकिन इन तक सीमित नहीं हैं : क) निवेश के वर्गीकरण और मूल्यांकन में प्रबंधन द्वारा अपनाए गए मुख्य मान्यताएं ओर निर्णय का मूल्यांकन और परीक्षण किया गाया। ख) भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के आधार पर किए गए प्रावधान की पुनर्गणना के माध्यम से सामूहिक ह्रास की गणना प्रक्रिया की सटीकता पर आश्वासन प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाओं को अपनाया गया है; ग) बैंक की महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और भारतीय रिज़र्व बैंक के वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुपालन का परीक्षण किया गया। घ) निवेशों के उचित मूल्य निर्धारित करने के लिए विभिन्न स्रोतों से सूचना एकत्रित करने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया का मूल्यांकन और जायज़ा लिया गया। ङ) आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण तथा निवेश के मूल्यांकन और प्रावधान के संबंध में हमारी परीक्षण प्रक्रिया के दौरान हमारे दृष्टि में पायी गई सभी तात्विक गलत बयानी में सुधार सुनिश्चित किया गया।

क्र. सं.	मुख्य लेखा-परीक्षा विषय	हमारी लेखा-परीक्षा ने किस प्रकार मुख्य लेखा-परीक्षा विषयों को संबोधित किया है
	समेकित वित्तीय विवरणों की तुलना में निवेश के कुल मूल्य के महत्व के कारण इन निवेशों के मूल्यांकन को ऐसा विषय माना गया जिसके लिए लेखा परीक्षक के विशेष ध्यान की आवश्यकता है और समेकित वित्तीय विवरण में अत्यंत महत्व वाले मामलों में से एक है।	च) बैंक की नीतियों और प्रक्रियाओं में तात्विक नियंत्रण खामियां, यदि कोई हो, की पहचान के लिए मार्च 31 2019 को समाप्त वर्ष के लिए संगामी लेखा परीक्षा रिपोर्ट, आंतरिक निरीक्षण रिपोर्ट (सीफा), आरबीआई वार्षिक वित्तीय निरीक्षण रिपोर्ट आदि की समीक्षा की गई। और छ) हमारी विषय ॐद्भच्र्ख्ञ्ङ्ग प्रक्रियाओं की प्रकृति, समय और विस्तार निर्धारित करने केलिए उपर्युक्त रिपोर्ट में पहचान किए अनुसार निवेशों पर विभिन्न आंतरिक नियंत्रण की प्रभावशालिता।
	कतिपय मुकदमे, इसमें प्रत्यक्ष कर (डीटीए/डीटीएल) और अन्य पक्षों द्वारा दायर मामले, जिन्हें ऋण के रूप में पहचाना नहीं गया है, के संबंध में प्रावधान और आकस्मिक देयताओं का मूल्यांकन	
	(समेकित वित्तीय विवरण की अनुसूची 18 की टिप्पणी 'एन', 'ओ' और 'पी' के साथ पठित अनुसूची 12) कतिपय मुकदमे, इसमें प्रत्यक्ष कर (डीटीए/डीटीएल) और अन्य पक्षों द्वारा दायर मामले, जिन्हें ऋण के रूप में पहचाना नहीं गया है, के संबंध में प्रावधान और आकस्मिक देयताओं का मूल्यांकन के लिए काफी हद तक प्रबंधन निर्णय / मूल्यांकन में अनुमान की आवश्यकता है। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक आस्तियों पर जारी लेखांकन मानक (एएस) 29 में परिभाषा के अनुसार भी 'प्रावधान एक देयता है, जिसे मापने के लिए काफी हद तक अनुमान का ही आधार लिया जा सकता है ।' प्रावधान के लिए प्रबंधन का अनुमान और आकस्मिक देयता के रूप में वर्गीकरण प्रत्येक घटना के विशिष्ट तथ्य, घटना/ लेनदेन के बारे में उनका अपना निर्णय, इसी प्रकार की घटना / लेनदेन के संबंध में पूर्व अनुभव, और जहाँ आवश्यक माना गया हो कानूनी और स्वतंत्र कर परामर्शदाताओं की सलाह पर आधारित है। प्रबंधन का अनुमान भी, कतिपय मामलों में, स्वतंत्र वकील, कानूनी विशेषज्ञ और कर सलाहकारों से प्राप्त सलाह पर आधारित है । चूंकि अनुमान उनकी राय पर आधारित है, इन मामलों में परिणाम और निर्णय में कानून के निर्वचन में अनिश्चितता है। तदनुसार, अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणामों से बैंक द्वारा रिपोर्ट की गई हानि और तुलन पत्र में प्रस्तुत स्थिति पर काफी प्रभाव पड सकता है। इन मामलों के परिणाम के संबंध में निर्णय में कानून के निर्वचन ध्यान में लिए जाने के कारण उत्पन्न अनिश्चितता के कारण हमने उपर्युक्त क्षेत्र को प्रमुख लेखा परीक्षा मामले के रूप में पहचाना है। तदनुसार हमारी लेखा परीक्षा में विचाराधीन विषय-वस्तु के तथ्यों के विश्लेषण और संबंधित निर्णय / कानून के निर्वचन पर ध्यान केंद्रित किया गया।	पर्याप्तलेखा-परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने हेतु हमने निम्नलिखित लेखा-परीक्षा प्रक्रियाएं अपनाई : क) हमने पिछले प्रत्यक्ष कर मूल्यांकन आदेश, अनिर्णीत कर मुद्दों के साथ उचित मूल्यांकन ओर अपीलीय कर प्राधिकारियों के समक्ष लंबित मामलों पर प्रभाव, आयकर आदेश के अनुसार आगे ले जाने हेतु अनुमेय हानि की राशि आदि के विवरणों की समीक्षा की है। ख) हमने विवादाधीन मामलों के संभाव्य परिणामों के संबंध में हमारी समझ और संभाव्य आउटफ्लो, यदि कोई हो, के आधार पर मुकदमे के अधीन मामलों के वर्तमान स्थिति की समीक्षा की है; ग) परिस्थितियों के अनुरूप उचित लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं बनाने के लिए लेखा परीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रण की समझ प्राप्त की। घ) विभिन्न कर प्राधिकारी/ न्यायिक फोरम से प्राप्त हाल के आदेश और /या संसूचना और इन पर कार्रवाई की जाँच की गई। ङ) विचाराधीन विषय-वस्तु के संदर्भ में प्रस्तुत आधार के संदर्भ में हमारे आंतरिक कर विशेषज्ञों की राय सहित उपलब्ध स्वतंत्र कानूनी / कर सलाह के आधार पर इसके गुण-दोष का मूल्यांकन किया गया। च) विचाराधीन विषय-वस्तु, इन मुद्दों के संभाव्य परिणाम और परिणामस्वरूप संभाव्य आउटफ्लो के संबंध में विचार, विवरण एकत्रित करते हुए बैंक के तर्कों का मूल्यांकन किया गया; और छ) महत्वर्पूण मुकदमें और कराधान मामलों से संबंधित प्रकटन का सत्यापन किया गया।
3.	**करोना वायरस (कोविड-19) महामारी के दृष्टिगत संशोधित लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं**	
	विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू एच ओ) ने करोना वायरस (कोविड-19) के नए किस्म के कारण वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा की और इसके प्रकोप को मार्च 11, 2020 को महामारी के रूप में वर्गीकरण किया।	सरकार द्वारा करोनावायरस (कोविड-19) महामारी के फैलाव को नियंत्रित करने के लिए देश-भर में घोषित कड़े लॉकडाउन और इसके साथ वायु, रेल या सड़क से यात्रा पर प्रतिबंध के कारण, पूर्व की भांति

क्र. सं.	मुख्य लेखा-परीक्षा विषय	हमारी लेखा-परीक्षा ने किस प्रकार मुख्य लेखा-परीक्षा विषयों को संबोधित किया है
	इसके परिणामस्वरूप देश भर में लॉकडाउन ओर साथ ही केंद्र/राज्य सरकार/स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा अनुवर्ती माह में लगाए गए यात्रा (वायु / रेल और सड़क) प्रतिरोध के कारण, जिस अवधि में हमारे द्वारा लेखा परीक्षा की जानी थी, हम पूर्व की भांति लेखा परीक्षा के लिए बैंक की शाखाओं, अंचलों, सर्कल कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय में जा नहीं पाए। कोविड-19 से संबंधित यात्रा प्रतिबंध / लॉकडाउन के कारण 212 शाखाओं के सांविधिक बैंक शाखा लेखा परीक्षों भी शाखाओं में जा नहीं पाए। इस मामले में आरबीआई ने भी सभी बैंकों को आवश्यक निदेश / दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि कोविड-19 से संबंधित यात्रा प्रतिबंध के कारण जहां भौतिक एक्सेस संभव नहीं है, रिमोट / डिस्टेंस / ऑनलाईन आधार पर शाखाओं और अन्य कार्यालयों की लेखा परीक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। तदनुसार ऐसे यात्रा प्रतिबंध के कारण हमारे द्वारा सांविधिक केंद्रीय लेखापरीक्षकों के रूप में बैंक की उच्च 20 शाखाएं, 36 आंचलिक कार्यालय, 6 सर्कल कार्यालय और प्रधान कार्यालय का दौरा नहीं किया जा सका और बैंक की स्थानीय शाखा / आंचलिक कार्यालय में जा कर कोर बैंकिंग सोल्यूशन (सीबीएस) सॉफ्टवेयर और अन्य इलेक्ट्रानिक प्रकार से खाते एक्सेस करते हुए हमारे द्वारा इन सभी शाखाओं और कार्यालयों की लेखा परीक्षा की गई। रिकार्ड, प्रलेख आदि की समीक्षा करने के लिए हमारे द्वारा शाखाओं / कार्यालयों का भौतिक दौरा किए जाने के अभाव में और भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखा परीक्षा मानकों में निर्धारित लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं के अनुपालन में और समग्र समेकित वित्तीय विवरण, धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण, तात्विक गलत बयानी से मुक्त होने के संबंध में युक्तिसंगत आश्वासन प्राप्त करने हेतु पर्याप्त उचित लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के मामले में ऑफसाईट रिमोट लेखा परीक्षा प्रक्रिया की प्रभावशालिता सीमित होने के तथ्य से, हमने ऐसे संशोधित लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को प्रमुख लेखा परीक्षा विषय माना है। तदनुसार हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं में रिमोट आधार पर लेखा परीक्षा करने हेतु संशोधन किया गया।	लेखापरीक्षा दल के सदस्यों द्वारा लेखा परीक्षा हेतु शाखाओं/आंचलिक कार्यालय/सर्कल कार्यालय/ प्रधान कार्यालय जाना संभव नहीं था। तदनुसार हमने ऑफसाईट रिमोट लेखा परीक्षा प्रक्रिया अपनाई सूचना और संसूचना प्रौद्योगिकी (आईसीटी) को भूतपूर्व आन्ध्रा बैंक की स्थानीय शाखाएं / आंचलिक कार्यालयों में कोर बैंकिंग सोल्यूशन (सीबीएस) फिनैकल सॉफ्टवेयर के साथ जोड़कर, शाखाओं, आंचलिक कार्यालयों, सर्कल कार्यालयों और प्रधान कार्यालय में भौतिक उपस्थिति के बिना ही समेकित वित्तीय विवरण की सटीकता का मूल्यांकन, इलेक्ट्रानिक साक्ष्य एकत्रित करना और शाखा प्राधिकारियों से वार्ता किया गया। रिमोट / डिस्टेंस / ऑनलाईन लेखा परीक्षा के ऐसे सभी मामलों में बैंक द्वारा डिजिटल माध्यम, ईमेल ओर फिनैकल (सीबीएस) के रिमोट एक्सेस आदि द्वारा आवश्यक रिकार्ड/ रिपोर्ट / प्रलेख / प्रमाणपत्र उपलब्ध करवाए गए। इस हद तक, हमे उपलब्ध करवाए गए ऐसे प्रलेख, रिपोर्ट और रिकॉर्ड आदि, जिन पर चालू अवधि के लिए लेखा परीक्षा और रिपोर्टिंग करने के लिए लेखा परीक्षा साक्ष्य के रूप में निर्भर होते हुए, इनके आधार पर लेखा परीक्षा प्रक्रिया की गई। उपर्युक्त सीमाओं के दृष्टिगत हमने निम्नानुसार हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं में संशोधन किया : क) लेखापरीक्षाधीन वर्ष हेतु बैंक के कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस)फिनैकल के माध्यम से शाखाओं / आंचलिक कार्यालयों / सर्कल कार्यालयों / प्रशासनिक कार्यालयों / प्रधान कार्यालय के लेनदेन की समीक्षा की। ख) बैंक की शाखाओं / आंचलिक कार्यालयों / सर्कल कार्यालयों / प्रधान कार्यालय के संबंध में रिमोट एक्सेस / ईमेल के माध्यम से उधारकर्ताओं और अन्य खातों के संबंध में आवश्यक रिकार्ड / प्रलेख आदि की समीक्षा और सत्यापन किया । ग) बैंक के सुरक्षित नेटवर्क पर ईमेल और रिमोट एक्सेस के माध्यम से हमें उपलब्ध कराए गए प्रलेख, विलेख, कार्यवृत्त, प्रमाणपत्र और संबंधित रिकार्ड की स्कैन की गई प्रति का सत्यापन किया गया। घ) फोन कॉल / कॉन्फरेंस कॉल, ईमेल और इसी प्रकार की सूचना चैनलों के माध्यम से पूछताछ और चर्चा करते हुए आवश्यक लेखा परीक्षा साक्ष्य एकत्रित किया। ङ) पदनामित प्राधिकारी के साथ आमने- सामने चर्चा के स्थान पर हमारे सभी लेखा परीक्षा प्रेक्षणों का समाधान बैंक द्वारा टेलीफोन / ईमेल के माध्यम से किया गया।

समेकित वित्तीय विवरण और इनपर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के अतिरिक्त अन्य सूचना।

6. भारत सरकार की अधिसूचना सीजी-डीएल-ई-04032020-216535 जीएसआर 154(ई) दि. 04 मार्च 2020 के अनुसार ''आन्ध्रा बैंक और कार्पोरेशन बैंक का यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ समामेलन योजना, 2020'' नामक योजना के अनुसरण में भूतपूर्व आन्ध्रा बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का समामेलन 01 अप्रैल 2020 से हुआ है । उक्त योजना के अनुसार, भूतपूर्व आन्ध्रा बैंक का कारोबार 01 अप्रैल 2020 से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में अंतरित और निहित है और आन्ध्रा बैंक के निदेशक मंडल को उक्त तिथि से विगठित किया गया । सूचना के अनुसार, उपर्युक्त के दृष्टिगत निदेशक रिपोर्ट और कॉर्पोरेट अधिशासन रिपोर्ट युक्त अन्य सूचना जारी नहीं की गई है।

समेकित वित्तीय विवरणी पर हमारी राय अन्य सूचनाओं को कवर नहीं करती है और हम इसके बारे में आश्वासन निष्कर्ष के किसी भी रूप को व्यक्त नहीं करेगें।

समेकित वित्तीय विवरण के हमारे लेखा परीक्षा के संबंध में, हमारा उत्तरदायित्व उपरोक्त पहचान की गई अन्य सूचना को पढ़ना है तथा ऐसा करते समय, यह विचार करना है कि लेखा परीक्षा के दौरान हमारे द्वारा प्राप्त जानकारी की समेकित वित्तीय विवरणी के साथ अन्य सूचना वस्तुत: असंगत है, या महत्वपूर्ण गलत बयान प्रतीत होता है।

समेकित वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन की और अधिशासन हेतु उत्तरदायी व्यक्तियों का उत्तरदायित्व

7. बैंक का निदेशक मंडल इन समेकित वित्तीय विवरणियों को तैयार करने और प्रस्तुतिकरण के लिए उत्तरदायी है जो "भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखांकन मानक 21'', "समेकित वित्तीय विवरणियां'', "लेखांकन मानक 23'', "समेकित वित्तीय विवरणियों में सहयोगी में निवेश के लिए लेखांकन'', लेखांकन मानक 27 "संयुक्त उद्यमों में ब्याज की वित्तीय रिपोर्टिंग'', बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधान, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गए लागू दिशानिर्देश और अन्य लेखांकन सिद्धांत, जो आम तौर पर भारत में स्वीकार किया जाता है, की आवश्यकताओं के अनुरूप समेकित वित्तीय स्थिति, समेकित वित्तीय कार्यनिषादन और इनके सहयोगी और संयुक्त रुप से नियंत्रित संस्थाओं सहित समूह के समेकित नकदी प्रवाह के प्रति सत्य एवं निष्पक्ष दृष्टिकोण दर्शाते हैं। समूह का प्रबंधन अधिनियम के प्रावधान के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए जिम्मेदार है जिससे समूह की आस्ति सुरक्षा और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं की रोक और पता लगाना; उचित लेखांकन नीतियों का चयन और उपयोग; उचित और विवेकपूर्ण निर्णय और अनुमान लगाना; तथा समेकित वित्तीय विवरण, जो सही और उचित स्थिति दर्शाते हो और चाहे धोखाधडी हो या त्रुटि के कारण, तात्विक गलत बयानी से मुक्त हो, की तैयारी और प्रस्तुतीकरण से संबंधित लेखांकन रिकार्ड की सटीकता ओर संपूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावशाली रूप से कार्यचालित पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अभिकल्प, कार्यान्वयन और रख-रखाव हो सके।

समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने में, समूह और उसके सहयोगी और संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं के प्रबंधन समूह, कार्यशील-संस्था, प्रकटीकरण, कार्यशील-संस्था से संबंधित मामले, यथा लागू, लेखांकन की कार्यशील-संस्था आधारित मामला तथा जबतक कि प्रबंधन या तो समूह का परिसमापन या संचालन को बंद करने का उद्देश्य न हो, या ऐसा करने के अलावा कोई वास्तविक विकल्प न हो, लेखांकन की कार्यशील-संस्था आधार उपयोग के रूप में जारी रखने के लिए समूह और उसके सहयोगी और संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं के प्रबंधन समूह की क्षमता का आकलन करने के लिए जिम्मेदार हैं।

समूह और उसके सहयोगी और संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देखरेख हेतु समूह और उसके सहयोगी और संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं के प्रबंधन उत्तरदायी है।

समेकित वित्तीय विवरणी की लेखा-परीक्षा हेतु लेखा-परीक्षकों की जिम्मेदारी

8. समग्र वित्तीय विवरणी तात्विक गलत बयानी से मुक्त है या नहीं, चाहे धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण हो, इसके संबंध में उचित आश्वासन प्राप्त करना और लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट जिसमें हमारी राय सम्मिलित हो, जारी करना हमारा उद्देश्य है । उचित आश्वासन उच्च स्तरीय आश्वासन है किन्तु यह गारंटी नहीं है कि एसए के अनुसार की गई लेखा-परीक्षा, जब भी किया जाए हमेशा तात्विक गलत बयानी का पता लगाए । गलत वर्णन धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण उत्पन्न हो सकती है और उन्हें तात्विक माना जाएगा यदि व्यक्तिगत अथवा समग्र रूप से इन वित्तीय विवरणियों के आधार पर उपयोगकर्ता द्वारा लिए गए आर्थिक निर्णय को प्रभावित करने हेतु इन्हें उचित रूप से स्वीकार किया जाए ।

एसए के अनुपालन में लेखा-परीक्षा के भाग के रूप में, हम व्यवसायिक निर्णय लेते हैं और लेखा-परीक्षा के दौरान व्यवसायिक संदेहवाद का अनुरक्षण करते हैं । हम निम्न भी करते हैं :

- वित्तीय विवरणियों के तात्विक गलत बयानी चाहे धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण हो, उनके जोखिम की पहचान एवं मूल्यांकन करना, उन जोखिमों हेतु उत्तरदायी लेखा-परीक्षा प्रक्रिया डिजाइन और पूर्ण करना, और लेखा-परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करना कि यह हमारी राय हेतु आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त एवं उचित है । धोखाधड़ी से होने वाले तात्विक गलत बयानी का पता नहीं लगाने का जोखिम त्रुटि से होने वाली जोखिम से उच्चतम है क्योंकि धोखाधड़ी में अभिसंधि, जालसाजी, इरादतन चूक, गलत प्रस्तुतीकरण अथवा आंतरिक नियंत्रण की अवहेलना सम्मिलित हो सकती है ।
- उपयोग की गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और अनुमानित लेखांकन की प्रासंगिकता तथा प्रबंधन द्वारा बनाए गए संबंधित प्रकटीकरण का मूल्यांकन।
- लेखांकन के वर्तमान विचार के आधार के प्रबंधन के उपयोग की उपयुक्तता पर निष्कर्ष निकालना और प्राप्त लेखा-परीक्षा साक्ष्य के आधार पर, क्या घटना या स्थितियों से संबंधित तात्विक अनिश्चितता है जो बैंक के वर्तमान विचार के रूप में जारी रखने की बैंक की क्षमता पर महत्वपूर्ण संदेह कर सकती है ।यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कोई तात्विक अनिश्चितता है, अथवा यदि ऐसे प्रकटीकरण हमारी राय को संशोधित करने के लिए अपर्याप्त हैं, तो हमें वित्तीय विवरणी में प्रकटीकरण से संबंधित अपने लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में ध्यान आकर्षित करना होगा । हमारे निष्कर्ष हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त लेखा-परीक्षा साक्ष्य पर आधारित हैं । तथापि, भविष्य की घटनाएं या स्थितियां बैंक को वर्तमान विचार के रूप में जारी रखने का कारण बन सकती है।
- प्रकटीकरण सहित समेकित वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना और विषय-वस्तु का मूल्यांकन करना, और क्या वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेन तथा घटनाओं को इस रूप में प्रस्तुत करते हैं जो निष्पक्ष प्रस्तुति प्राप्त करते हैं ।

तात्विकता वित्तीय विवरणियों में गलत वर्णन का परिणाम है, जिससे यह संभावना बनती है कि यह व्यक्तिगत या समग्र रूप से वित्तीय विवरणियों के यथोचित जानकार उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय को प्रभावित कर सकती है । हम (i) हमारे लेखा परीक्षा कार्य के क्षेत्र में तथा हमारे कार्य के परिणाम के मूल्यांकन की योजना बनाने (ii) वित्तीय विवरणियों में किसी भी पहचान किए गए गलत वर्णन के प्रभाव का मूल्यांकन करने में मात्रात्मक तात्विकता और गुणात्मक कारकों पर विचारकरते हैं ।

हम अन्य विषयों के अलावा, लेखा-परीक्षा की योजनाबद्ध क्षेत्र और समय तथा महत्वपूर्ण लेखा-परीक्षा निष्कर्ष, इसमें आंतरिक नियंत्रण में किसी भी प्रकार की महत्वपूर्ण कमियां शामिल है, को सम्मिलित करते हैं, जिसकी पहचान लेखा-परीक्षा के दौरान की गई है, इसके संबंध में जिन पर शासन का दायित्व है, उन्हें सूचित करते हैं ।

हम उन्हें, जिन पर शासन का दायित्व है, को भी एक बयान के साथ कि हमने स्वतंत्रता के संबंध में प्रासंगिक नैतिक अपेक्षाओं का अनुपालन किया है और उन्हें सभी संबंधित और अन्य विषयों के साथ सूचित करते हैं जो हमारी स्वतंत्रता का वहन करने हेतु उचित माना जा सकता है, और जहां भी लागू हो, संबंधित सुरक्षा उपाय प्रदान करते हैं ।

जिन पर शासन का दायित्व है, उनके साथ सूचित विषयों से, हम उन विषयों का निर्धारण करते हैं जो वर्तमान अवधि के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा में सबसे अधिक महत्व रखते थे और इसलिए वे मुख्य लेखापरीक्षा विषय हैं । हम अपने लेखा-परीक्षा रिपोर्ट में इन विषयों का वर्णन करते हैं जब तक कि विधि अथवा विनियमन इस मामले के संबंध में सार्वजनिक प्रकटीकरण नहीं करता है अथवा अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, हम यह निर्धारित करते हैं कि हमारी रिपोर्ट में किसी विषय की सूचना नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि ऐसा करने से इसके प्रतिकूल परिणाम संचार के सार्वजनिक हित लाभ को प्रभावित करने की सम्भावना होगी ।

अन्य विषय

9. क) हमने बैंक के स्टैंड एलोन वित्तीय विवरणों शामिल 1930 शाखाओं के वित्तीय विवरणों/सूचना की लेखा परीक्षा नहीं की है, जिनके स्टैंड एलोन वित्तीय विवरण में दिनांक 31 मार्च 2020 को 1,04,072.50 करोड़ रु के कुल अग्रिम एवं समेकित वित्तीय विवरण में समाप्त वर्ष हेतु अबतक 11,328.61 करोड़ रु का कुल राजस्व प्रतिबिंबित होते हैं। इन शाखाओं के वित्तीय विवरण / सूचना की लेखा परीक्षा शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा की गई और जिनके रिपोर्ट हमें उपलब्ध कराए गए हैं, और हमारी राय में जहां तक शाखाओं की राशि और प्रकटन संबंधित हैं, पूर्णत: ऐसे शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

ख) हमने एक अनुषंगी, तथा दो संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरणों/सूचना की लेखा परीक्षा नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरण दिनांक 31 मार्च 2020 तक 4521.22 करोड़ रु की कुल आस्तियों एवं समेकित वित्तीय विवरण में समाप्त वर्ष हेतु अबतक 1038.48 करोड़ रु का कुल राजस्व तथा रु (-)25.99 करोड़ की निवल नगदी प्रवाह राशि को प्रतिबिंबित करते हैं। समेकित वित्तीय विवरण में 31 मार्च 2019 समाप्त वर्ष हेतु समूह की हिस्सेदारी के रूप में एक सहयोगी के संबंध में रुपये 25.73 का निवल लाभ भी शामिल है जिनके वित्तीय विवरणों/सूचनाओं की लेखा परीक्षा हमने नहीं किया है, जिसे समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है। एक अनुषंगी, दो संयुक्त उद्यम और एक एसोसिएट के वित्तीय विवरण/ सूचना और एक संयुक्त उद्यम के गैर- लेखा-परीक्षित वित्तीय विवरण/सूचना, जिनकी लेखा परीक्षा अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा की गई है और प्रबंधन द्वारा उनके रिपोर्ट हमें प्रस्तुत की गई है, उपर्युक्त अनुषंगी, संयुक्त नियंत्रण संस्थाएं और एसोसिएट के संबंध में राशि और प्रकटन के संबंध में समेकित वित्तीय विवरण पर हमारी राय, यद्पि उपर्युक्त समनुषंगी, संयुक्त नियंत्रित संस्थाओं और सहयोगियों से संबंधित है, पूरी तरह से अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

ग) हमने एक संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरणों/सूचना की लेखा परीक्षा नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरण दिनांक 31 मार्च 2020 तक 25.63 करोड़ रु की कुल आस्तियों एवं समेकित वित्तीय विवरण में समाप्त वर्ष हेतु अबतक 7.14 करोड़ रु का कुल राजस्व तथा रु 2.17 करोड़ की निवल नगदी प्रवाह राशि को प्रतिबिंबित करते हैं। ये वित्तीय विवरण गैर-लेखा परीक्षित हैं और प्रबंधन द्वारा उनके रिपोर्ट हमें प्रस्तुत की गई है, उपर्युक्त और समेकित वित्तीय विवरण पर हमारी राय, जहां तक इस संयुक्त उद्यम के संबंध में शामिल राशि और प्रकटन से संबंधित है, उपर्युक्त संयुक्त उद्यम के संबंध में हमारा रिपोर्ट ऐसे गैर-लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों पर पूर्णत: आधारित है। हमारी राय और प्रबंधन द्वारा हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार ये वित्तीय विवरण समूह के लिए तात्विक नहीं हैं।

किये गये कार्य और अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और प्रबंधन द्वारा प्रमाणित वित्तीय विवरणों पर हमारी निर्भरता के आधार पर उपर्युक्त मामलों के संबंध में समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय में कोई संशोधन नहीं है ।

अन्य कानूनी और विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

10. समेकित तुलन पत्र तथा समेकित लाभ एवं हानि खाता बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 में प्रावधान के अनुरूप तैयार किए गए हैं;

11. उक्त पैरा 5 से 8 में विनिर्दिष्ट लेखा परीक्षा की परिसीमा तथा बैंकिंग कंपनी (उपक्रम के अंतरण एवं अधिग्रहण) अधिनियम, 1970/1980 द्वारा अपेक्षित अनुसार तथा उसमें निहित प्रकटीकरण की परिसीमा की शर्तों के अनुरूप और बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949 की धारा 30 की उप-धारा (3) में अपेक्षा अनुसार हम निम्नलिखित रिपोर्ट करते हैं:

क) हमने लेखा परीक्षा के उद्देश्य से सभी आवश्यक सूचना तथा स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं जो हमारी उत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारी लेखा परीक्षा के प्रयोजनों के लिए आवश्यक हैं, और इन्हें संतोषजनक पाया गया है;

ख) हमारे नोटिस में आए बैंक का लेन-देन, बैंक की शक्तियों के भीतर हुए है; तथा

ग) बैंक के कार्यालयों और शाखाओं से प्राप्त रिटर्न हमारी लेखा परीक्षा के उद्देश्यों के लिए पर्याप्त पाए गए हैं।

12. **इसके अतिरिक्त हम रिपोर्ट करते है:**

क) हमारी राय में, उक्त समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने के संबंध में विधिक अपेक्षाओं के अनुरूप आवश्यक लेखा की यथोचित बहियाँ रखी गई हैं, जो इन बहियों की हमारी परीक्षा तथा अन्य लेखा परीक्षक/ प्रबंधन की रिपोर्ट प्रकट करते हैं।

ख) इस रिपोर्ट से संबंधित समेकित तुलन-पत्र, समेकित लाभ और हानि खाता और समेकित नकद प्रवाह विवरण की खाता-बहियाँ तथा अन्य लेखा परीक्षक/ प्रबंधन की रिपोर्ट के साथ मेल खाते हैं।

ग) अन्य लेखा परीक्षक/ प्रबंधन की रिपोर्ट हमें भेजी गई है और हमारे द्वारा इस रिपोर्ट को तैयार करने में उचित रूप से प्रस्तुत किया गया है; तथा

घ) हमारी राय में, समेकित तुलन पत्र, समेकित लाभ एवं हानि खाता तथा समेकित नकदी प्रवाह निर्धारित लागू लेखांकन मानकों के अनुरूप हैं जहां तक कि वे भारिबैंक द्वारा निर्धारित लेखा नीति के विसंगत न हो ।

13. "सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षकों की नियुक्ति - वित्तीय वर्ष 2019-20 से एससीए के लिए रिपोर्टिंग बाध्यता'' के संबंध में पत्र सं. डीओएस.एआरजी. नं.6270/08.91.001/2019-20 दि.17 मार्च 2020 और इसके साथ पठित भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा दि.19 मई 2020 को जारी संसूचना में अपेक्षा अनुसार, उपर्युक्त पत्र के पैराग्राफ 2 में विनिर्दिष्ट मामलों पर आगे रिपोर्ट निम्नानुसार है :

क) हमारी राय में, समेकित वित्तीय विवरण आईसीएआई द्वारा जारी लेखांकन मानकों के अनुरूप हैं, जहां तक कि वे भारिबैंक द्वारा निर्धारित लेखांकन निति के विसंगत न हो ।

ख) वित्तीय लेनदेन या मामलों पर कोई प्रेक्षण या टिप्पणी नहीं हैं, जिससे बैंक के कामकाज पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव पडता हो।

ग) भारत सरकार की अधिसूचना सीजी-डीएल-ई-04032020-216535 जीएसआर 154(ई) दि. 04 मार्च 2020 के अनुसार आन्ध्रा बैंक और कार्पोरेशन बैंक का समामेलन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ हुआ है और उक्त अधिसूचना की पैरा (5) के अनुसार भूतपूर्व आन्ध्रा बैंक का बोर्ड 01 अप्रैल 2020 से विगठित हो गया है और उक्त तिथि से सभी पूर्णकालिक निदेशक का पद-धारण समाप्त हो गया है, अत: हम इस बात पर टिप्पणी नहीं कर पा रहे हैं कि क्या कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 164 की उप धारा (2) के अंतर्गत क्या कोई निदेशक, निदेशक बनने के लिए अनर्हक है।

घ) खातों की रख-रखाव और अन्य मामलों के संबंध में कोई सापेक्ष, आरक्षण या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है; और

ङ) बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 19 मई 2020 को दी गई अनुमति के अनुसार चालू वर्ष के दौरान 'वित्तीय विवरण के संदर्भ में आंतरिक नियंत्रण' लागू नहीं करने के विकल्प का चयन किया है। तदनुसार हम इस संबंध में काई टिप्पणी नहीं कर रहे हैं।

कृते अग्रवाल एण्ड सक्सेना
सनदी लेखाकार
(फर्म पंजीकरण सं.002405सी)
(सीए अनिल के. सक्सेना)
साझेदार
एम. सं.071600
यूडीआईएन : 20071600AAAAAK6945
स्थान : कानपुर

कृते राय एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
(फर्म पंजीकरण सं.313124ई)
(सीए सुब्रत रॉय)
साझेदार
एम. सं.051205
यूडीआईएन : 20051205AAAAAS1903
स्थान : कोलकाता

कृते संतोष गुप्ता एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
(फर्म पंजीकरण सं.009713एन)
(सीए मनोज कुमार)
साझेदार
एम. सं.108603
यूडीआईएन : 20108603AAAABU9628
स्थान : मुंबई

कृते जी.एस. माधव राव एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
(फर्म पंजीकरण सं.0019075)
(जी मणिक्य प्रसाद)
साझेदार
एम. सं.020105
यूडीआईएन : 20020105AAAABQ7997
स्थान : हैदराबाद

स्थान : मुंबई
दिनांक : 23 जून 2020

जोखिम प्रबंधन

बासल III पूंजी विनियमावली एवं पिलर III के अंतर्गत प्रकटीकरण

बासल III पूंजी विनियमावली पर भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर परिपत्र दि. 1 जुलाई, 2015 के अनुसार बैंकों को बासल III पूंजी अपेक्षाएं के अंतर्गत पिलर 3 प्रकटीकरण करने की आवश्यकता है। बैंक ने उपर्युक्त प्रकटीकरण किए हैं जो बैंक के वेबसाइट पर निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध हैं:

https ://www.andhrabank.in/english/Regulatory.aspx

व्यवसाय उत्तरदायित्व रिपोर्ट 2019-20

भाग क : कंपनी के बारे में सामान्य जानकारी

1	कंपनी कार्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन)	लागू नहीं
2	कंपनी का नाम	आन्ध्रा बैंक
3	पंजीकृत पता	डॉ. पट्टाभि भवन, 5-9-11, सैफाबाद, हैदराबाद - 500 004.
4	वेबसाईट	www.andhrabank.in
5	ई-मेल आईडी	mbd@andhrabank.co.in
6	रिपोर्ट किया गया वित्तीय वर्ष	2019-20
7	कंपनी के कार्य-क्षेत्र (औद्योगिक क्रियाकलाप कूट-वार)	बैंकिंग
8	कंपनी के तीन मुख्य उत्पादों/सेवाओं को बताएं (तुलन-पत्र के अनुसार)	क) जमा ख) ऋण ग) निवेश
9	कुल स्थानों की संख्या जहां कंपनी के व्यापार कार्यकलाप किये जा रहे हैं	2874
i	अंतर्राष्ट्रीय स्थानों की संख्या (प्रमुख 5 के विवरण प्रस्तुत करें)	शून्य
ii	राष्ट्रीय स्थानों की संख्या	2874
10	कंपनी द्वारा सेवा प्रदान विपणन	पैन इंडिया

भाग ख : कंपनी के वित्तीय विवरण

1	प्रदत्त पूंजी (भारतीय रूपया)	₹ 3095.54 करोड़
2	कुल टर्न ओवर (भारतीय रूपया)	₹ 3,91,264 करोड़ (जमा ₹ 2,12,609 करोड़ तथा अग्रिम ₹ 1,78,655 करोड़)
3	कर के बाद कुल लाभ / **हानि** (भारतीय रूपया)	(₹ 1324 करोड़)
4	कर के बाद लाभ के प्रतिशत (%) के रूप में कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पर किया गया कुल व्यय	वर्ष 2019-20 हेतु अंशदान (सीएसआर) के अंतर्गत बजट का कोई आबंटन नहीं था क्योंकि बैंक मार्च, 2019 में समाप्त वर्ष हेतु हानि रिपोर्ट कर चुका था ।
5	उपर्युक्त 4 में किया गया व्यय के क्रियाकलापों की सूची	शून्य

भाग ग : अन्य विवरण

1	क्या कंपनी की अनुषंगी कंपनी / कंपनियाँ हैं ?	आन्ध्रा बैंक फिनांशियल सर्विसेज़ लिमिटेड
2	क्या अनुषंगी कंपनी पेरेंट कंपनी की बीआर पहलुओं में भाग लेती है ? यदि हाँ, तो उन कंपनी/कंपनियों की संख्या सूचित करें ।	जी नहीं ।
3	क्या अन्य संस्था/संस्थाएं (उदाहरण : आपूर्तिकर्ता, वितरणकार आदि), जिनके साथ कंपनी व्यापार करती है, कंपनी के बीआर पहलुओं में भाग लेते हैं ? यदि हाँ, तो उस संस्था/संस्थाओं के प्रतिशत सूचित करें ? [30% से कम, 30-60%, 60% से अधिक]	जी नहीं ।

भाग घ : बी आर सूचना

1. बीआर हेतु उत्तरदायी निदेशक/निदेशकों के विवरण

क. बीआर नीति/नीतियों के कार्यान्वयन हेतु उत्तरदायी निदेशक/निदेशकों के विवरण

डीआईएन संख्या	07984364
नाम	कूल भुषण जैन
पदनाम	कार्यपालक निदेशक

ख. बीआर प्रमुख के विवरण

क्रम सं.	विवरण	विवरण
1	डीआईएन संख्या (यदि लागू हो तो)	08413075
2	नाम	एम बी राजेन्द्र प्रसाद
3	पदनाम	महा प्रबंधक
4	दूरभाष संख्या	040-23252371
5	ई-मेल आईडी	mbd@andhrabank.co.in

2. सिद्धांत-वार (एनवीजी के अनुसार) बीआर नीति / नीतियां (हाँ / नहीं में उत्तर दें)

(क) अनुपालन का विवरण (हाँ/नहीं में उत्तर दें)

क्र. सं	प्रश्न	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी8	पी9
1 @	क्या आपके पास नीति/ नीतियां हैं	**हाँ** *	**हाँ** ^	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
2	क्या संबंधित हितधारकों के साथ परामर्श करते हुए नीति तैयार की जा रही है	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
3	क्या नीति किसी भी राष्ट्रीय / अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है?यदि हां, तो निर्दिष्ट करें?(50 शब्द(	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
4	क्या नीति को बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है? यदि हां, तो क्या यह एमडी / स्वामी/सीईओ/उपयुक्त बोर्ड निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित किया गया है ?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
5	क्या पॉलिसी के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए बोर्ड/निदेशक/आधिकारिक कंपनी की एक विशिष्ट समिति है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
6	नीति को ऑनलाइन देखने के लिए लिंक का संकेत मिलता है?	**हाँ**	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	हाँ	हाँ
7	क्या नीति औपचारिक रूप से सभी प्रासंगिक आंतरिक और बाह्य हितधारकों को भेजी गई है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
8	क्या पॉलिसी/नीतियों को लागू करने के लिए कंपनी की आंतरिक संरचना है ?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
9	क्या नीति/ नीतियों से संबंधित हितधारकों की शिकायतों को दूर करने के लिए नीति/ नीतियों से संबंधित कंपनी की शिकायत निवारण तंत्र है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
10	क्या कंपनी ने आंतरिक या बाह्य एजेंसी द्वारा इस नीति के काम का स्वतंत्र लेखा परीक्षा/मूल्यांकन किया है?	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं

@ बैंक द्वारा कई नीतियाँ औपचारिक रूप से स्थापित की जाती हैं जो बैंक में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न कार्यों का संचालन करती हैं ।यद्यपि, उसी समय, बैंक द्वारा समय-समय पर जारी विभिन्न दिशा-निर्देश होते हैं, जो ऑपरेटिंग इकाइयों के साथ-साथ नीतियों पर औपचारिक रूप से लागू होते हैं । इसी तरह, बैंक नियामकों, संबद्ध संघों और अन्य विधियों द्वारा बैंकिंग कार्यों को पूरा करते हुए तैयार की गई नीतियों को भी कार्यान्वित करता है ।

विभिन्न दिशा-निर्देशों और नीतियों को तैयार करते समय, नीतियों को हितधारकों के विचार/प्रतिक्रिया पर विचार किया जाता है।

* सिद्धांत 1 के अंतर्गत, बैंक मुख्यत: सीवीसी दिशा-निर्देशों का पालन करता है, जैसा कि केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी सतर्कता मैनुअल में होता है ।(लिंक: http://cvc.nic.in/ man04.pdf)

^ सिद्धांत 2 के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों को बैंक की ऋण नीति द्वारा शासित किया जाता है जो कि आंतरिक उपयोग के लिए ही है और इसलिए, ऑनलाइन नहीं देखा जा सकता है ।

क्रम सं. 3: बैंक द्वारा अनुपालन की जा रही सभी नीतियां विभिन्न नियामकों और भारतीय रिजर्व बैंक, वित्त मंत्रालय, सेबी, भारत के संविधान, कानूनी अधिनियम आदि जैसे वैधानिक निकायों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप हैं । अत:, वे राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हैं ।

लिंक: www.andhrabank.in

2.ख.यदि क्रम सं. 1 का जवाब किसी भी सिद्धांत के प्रति नहीं है, तो क्यों, कृपया समझाएं: ((2 विकल्प तक टिक करें)

क्र. सं.	प्रश्न	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी8	पी9
1	कंपनी सिद्धांतों को समझ नहीं पाई है ।	पी 7 के लिए नीति न होने का कारण								
2	कंपनी निर्धारित सिद्धांतों पर नीतियाँ बनाने तथा कार्यान्वित करने की स्थिति में नहीं है ।	पी 7 के लिए कोई नीति नहीं है क्योंकि बैंक सार्वजनिक और विनियामक निकायों को प्रभावित करने में प्रत्यक्ष रूप से नहीं जुड़ा है। तथापि, बैंक ऽबैंकिंग सिस्टमरु के संबंध में नीति निर्माताओं / नियामकों के साथ जुड़ा हुआ है।								
3	कंपनी के पास लक्ष्य की प्राप्ति हेतु वित्तीय या जनशक्ति संसाधन उपलब्ध नहीं हैं।									
4	यह अगले 6 महीनों के अंदर किये जाने की योजना है ।									
5	यह अगले 1 वर्ष के अंदर किये जाने की योजना है ।									
6	कोई अन्य कारण (कृपया स्पष्ट करें)									

3. बीआर से संबंधित गवर्नेंस

- निदेशक मंडल,बोर्ड की समिति या सीईओ द्वारा कंपनी के बी आर कार्यनिष्पादन का आकलन करनेकी अंतराल अवधि का उल्लेखकरें।3 महीने के अंदर, 3-6 महीने, वर्ष में एक बार, एक वर्ष से भी अधिक
  --- वर्ष में एक बार ---
- क्या कंपनी बीआर या एक वहनीय रिपोर्ट प्रकाशितकरती है? इस रिपोर्ट को देखने का हाइपरलिंक क्या है? यह कितनी बार प्रकाशित होती है ?

  हाँ, बीआर रिपोर्ट www.andhrabank.in पर देखी जा सकती है ।

  यह वर्ष में एक बार प्रकाशित होती है ।

भाग ङ: सिद्धांत-वार कार्यनिष्पादन

सिद्धांत 1

1. क्या नैतिकता, रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार से संबंधित नीति केवल कंपनीको कवर करती है ? हाँ/नही। क्या यह समूह/ संयुक्त उपक्रम/ आपूर्तिकर्ता/ ठेकेदार गैर-सरकारी संगठन/अन्य के लिए विस्तारित है?

   उत्तर : "व्यवसायों को आचार, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के साथ स्वयं को शासन करना चाहिए''।

   हाँ, इसमें बैंक और संयुक्त उद्यम/आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों को शामिल किया गया है ।

   बैंककारी कंपनी) उपक्रमों का अर्जन और अंतरण(अधिनियम, 1980 के तहत नए बैंक के रूप में आन्ध्रा बैंक का गठन किया गया है।

   बैंक को मजबूत नैतिक मूल्यों पर स्थापित किया गया है तथा अपने ईमानदार और विवेकपूर्ण नेतृत्व द्वारा आगे बढ़ाया गया है । वित्तीय सत्यनिष्ठा, व्यवसायिक समझदारी, सावधानी और लोगों की गाढ़ी कमाई की बचत के लिए एक स्थायी देखभाल और चिंता करते हुए बैंक सामाजिक जिम्मेदारी की एक गहरी समझ के साथ एक ग्राहक केंद्रित संगठन बनाने के लिए और विश्व स्तर के मानकों के कार्यनिष्पादन को प्राप्त करने के लिए लगातार तकनीक का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध है ।

   बैंक में "विसल ब्लोअर'' की नीति है तथा भ्रष्टाचार, अनाचार, गबन और निधियों का दुर्विनियोजन की जांच हेतु सतर्कता प्रक्रियाएं निम्नानुसार हैं:

   1) सभी अधिकारियों द्वारा वार्षिक आस्तियों औरदेयताओंका विवरण प्रस्तुत करना

   2) **संदेहास्पद सत्यनिष्ठा वाले अधिकारियों की सूची :**

      सीवीसी दिशा-निर्देशों के अनुसार, संदिग्ध सत्यनिष्ठा के अधिकारियों की सूची वर्ष में एक बार तैयार/समीक्षा की जाती है ।

   3) **उपर्युक्त सूचियों में सूचित अधिकारियों की तैनाती :**

      मानव संसाधन विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जाता है कि उपर्युक्त सूचियों में सूचित अधिकारियों को संवेदनशील कार्य में तैनात नहीं किया जाता है । सतर्कता विभाग द्वारा इसकी निगरानी की जाती है ।

   4) **कर्मचारियों का रोटेशन :**

      बैंक में संवेदनशील पदों में कर्मचारियों के रोटेशन की निगरानी की जाती है तथा मासिक रिपोर्ट में केंद्रीय सतर्कता आयोग को जानकारी प्रस्तुत की जाती है ।

   5) आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के मामले में अनुबंधों को प्रदान करते समय सीवीसी दिशानिर्देशों का पालन किया जाता है ।

2. पिछले वित्तीय वर्ष में कितने शेयरधारक की शिकायतें प्राप्त हुई हैं और प्रबंधन द्वारा किस प्रतिशत तक संतोषपूर्वक समाधान किया गया है ? यदि हां, तो लगभग 50 शब्दों में विवरण प्रस्तुत करें ।

